

# हरिभूमि




मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025


### मुख्यमंत्री ने हमीदिया अस्पताल में किया सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन का लोकार्पण

# मप्र का 'स्वास्थ्य मॉडल' आज पूरे देश में एक उदाहरण



### अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज बनाने एक रुपए में दी जा रही 25 एकड़ जमीन

### अब तक चार मेडिकल कॉलेजों को इस योजना के तहत जमीन दी जा चुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश का स्वास्थ्य मॉडल आज पूरे देश में एक उदाहरण के रूप में काम कर रहा है। हमने अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित करने के लिए एक नया मॉडल अपनाया है, जिसमें 25 एकड़ जमीन मात्र एक रुपए में उपलब्ध कराई जा रही है। यह देश का पहला ऐसा मॉडल है। अब तक चार मेडिकल कॉलेजों को इस योजना के तहत जमीन दी जा चुकी है और जल्द ही इनका शुभारंभ भी होगा।



#### मप्र में 40 से अधिक मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री ने बताया कि मप्र में 40 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं, जो हमारी सरकार की स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जाए। यदि मरीज की स्थिति गंभीर है, तो पहले घंटे में इलाज के लिए सरकार द्वारा 25 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

### छह करोड़ रु. में सीटी स्कैन तो 18 करोड़ से लगी एमआरआई

- *हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने बताया कि अस्पताल ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए भवन ब्लॉक-1 में छह करोड़ रुपए की सीटी स्कैन और 18 करोड़ रुपए की एमआरआई मशीनें स्थापित की हैं। इन्हें इमरजेंसी विभाग के ठीक पीछे लगाया गया है, ताकि गंभीर मरीजों की जांच तुरंत की जा सके।*
- *सीटी स्कैन मशीन वॉल्यूमेट्री, फ्यूजन और पर फ्यूजन जैसी आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है।*
- *एमआरआई मशीन में डेडिकेटेड ब्रेस्ट कॉइल्स हैं, जिससे ब्रेस्ट कैंसर की गहन जांच आसान होगी।*
- *दोनों मशीनें फास्ट स्क्रीनिंग में सक्षम हैं और हृदय रोगों की उन्नत जांच के लिए हाई-क्वालिटी कार्डियक पैकेज उपलब्ध कराती हैं।*






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर रोक नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लेते हुए कहा कि उसकी ओर से उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर कोई रोक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस अदालत ने गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उचित आदेश पारित करना दिल्ली हाईकोर्ट पर निर्भर है। फिल्म राजस्थान के दर्जी कन्हैयालाल के मर्डर पर आधारित होने का दावा करते हुए इसका विरोध किया जा रहा है। मामले को दिल्ली हाईकोर्ट भेजा है। याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट में दलीलें देने को कहा है। हाईकोर्ट से सोमवार को ही सुनवाई करने को कहा गया है।



### 28 को लोकसभा और 29 को राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर होगी चर्चा

# राजनाथ, शाह, जयशंकर रखेंगे सरकार का पक्ष, प्रधानमंत्री भी ले सकते हैं हिस्सा

रिजिजू ने बताया कि राज्यसभा में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग के प्रस्ताव के लिए विपक्ष की ओर से प्रायोजित नोटिस को उच्च सदन में स्वीकार नहीं किया गया है, जिससे निचले सदन में इस प्रक्रिया को शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में होगी। सोमवार यानी 28 जुलाई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। चर्चा में भाग लेने वाले अन्य मंत्रियों में गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी शामिल हैं। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और निशिकांत दुबे भी इसमें भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चर्चा में हिस्सा ले सकते हैं। ऐसे ही राज्यसभा में 29 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी।

स्पीकर ओम बिरला ने संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को जारी रखने की अपील की और कहा कि सभी सांसदों को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों पर बहस करनी चाहिए

सर्वदलीय बैठक में सदन चलाने पर बनी सहमति, लोकसभा में सोमवार से नियमित होगी कार्यवाही

21 जुलाई से शुरू हुआ मानसून सत्र लगातार हंगामे के चलते एक भी दिन सुचारु रूप पर नहीं चल सका

#### दोनों सदनों में इस विषय पर 16 घंटे की चर्चा होगी



**केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी मुद्दों पर एक साथ चर्चा नहीं हो सकती**

***पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। उसके बाद हम तय करेंगे कि किन मुद्दों पर चर्चा होगी?***

#### न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा

रिजिजू ने बताया कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा। हमें किसी भी संदेह में नहीं रहना चाहिए। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही लोकसभा में शुरू होगी। राज्यसभा में इसी तरह के प्रस्ताव के लिए विपक्ष की ओर से प्रायोजित नोटिस को उच्च सदन में स्वीकार नहीं किया गया है, जिससे निचले सदन में इस प्रक्रिया को शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।

**न्यायाधीश (जांच) अधिनियम क्या कहता है?** न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के अनुसार, लोकसभा में कार्यवाही समाप्त होने के बाद कार्यवाही राज्यसभा में स्थानांतरित की जाएगी। सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के 150 से अधिक सांसदों ने लोकसभा में नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे।

#### विपक्षी दलों से संसद की कार्यवाही बाधित न करने का आग्रह

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मानसून सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने मांग की थी कि ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। सरकार ने कहा कि हम इस पर चर्चा के लिए तैयार हैं। विपक्ष पहले दिन से ही संसद में हंगामा कर रहा है। संसद के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। सदन को चलने नहीं दे रहा है। संसद के मानसून सत्र के पहले हफ्ते में हम केवल एक विधेयक पारित कर पाए हैं। मैं सभी विपक्षी दलों से संसद की कार्यवाही बाधित न करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मुद्दों पर एक साथ चर्चा नहीं हो सकती। विपक्ष ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया समेत कई मुद्दे उठाए हैं। हमने उन्हें बताया है कि पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। उसके बाद हम तय करेंगे कि किन मुद्दों पर चर्चा होगी।

### *छत टपक रही थी फिर भी उनको कमरे में ही बैठाए रखा*



# 'प्रार्थना' के वक्त 'मौत'

### झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से 8 बच्चों की मौत, 5 शिक्षक निलंबित

***करीब 27 बच्चे घायल, इनमें से 8 की हालत गंभीर***

***गांव वालों ने मलबे से बच्चों को निकाला***

- जिस कक्षा में हादसा हुआ उसमें करीब 30-35 बच्चे थे
- हद है-शिक्षा मंत्री ने इस घटना को कांग्रेस का पाप बताया

एजेंसी ⏭ झालावाड़

राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में शुक्रवार सुबह स्कूल की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग की छत अचानक गिर गई, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रार्थना सभा के दौरान हुई इस घटना में 8 बच्चों की मौत हो गई है।शिक्षा विभाग ने पांच शिक्षकों को निलंबित किया है। हादसा उस वक्त हुआ जब प्रार्थना चल रही थी। हादसे के समय स्कूल के शिक्षक भवन के बाहर थे। जबकि छात्र स्कूल भवन के अंदर प्रार्थना कर रहे थे। इस वजह से शिक्षक हादसे का शिकार नहीं हुए हैं। इस हादसे में करीब 27 बच्चे घायल हुए हैं । इनमें से 8 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल बच्चों को झालावाड़ के अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। स्कूल की छत गिरने के बाद गांव वालों ने मलबे से बच्चों को निकालना शुरू किया। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद ली गई। स्कूल की छत काफी समय से जर्जर हो रही थी और लगातार हो रही भारी बारिश के बाद छत के गिरने का अंदेशा भी बना हुआ था।

#### *जर्जर स्कूल की शिकायत भी की गई थी*

*घटना के चश्मदीद बनवारी ने बताया कि बच्चे स्कूल में जाकर बाहर वापस बाहर निकलने लगे थे। फिर उनको स्कूलों में जबरन अंदर भेजा गया। इसके बाद भवन की छत भरभराकर गिर गई। बच्चे उसी में दब गए। स्कूल जर्जर था। हम गांव वालों ने शिकायत भी की थी। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद भी बच्चों को स्कूल में बैठाया जा रहा था। जिस कक्षा में हादसा हुआ उसमें करीब 30-35 बच्चे थे। शिकायत करने पर कहा कि पंचायत बनवाएगी भवन। सब एकदूसरे पर टालते रहे।*

#### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, मदद का दिया आश्वासन

झालावाड़ स्कूल हादसे में बच्चों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख प्रकट किया। एक्स के माध्यम से पीएम ने कहा कि दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। साथ ही प्रधानमंत्री ने हर संभव मदद की बात भी कही।

### विरोध के बावजूद चुनाव आयोग का ऐलान

## अब पूरे देश में होगा मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में किए जा रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विपक्ष द्वारा संसद से लेकर सड़क तक विरोध किया जा रहा है। भारी विरोध के बावजूद चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा है कि देशभर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम अब शुरू करने का फैसला किया गया है और जल्द ही इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। चुनाव आयोग ने बीती 24 जून को ही इस संबंध में आदेश जारी कर दिया था और कहा था कि संवैधानिक कर्तव्य के तहत और मतदाता सूची की अखंडता और सुरक्षा के लिए यह मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का काम किया जाएगा। अब चुनाव आयोग ने उसकी शुरुआत कर दी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मतदाता सूची की अखंडता को बनाए रखना निष्पक्ष और मुक्त चुनाव के लिए आधारभूत जरूरत है। जनप्रतिनिधि कानून, 1950 और रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टोरल रूल्स, 1960 के तहत योग्यता, मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया और तरीके की जानकारी दी गई है।

#### जल्द जारी हो सकता है इसका शेड्यूल

#### एसआईआर पर क्यों हो रहा विवाद?

पिछले महीने 24 जून को निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्देश दिया था। यह 25 जून से 26 जुलाई 2025 के बीच होना है। चुनाव आयोग का कहना है कि मतदाता सूची में फर्जी, अयोग्य और दो जगहों पर पंजीकृत मतदाताओं को हटाने के उद्देश्य से पुनरीक्षण किया जा रहा है। वहीं विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि चुनाव आयोग इस विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए पिछले दरवाजे से लोगों की नागरिकता की जांच कर रहा है। साथ ही विपक्ष का आरोप है कि इसकी आड़ में बड़े पैमाने पर लोगों से मतदान का अधिकार छीना जा सकता है। हालांकि, चुनाव आयोग ने आश्वासन दिया है कि अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर हो जाए, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि उसकी नागरिकता समाप्त हो गई है।

### केंद्रीय कर्मियों के लिए राहत भरी खबर

## बुजुर्ग माता-पिता की सेवा के लिए हर साल मिलेगी 30 दिन की छुट्टी

कर्मचारी 20 दिन का अवकाश आधे वेतन के साथ ले सकेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्रीय कर्मी अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल सहित किसी भी व्यक्तिगत कारण का हवाला देकर हर साल अन्य पात्र अवकाशों के अलावा 30 दिन की अतिरिक्त छुट्टी ले सकते हैं। ये पात्र अवकाशों के अलावा प्रति वर्ष 30 दिन के अर्जित अवकाश के रूप में होगी। इसके अलावा कर्मचारी 20 दिन का अवकाश आधे वेतन के साथ ले सकते हैं। केंद्रीय कर्मियों को 8 दिन का आकस्मिक अवकाश और 2 दिन का प्रतिबंधित अवकाश लेने की भी छूट है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 में अन्य पात्र छुट्टियों के अलावा, केंद्र सरकार के कर्मचारियों को प्रति वर्ष 30 दिन की अर्जित छुट्टी, 20 दिन की आधे वेतन की छुट्टी, 8 दिन की आकस्मिक छुट्टी और 2 दिन की प्रतिबंधित छुट्टी का प्रावधान है। इसका लाभ वे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल सहित किसी भी व्यक्तिगत कारणों से उठा सकते हैं।



मंत्री ने एक सवाल पर राज्यसभा में दी जानकारी

### *प्रधानमंत्री मोदी ने तोड़ा इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड*

# 'सबसे लंबे समय' तक पद पर रहने वाले दूसरे पीएम बने

### पीएम मोदी ने पूरा किया 4078 दिन का कार्यकाल, हालांकि जवाहर लाल नेहरू अभी भी इस मामले में सबसे आगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी से लगातार पीएम बने रहने के मामले में इंदिरा गांधी को पीछे कर दिया है। दरअसल, इंदिरा गांधी ने 4077 दिनों तक लगातार प्रधानमंत्री पद का कार्यकाल संभाला था। पीएम मोदी शुक्रवार को इससे आगे निकल गए। इसके साथ ही अब वह दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं, जो लगातार इतने लंबे समय तक पीएम बने रहे। फिलहाल पीएम मोदी का कार्यकाल अभी भी जारी है। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू अब भी सबसे आगे हैं। वहीं स्वतंत्र भारत में जन्मे पहले प्रधानमंत्री मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। दरअसल, नरेंद्र मोदी शुक्रवार को इंदिरा गांधी को पीछे छोड़कर लगातार सबसे लंबे समय तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले दूसरे शख्स बन गए हैं।

इंदिरा गांधी 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक लगातार 4,077 दिनों तक प्रधानमंत्री रही थीं। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी को जीत दिलाने के मामले में नरेंद्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। नरेंद्र मोदी 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने और 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने से पहले तक इस पद पर बने रहे।





#### ये रिकॉर्ड भी पीएम मोदी के नाम

*वहीं आजादी के बाद जन्मे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। गुजरात में जन्मे नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार के मुखिया के रूप में दो पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले एकमात्र गैर-कांग्रेसी नेता भी हैं। एक अधिकारी ने कहा, मोदी भारत के सभी प्रधानमंत्रियों और मुख्यमंत्रियों में से एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्होंने एक पार्टी के नेता के रूप में लगातार छह चुनाव जीते हैं। इसमें 2002, 2007 और 2012 में गुजरात विधानसभा चुनाव और 2014, 2019 और 2024 में लोकसभा चुनाव शामिल हैं।*


विंध्य की विरासत से समृद्ध होगी
मध्यप्रदेश पर्यटन की पहचान
मध्यप्रदेश पर्यटन
क्षेत्रीय पर्यटन कॉन्क्लेव
26-27 जुलाई, 2025 | रीवा
अद्भुत वन्यजीवन-अनोखे गंतव्य
शुभारंभ
सायं 6:00 बजे। कृष्ण राज कपूर ऑडिटोरियम, रीवा, मध्यप्रदेश
एवं
कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम
सायं 5:00 बजे। सैनिक स्कूल परिसर, रीवा
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
पर्यटन विकास को नए आयाम
होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्रों में निवेश करने वाले 6 प्रमुख निवेशकों को प्रदान किए जाएंगे 'लेटर ऑफ अवॉर्ड'
पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में संचालित 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' की बुकिंग अब जुड़ेगी IRCTC पोर्टल से
ग्रामीण होम-स्टे अब मेक माय ट्रिप, यात्रा, ईज़ माय ट्रिप जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवल एजेंसियों से जुड़ेंगे
2 प्रमुख डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों, Barcode Experiential और Qyuki Digital के साथ रणनीतिक साझेदारी हेतु एमओयू
शहडोल में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट का उद्घाटन युवाओं को मिलेंगे रोज़गार के अवसर
कला और हस्तशिल्प केंद्र स्थापित करने के लिए ग्राम सुधार समिति एमएम फाउंडेशन और समर्थ संस्था के साथ होगा अनुबंध
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP
D-11071/25

जबलपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025 ■ श्रावण मास शुक्ल पक्ष-02 ■ वर्ष : 20, अंक : 87 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 27 न्यून.24 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सिंगरौली में बाढ़

### आज 19 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

# सिंगरौली के माडा में 50 साल का रिकॉर्ड टूटा, 7 इंच बारिश, आज स्कूलों में छुट्टी

**राजघाट डैम के 12 गेट खोले, एमपी-यूपी का हाईवे बंद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर जारी है। जिससे भोपाल, ग्वालियर समेत कई जिलों में शुक्रवार सुबह से हल्की और तेज बारिश का दौर जारी रहा। शुक्रवार को प्रदेश के 37 से अधिक जिलों में मध्यम और तेज बारिश का सिलसिला जारी रहा। सीधी में 9 घंटे में ही 4.8 इंच पानी गिर गया। वहीं, सिंगरौली में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके चलते सिंगरौली के स्कूलों में शनिवार को छुट्टी रहेगी। सिंगरौली जिले में बीती रात 3:00 बजे से लेकर अब तक रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है।



- ग्वालियर में सबसे ज्यादा 3.7 इंच बारिश
- डिंडौरी में नर्मदा घाट पर मंदिर डूबे

**विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सरकारी बंगले में पानी भर गया**

#### 37 जिलों में अलर्ट

शनिवार को भी 19 जिलों में अति भारी और 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि प्रदेश में दो द्रोणिका और दो पश्चिमी विक्षोव सक्रिय हैं।

#### कहां-कितना पानी गिरा?

पिछले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर में सबसे ज्यादा 3.7 इंच पानी गिरा। रायसेन में 2.4 इंच, पचमढ़ी में 1.9 इंच, सिवनी में 1.6 इंच, भोपाल, दतिया-मलाजखंड में 1.1 इंच बारिश दर्ज की गई।

#### छिंदवाड़ा में 20 गांवों से संपर्क टूटा

छिंदवाड़ा जिले के हर्रई विकासखंड में लगातार 12 घंटे से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कट्टा नदी और नाले उफान में होने की वजह से करीब 20 गांवों से संपर्क टूट गया है।

#### ये हैं हालात?

*तवा डैम के गेट सीजन में पहली बार खुले*

*जबलपुर में बरगी डैम के दो गेट और खोले गए हैं। इससे पहले 5 गेट खोले गए थे। अब कुल 7 गेटों से 40,259 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बैतूल के सारणी में सतपुड़ा डैम के भी 7 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। मुरैना जिले में पगारा डैम का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर 655.88 फीट तक पहुंच गया है। इसके सभी 6 ऑटोमैटिक गेट खुल गए हैं।*


## खबर संक्षेप

### उमा कांजीलाल बनीं इग्नू की पहली महिला कुलपति



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की नई कुलपति प्रोफेसर उमा कांजीलाल को नियुक्त किया गया है। वह इग्नू की पहली महिला कुलपति नियुक्त हुईं। यह जानकारी शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के द्वारा साझा की गई है। प्रोफेसर उमा कांजीलाल ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय की कुलपति के रूप में पदभार संभाल लिया। वह 25 जुलाई 2024 से कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यरत थीं।

### सहारा प्रमुख के बेटे के खिलाफ एफआईआर




**भोपाल।** भोपाल, जबलपुर और कटनी सहित अन्य स्थानों पर निवेशकों की 72.82 करोड़ की राशि के गबन मामले में ईओडब्ल्यू ने सहारा प्रमुख के बेटे सीमांतो राय, कंपनी के डीजीएम जेबी राय, डिप्टी मेनेजिंग वर्कर ओपी श्रीवास्तव सहित अन्य अफसरों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। ईओडब्ल्यू ने इस मामले की जांच में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं, और निवेशकों की राशि के दुरुपयोग का मामला पाया था।

### सैटेलाइट इंटरनेट की सेवाएं 140 देशों में बंद



**नई दिल्ली।** स्टारलिंक जो एलन मस्क की स्पेसएक्स द्वारा संचालित सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवा है, शुक्रवार को एक बड़े स्तर की आउटेज का शिकार हो गई। यह सेवा दुनिया के 140 से अधिक देशों में अपनी उच्च विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है, लेकिन अचानक इसकी सेवाएं ठप हो गईं, जिससे लाखों यूजर्स को इंटरनेट एक्सेस नहीं मिल पाया। वजह आंतरिक सॉफ्टवेयर में गंभीर खराबी रही।

### प्रधानमंत्री मोदी की मालदीव यात्रा के दौरान नए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# भारत के सहारे मालदीव का विकास दिया 4,850 करोड़ रुपए का लोन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मालदीव के दौरे पर हैं। मालदीव द्वारा उन्हें स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जब प्रधानमंत्री मोदी माले एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी का यह तीसरा मालदीव का दौरा है। मुइज्जू के कार्यकाल के दौरान किसी भी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा है।

यह यात्रा दोनों देशों के लिए काफी अहम माना जा रहा है। भारत ने प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा के दौरान नए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत मालदीव को 4,850 करोड़ की लोन सहायता प्रदान किया है। यह कदम भारत और मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस वित्तीय सहायता के तहत मालदीव को विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन मुहैया कराए जाएंगे, जिससे मालदीवकी आर्थिक स्थिरता और विकास दर में सुधार होगा।

*भारत और मालदीव के बीच मुक्त व्यापार समझौता (आईएमएफटीए) पर बातचीत भी शुरू हो चुकी है। आईएमएफटीए के माध्यम से मालदीव के कई उत्पादों को भारत के बाजार में प्रवेश मिलेगा, जबकि भारत के उत्पाद भी मालदीव में अधिक कॉम्पिटिटिव बनेंगे*

- *भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित ऋणों की वार्षिक पुर्नभुगतान बाध्यता में छूट*
- *हुलहुमाले में 3300 सामाजिक आवास इकाइयों का हस्तांतरण*

**मालदीव को 72 सैन्य वाहन की सहायता भी मिलेगी**

**6 हाई-इम्पैक्ट सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन**



अड्डू शहर में सड़क और जल निकासी प्रणाली परियोजना का उद्घाटन



**उद्घाटन और हस्तांतरण कार्यक्रम**

*भारत की बायर्स क्रेडिट सुविधा के अंतर्गत निर्मित 3,300 सामाजिक आवास इकाइयों का सफलतापूर्वक हस्तांतरण किया गया। ये आवासीय इकाइयां मालदीव के लोगों के लिए किफायती और सुरक्षित रहने की व्यवस्था प्रदान करेंगी, जिससे स्थानीय समुदाय का जीवन स्तर बेहतर होगा। इसी दौरान, मालदीव के आड्डू सिटी में सड़क एवं जलनिकासी परियोजना का भी भव्य उद्घाटन हुआ। इस परियोजना से आड्डू सिटी के निवासियों को बेहतर सड़क संपर्क और जल निकासी की प्रणाली मिलेगी। भारत ने मालदीव में 6 उच्च-प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया।*

प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

#### भारत मालदीव का सबसे भरोसेमंद मित्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि भारत, मालदीव का सबसे निकटतम और विश्वासपात्र पड़ोसी है। मालदीव न केवल भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी का अहम हिस्सा है, बल्कि महासागर विज़न में भी एक विशेष स्थान रखता है। भारत को इस बात पर गर्व है कि वह मालदीव का सबसे भरोसेमंद मित्र रहा है। एक ऐसा मित्र जो हर संकट की घड़ी में सबसे पहले साथ खड़ा होता है। चाहे प्राकृतिक आपदा हो या महामारी जैसी चुनौती, भारत ने हमेशा फर्स्ट रिस्पॉन्डर की भूमिका निभाई है।

### 150 घरों में जांच में 64 मरीज मिले

# श्योपुर में उल्टी-दस्त से 4 लोगों की मौत, 10 की हालत गंभीर

- ***कराहल बीएमओ सुरेश सोनी को सस्पेंड करने का प्रस्ताव कमिश्नर को भेजा***

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले से करीब 56 किमी दूर कराहल तहसील की सहरिया आदिवासियों की बस्ती में गुरुवार रात को उल्टी-दस्त से 2 साल के बच्चे की मौत हो गई। यहां पिछले 10 दिनों में उल्टी-दस्त से तीन बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 लोगों की हालत नाजुक है।

पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे



4 लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग और पंचायत के अफसर सक्रिय हुए। गांव में मौतों के कारण जानने के लिए पानी के सैंपल कलेक्ट जांच के लिए भेजे गए। आसपास की गंदगी को भी साफ कराया गया। बस्ती के साथ ही पूरे गांव में पंचायत की सफाई टीम ने दिनभर गंदगी हटाई।

### विधानसभा अध्यक्ष के स्थायी आदेश के तहत लगाई रोक


# विधानसभा परिसर में नारेबाजी प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे विधायक

- ***कांग्रेस का विरोध, नहीं बंद कर सकते विधायकों का मुंह बंद***

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

विधानसभा के 28 जुलाई से प्रारंभ हो रहे सत्र के दौरान विधायक अब विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। विधानसभा अध्यक्ष के स्थायी आदेश 94(2) के तहत विधायकों के विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन करने पर रोक लगाई गई है।

किसी को गाड़ी में बैठा कर न लाएं विधायक



*विधायकों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे सत्र के दौरान विधानसभा भवन में किसी गैर या बिना प्रवेश पत्र धारी व्यक्ति को अपने साथ वाहन में बैठाकर या पैदल विधानसभा परिसर और सदन की लॉबी में प्रवेश न कराएं। सभी मंत्रियों और विधायकों की ड्यूटी में तैनात अंगरक्षकों के साथ ही बड़े हथियार धारी अंगरक्षकों का सत्रावधि में प्रवेश वर्जित रहेगा।*

### मृत्युदंड के प्रावधान पर केंद्र चिंतित

## राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक ममता सरकार को 'वापस' भेजा



गृह मंत्रालय ने विधेयक के कई प्रावधानों को समस्या से ग्रस्त बताया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भारतीय न्याय संहिता में प्रस्तावित बदलावों पर केंद्र की ओर से उठाई गई गंभीर आपत्तियों पर विचार के लिए अपराजिता विधेयक को राज्य सरकार को वापस भेज दिया है। केंद्र ने पाया कि सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत दुष्कर्म की सजा में बदलाव की सिफारिश करता है, जो अत्यधिक कठोर और असंगत हैं।

### हज यात्रा के नियमों में फिर बड़ा बदलाव

## पति और पत्नी अब एक साथ एक कमरे में नहीं रह सकेंगे



पुरुष महिला के कमरे में जा भी नहीं सकता

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब सरकार ने हज यात्रा 2026 के लिए नए नियम जारी किए हैं जिसके अनुसार पति-पत्नी को हज यात्रा के दौरान एक ही कमरे में रहने की अनुमति नहीं होगी। महिला और पुरुष यात्रियों को अलग-अलग कमरों में ठहराया जाएगा और पुरुषों को महिलाओं के कमरों में जाने की अनुमति नहीं होगी। यह फैसला सऊदी सरकार ने लिया है। इस बार महिला और पुरुष आजमीन को अलग-अलग कमरों में ठहराया जाएगा। सऊदी अरब सरकार ने महिला और पुरुष हज यात्रियों को एक ही कमरे में ठहराए जाने की व्यवस्था इस बार खत्म कर दी है। पुरुषों को महिला आजमीन के कमरों में जाने की भी अनुमति नहीं होगी।

### बच्चे की मां बना रही थी नमकीन

## ढाई साल का बच्चा खौलते तेल में गिरा गया, चली गई जान



खौलता हुआ तेल निकालकर एक टंकी में रख दिया था

**कटनी।** उमरिया जिले के चंदिया नगर में शुक्रवार सुबह ढाई वर्षीय हितेश साहू खेलते समय खौलते तेल में गिर गया। घटना उस समय हुई जब बच्चे की मां बिमला साहू नमकीन बना रही थीं। नमकीन बनाने के बाद बिमला ने कड़ाही से खौलता हुआ तेल निकालकर एक टंकी में रख दिया था। इसी दौरान खेलते हुए हितेश अनजाने में उस गर्म तेल की टंकी में गिर गया। बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। परिवार वाले हितेश को गंभीर हालत में निकालकर तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए। बच्चे की हालत की गंभीरता को देखते हुए, निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान गंभीर रूप से जलने के कारण उसकी मौत हो गई।

### 25 जुलाई को डॉ. सिंह को कॉल आया

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह को जान से मारने की धमकी



- **शख्स बोला... तू जल्द मरने वाला है, डीजीपी से की शिकायत**

**भिंड।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। उत्तर प्रदेश के एक शख्स ने 25 जुलाई को डॉ. सिंह को फोन किया और उनको जान से मारने की धमकी के साथ उनका मकान तोड़ने की बात भी कही। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ. गोविंद सिंह ने प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। सिंह ने पत्र में बताया है कि 25 जुलाई को सुबह 9.10 बजे उनके फोन पर एक कॉल आया और उसने धमकी दी कि तू जल्दी मरने वाला है। तेरा मकान तोड़ दिया जाएगा।

### यह आपात स्थिति उस समय उत्पन्न हुई जब पायलट को उड़ान के दौरान कार्गो डोर के खुले होने का अलर्ट मिला

एयर इंडिया की ओर से यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की गई

# मुंबई जा रही एयर इंडिया की उड़ान में आई तकनीकी खराबी, 18 मिनट बाद ही कराई गई 'इमरजेंसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राजधानी जयपुर के एयरपोर्ट पर शुक्रवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई जब मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-612 को उड़ान भरने के मात्र 18 मिनट बाद इमरजेंसी में लौटकर लैंडिंग करनी पड़ी। यह आपात स्थिति उस समय उत्पन्न हुई जब पायलट को उड़ान के दौरान कार्गो डोर के खुले होने का अलर्ट मिला।



**कंपनी के अधिकारिक बयान का इंतजार**

अब तक एयर इंडिया की ओर से इस आपात लैंडिंग को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों के अनुसार, विमान की स्थिति की बारीकी से जांच की जा रही है। घटना के दौरान विमान में सवार यात्रियों के बीच हल्का तनाव जरूर देखा गया, लेकिन

#### पायलट की सतर्कता से टली बड़ी दुर्घटना

एटीसी से हरी झंडी मिलने के बाद फ्लाइट एआई-612 की इमरजेंसी लैंडिंग सफलतापूर्वक कराई गई। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट की तकनीकी टीम मौके पर पहुंच चुकी है और विमान की जांच की जा रही है। पायलट को जैसे ही कार्गो गेट के साइन ऑन की सूचना मिली, उन्होंने खतरे को भांपते हुए कोई जोखिम नहीं लिया और तत्काल वापसी का निर्णय लिया। यह त्वरित निर्णय यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया और बड़ी अनहोनी टल गई।

### इन पर आपत्तिजनक एड व अश्लील कंटेंट थे

# भारत सरकार ने सॉफ्ट पोर्न 25 एप और वेबसाइट्स पर लगाया 'बैन'

इनमें उल्लू से लेकर अल्ट के नाम भी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने ऑनलाइन अश्लील सामग्री के प्रसार पर लगाम कसने के लिए 25 ओटीटी एप्स और वेबसाइट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को इन प्लेटफॉर्म्स की सार्वजनिक पहुंच रोकने का निर्देश दिया है यानी इन एप्स पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय को ये पता चला कि ये एप्स और वेबसाइट्स आपत्तिजनक विज्ञापन और अश्लील कंटेंट प्रसारित कर रही थीं, जो कई भारतीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा था। इसके बाद मंत्रालय ने इन सभी पर कार्रवाई करते हुए देश भर में एक्सेस ब्लॉक करने का आदेश जारी किया। बैन होने वाले ये हैं प्लेटफॉर्म- उल्लू, अल्ट, बिग शॉट एप, जलवा एप, वो एंटरटेनमेंट, लुक, हिट प्राइम, फेनो, शो-एक्स, सोल टॉकीज, कंगन, बुल एप, अड्डा टीवी, हॉट एक्स वीआईपी, देसीफ्लिक्स, बूमैक्स,नवरासा लाइफ, गुलाब, फुगी, मोजफ्लिक्स, हलचल, मूडेक्स, नियोन एक्स वीआईपी और ट्राइफ्लिक्स शामिल है।



यूएलपीजीएम-वी3 एक विशिष्ट दोहरे चैनल सीकर से सुसज्जित है जो विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों पर प्रहार कर सकता है। इसे समतल और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दागा जा सकता है

समतल और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दाग सकते

## स्वदेशी रक्षा क्षमताओं में मिली महत्वपूर्ण उपलब्धि, आधुनिक बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने में सक्षम

# भारत ने यूएलपीजीएम-वी3 मिसाइल का किया सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अपनी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित राष्ट्रीय मुक्त क्षेत्र रेंज (एनओएआर) परीक्षण रेंज में यूएवी-प्रक्षेपित सटीक निर्देशित मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। यह मिसाइल डीआरडीओ द्वारा पहले विकसित और वितरित यूएलपीजीएम-वी2 मिसाइल का उन्नत संस्करण है। यह उपलब्धि भारत के निर्देशित मिसाइल कार्यक्रम में एक नया मील का पत्थर है। इस परीक्षण की सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के सचिव एवं अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने टीमों, डीसीपीपी और स्टार्ट-अप्स को बधाई दी और कहा कि ऐसे हथियार का विकास समय की मांग है।



### विभिन्न लक्ष्यों पर प्रहार करने में सक्षम

*यूएलपीजीएम-वी3 एक विशिष्ट दोहरे चैनल सीकर से सुसज्जित है जो विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों पर प्रहार कर सकता है। इसे समतल और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दागा जा सकता है। इसमें दिन-रात की क्षमता और प्रक्षेपण के बाद लक्ष्य/लक्ष्य-बिंदु अद्यतन के लिए दो-तरफ़ा डेटा लिंक है। यह मिसाइल तीन मॉड्यूलर वारहेड विकल्पों: विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच (ईआरए) के साथ रोल्ड होमोजीनियस आर्मर (आरएचए) से सुसज्जित आधुनिक बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने के लिए एंटी-आर्मर; एंटी बंकर एप्लिकेशन के साथ पेनेट्रेशन-कम-ब्लास्ट वारहेड और उच्च घातकता वाले प्री-फ्रैगमेंटेशन वारहेड से सुसज्जित है।*

### स्वदेशी यूएवी से छोड़ी गई मिसाइल

मिसाइल को एक यूएवी से छोड़ा गया, जिसे एक भारतीय स्टार्ट-अप न्यूस्पेस रिसर्च टेक्नोलॉजीज, बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। डीआरडीओ कई अन्य भारतीय कंपनियों के लंबी दूरी और उच्च क्षमता वाले यूएवी के साथ यूएलपीजीएम हथियारों के एकीकरण पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। विकास सह उत्पादन साझेदार (डीसीपीपी) - अदानी डिफेंस और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, हैदराबाद) और 30 मएसएमई/स्टार्ट-अप ने इस अनूठी परियोजना को सफल बनाने में योगदान दिया।

### एंटी-आर्मर कॉन्फिगरेशन के लिए किया परीक्षण

वर्तमान परीक्षण एंटी-आर्मर कॉन्फिगरेशन के लिए किए गए थे। इस मिसाइल को डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं, अर्थात अनुसंधान केंद्र इमारत, रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला, उच्च-ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, एकीकृत परीक्षण रेंज और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस सफलता की घोषणा करते हुए कहा कि भारत की रक्षा क्षमताओं को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, डीआरडीओ ने यूएलपीजीएम-वी3 के सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। इस प्रणाली के विकास और परीक्षण के लिए डीआरडीओ, उद्योग भागीदारों, डीसीपीपी, एमएसएमई और स्टार्ट-अप्स को बधाई। यह सफलता भारतीय उद्योग की महत्वपूर्ण रक्षा तकनीकों को अपनाने और उत्पादन करने की क्षमता को दर्शाती है।

---

## खबर संक्षेप

### फिलीपीन में तूफान से 25 लोगों की मौत


**मनीला।** फिलीपीन में खराब मौसम के कारण अब तक कम से कम 25 लोगों की मौत हो चुकी है और बाढ़



व भूस्खलन से प्रभावित गांवों में फंसे लोगों को निकाला गया है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में उष्टकटिबंधीय तूफान से मौसम की स्थिति और बिगड़ गई है। तूफान 'को-मे' ने गुरुवार रात को पंगासिनान प्रांत के अग्नो कस्बे में दस्तक दी और इस दौरान 165 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उत्तरपूर्व की ओर बढ़ रहा यह तूफान अब कमजोर हो रहा है और शुक्रवार सुबह इसके प्रभाव से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

### पाकिस्तान में बारिश से 266 लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान में जारी मूसलाधार बारिश से जुड़ी घटनाओं में 26 जून से अब तक कम से कम



266 लोगों की मौत हो चुकी है जिसमें 126 बच्चे शामिल हैं, जबकि 628 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई है और 17 अन्य घायल हो गए हैं। कुल मृतकों में 94 पुरुष, 46 महिलाएं और 126 बच्चे शामिल हैं। पंजाब प्रांत में सबसे अधिक 144 लोगों की मौत हुई है। खैबर पख्तूनख्वा में 63, सिंध में 25 लोग मरे हैं।

---

## दो दिवसीय यात्रा पर मालदीव की राजधानी माले पहुंचे पीएम मोदी

# राष्ट्रपति मुइज्जू ने किया भव्य स्वागत पीएम बोले- रिश्ते नई ऊंचाइयों पर पहुंचे



*पीएम मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में 'मुख्य अतिथि' के रूप में भाग लेंगे। पीएम की यह मालदीव की तीसरी यात्रा है। पीएम मोदी की यह मालदीव यात्रा, मालदीव में राष्ट्रपति मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद पहली बार किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का दौरा है*

पीएम मोदी ने माले में भारतीय समुदाय से मुलाकात की

राष्ट्रगान की धुनों के बीच पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया

एजेंसी ▶▶ माले

पीएम मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के आमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को मालदीव की राजधानी माले पहुंचे। हवाई अड्डे पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पीएम मोदी का स्वागत किया। इस दौरान मालदीव के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री के साथ ही आंतरिक सुरक्षा मंत्री ने भी पीएम मोदी की आगवानी की। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि मैं माले पहुंच गया हूं। मुझे बहुत खुशी है कि राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू मेरा स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर आए। मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में भारत और मालदीव के रिश्ते नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। पीएम मोदी ने माले में भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पीएम मोदी से मिलकर भारतीय समुदाय बेहद उत्साहित दिखा।

### स्वतंत्रता समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लेंगे भाग



*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट किया कि पीएम मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में 'मुख्य अतिथि' के रूप में भाग लेंगे। पीएम की यह मालदीव की तीसरी यात्रा है। पीएम मोदी की यह मालदीव यात्रा, मालदीव में राष्ट्रपति मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद पहली बार किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का दौरा है। मोहम्मद मुइज्जू सरकार के कार्यकाल में यह यात्रा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बाद पहली बार हो रही है। पीएम मोदी की पिछली मालदीव यात्रा जून 2019 में हुई थी।*

### पीएम के आतिथ्य में पारंपरिक 'हैयकोल्हू' किया भेंट

*मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) ने कहा कि उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को पारंपरिक 'हैयकोल्हू' उपहार में दिया, जो मालदीव का आतिथ्य और सम्मान का प्रतीक है। इससे पहले पीएम मोदी को एमएनडीएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। एमएनडीएफ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का मालदीव की राजकीय यात्रा पर रिपब्लिक स्क्वायर में राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जहां उन्हें एमएनडीएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। औपचारिक स्वागत में 21 तोपों की सलामी दी गई, जो मालदीव और भारत के बीच गहरे सम्मान और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का प्रतीक थी।*

### पीएम मोदी का स्वागत बड़े सम्मान और सौभाग्य की बात

मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति और मौमून फाउंडेशन (टीएमएफ) के संस्थापक एवं अध्यक्ष मौमून अब्दुल गयूम ने ट्वीट किया कि पीएम नरेंद्र मोदी का मालदीव में हार्दिक स्वागत है। आपका हमारे देश में स्वागत करना हमारे लिए बड़े सम्मान और सौभाग्य की बात है। आपकी यात्रा से दोनों देशों के बीच मित्रता, समझ और सहयोग के गहरे रिश्ते और मजबूत होंगे। वहीं, मालदीव के पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने कहा कि मालदीव और भारत के बीच संबंधों ने हमेशा यह दिखाया है कि भारत पहली प्रतिक्रिया देने वाला देश है। जब भी हम अंतरराष्ट्रीय लाइन पर डायल करते हैं, भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देता है। भारतीय लोगों का दिल बड़ा है और वे मालदीव की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

**चोला वंश ने भी राज किया**

### सोरुदसरुणा अदित्तिया थे द्वीप के पहले हिंदू शासक

*मालदीव दुनिया का सबसे निचला देश है जो भारत और श्रीलंका के बीच बसा एक द्वीप है। यह विशाल हिंद महासागर में फैले लगभग 1200 द्वीपों से बना है। इतिहास के अनुसार 12वीं शताब्दी तक मालदीव में हिंदू राजा राज किया करते थे। ऐसा कहा जाता है कि सोरुदसरुणा अदित्तिया द्वीप के पहले राजा थे, जिसे तब धीवा मारी कहा जाता था, और उन्होंने मालदीव में अदित्त राजवंश की स्थापना की थी। यहां के पहले निवासी धेविस नाम से जाने जाते थे। बाद में यह बौद्ध धर्म का केंद्र बन गया। 12वीं शताब्दी से अरब व्यापारियों यहां पर आए और फिर इस्लाम बढ़ने लगा। ऐसा कहा जाता है कि मालदीव के अंतिम बौद्ध राजा धोवेमी था, जिन्होंने इस्लाम स्वीकर कर लिया। बताया जाता है कि यहां तमिल चोला राजा भी शासन रह चुका है। वर्तमान में मालदीव में इस्लाम का शासन चल रहा है। मौजूदा समय में मालदीव में अब सुन्नी मुसलमानों की जनसंख्या सबसे ज्यादा है।*


---

## एलओसी के पास सुरंग में विस्फोट

# सेना का एक जवान शहीद 2 घायल, राहत कार्य शुरू

यह हादसा कृष्णा घाटी सेक्टर में हुआ

दबी एम-16 माइन की चपेट में आए



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया और एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) समेत दो अन्य घायल हो गए। यह घटना कृष्णा घाटी सेक्टर में उस समय हुई जब 7वीं जाट रेजिमेंट के जवान क्षेत्र नियंत्रण गश्त पर थे।

रेजिमेंट के नायब सूबेदार हरि राम, हवलदार गजेंद्र सिंह और सिपाही ललित कुमार अपनी अग्रिम चौकी के पास नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान वे क्षेत्र में दबी एम-16 माइन के विस्फोट की चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी अधिकारियों को मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

### सेना ने दी श्रद्धांजलि

त्रों ने बताया कि यह विस्फोट नियंत्रण रेखा से सटे केजी सेक्टर में एक बारूदी सुरंग से हुआ। जिसमें अग्निवीर सिपाही ललित कुमार शहीद हो गए और नायब सूबेदार हरि राम और हवलदार गजेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अग्निवीर ललित कुमार को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने कृष्णा घाटी सेक्टर में एक क्षेत्र प्रभुत्व गश्त के दौरान अपनी ड्यूटी निभाते हुए अपनी जान गंवा दी।

### ऑनलाइन गैम्स से चैट कर रहे आतंकी

*श्रीनगर। पबजी जैसे ऑनलाइन खेल में गुमनाम या अन्य साथियों के साथ बातचीत की आवश्यकता होती है और अब इन खेलों की यही विशेषता आतंकवादी समूहों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जम्मू-कश्मीर में अपने सदस्यों से संवाद करने के प्रमुख संचार माध्यम में बदल गई है। अधिकारियों के मुताबिक, सीमा पार सक्रिय आतंकवादी समूह सोशल मीडिया और संचार के पारंपरिक माध्यमों को दरकिनार कर सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने की कोशिश करते हैं, इसलिए वे इस आभासी युद्धक्षेत्र को असली में युद्ध के संवाद के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे चार मामलों की पहचान की गई है।*

---


भारत रणभूमि दर्शन योजना

## सिक्किम पर्यटकों के लिए जल्द खोलेगा डोकलाम और नाथूला दर्रा के दरवाजे

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

अपने पर्यटन के लिए मशहूर राज्य सिक्किम के पर्यटन मैप में कुछ अनोखे गंतव्य जुड़ने जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कई युद्ध क्षेत्रों को पर्यटन के लिए जल्द ही खोलने की घोषणा की थी, जिसके बाद सिक्किम ने डोकलाम सहित 3 युद्ध क्षेत्रों क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए खोलने की घोषणा की है। यह निर्णय सिक्किम राज्य के भू-राजनैतिक महत्व में वृद्धि लायेगा। डोकलाम की बात करें तो भारत, चीन और भूटान की सीमा पर स्थित यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र रहा है, विशेष रूप से 2017 के भारत-चीन गतिरोध के दौरान।

### राजनाथ सिंह ने की थी अपील



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत रणभूमि दर्शन' शुरु करने की घोषणा की थी जिसके तहत भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदानों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक सैन्य महत्व के क्षेत्रों को जनता के लिए खोला जा रहा है। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामरिक महत्व वाले स्थलों को बढ़ावा देने के एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो नागरिकों को भारत के सैन्य अतीत से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

### चो ला भी जा सकेंगे पर्यटक

'भारत रणभूमि दर्शन' पहल के तहत, डोकलाम के अलावा, नाथूला दर्रा और चो ला भी पर्यटकों के लिए नए तरीके से खोले जाएंगे। चो ला और डोकलाम दोनों ही सिक्किम के दो प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं, जो छांगो लेक और नाथूला से 30 किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं, और ये पहले से ही बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते रहे हैं।

---

अहमदाबाद विमान हादसा

## एफएफए बोला- फ्यूल कंट्रोल में नहीं मिली कोई भी खराबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एक बड़ी टिप्पणी की है। एफएए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पिछले महीने एअर इंडिया बोइंग 787 जेट की घातक दुर्घटना किसी यांत्रिक समस्या या ईंधन नियंत्रण इकाई या स्विच की असावधानी से हुई दुर्घटना के कारण नहीं हुई थी। एफएए के प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने कहा कि हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि यह बोइंग ईंधन नियंत्रण इकाई में कोई यांत्रिक समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि एफएए के कर्मचारियों ने इन इकाइयों को बाहर निकाला, उनका परीक्षण किया और निरीक्षकों को विमान में



बुलाकर उनकी समीक्षा करने को कहा। उन्होंने आगे बताया कि अभी तक की जांच के अनुसार, किसी भी प्रकार की कोई समस्या ईंधन नियंत्रण में गड़बड़ी की नहीं मिली है। हालांकि, इस मामले में अभी बोइंग और एअर इंडिया की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

---

रक्षा संगोष्ठी में बोले सीडीएस

## 'ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी', सेना को शस्त्र और शास्त्र सीखना भी जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक रक्षा संगोष्ठी के दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेना को शस्त्र (युद्ध) और शास्त्र (ज्ञान) दोनों सीखना आवश्यक है।

बता दें, पहलगाम हमले के बाद भारत ने आतंकियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत की थी। भारतीय सेना ने 7 मई की रात गुलाम कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया था। सेना के मुताबिक, इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।

### आज का युद्ध तकनीकी रूप से जटिल



सीडीएस ने कहा कि आज की लड़ाइयां पारंपरिक सीमाओं में नहीं सिमटी है। आज के समय में युद्ध पारदर्शी, तीव्र, बहु क्षेत्रीय और तकनीकी रूप से बेहद जटिल हो गई हैं। आज का युद्ध केवल बंदूक और टैंक तक सीमित नहीं रह गया है। आज के दौर में एक योद्धा को सामरिक, परिचालन और रणनीतिक स्तरों पर एक साथ दक्ष होना होगा। उन्हें थल, जल, वायु के साथ-साथ साइबर और कॉग्निटिव वारफेयर जैसे नए युद्ध क्षेत्रों में भी सक्षम होना पड़ेगा।

### 'हाइब्रिड वॉरियर' की जरूरत होगी

जनरल चौहान ने कहा कि मौजूदा समय में काइनेटिक और नॉन काइनेटिक (पारंपरिक और डिजिटल) युद्ध एक-दूसरे से घुलमिल रहे हैं। पहली और दूसरी पीढ़ी के युद्ध आज तीसरी पीढ़ी के साइबर और एआई आधारित युद्ध से सम्मिलित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे 'हाइब्रिड वॉरियर' की जरूरत होगी जो हर मोर्चे पर लड़ सके।

---

रक्षा मंत्रालय-बीईएल में करार

## रक्षा अग्नि नियंत्रण रडार के लिए 2000 करोड़ रु. का किया एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा अग्नि नियंत्रण रडारों की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 2,000 करोड़ रुपए के एक अनुबंध (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुबंध खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय और बीईएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस अनुबंध पर हस्ताक्षर और



आदान-प्रदान किया गया। कम से कम 70 प्रतिशत स्वदेशी कंटेंट से युक्त ये अग्नि नियंत्रण रडार लड़ाकू विमानों, हमलावर हेलीकॉप्टरों और दुश्मन के ड्रोन सहित सभी प्रकार के हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम होंगे। यह वायु रक्षा रेजिमेंटों के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और भारतीय सेना की परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा।

---

## थाईलैंड ने कंबोडिया पर हवाई हमले शुरू किए, लॉन्च किया ऑपरेशन 'युथा बोडिन'

# सीमा पर झड़पों में 15 लोगों की हुई मौत, कई हुए घायल

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध भयानक होता जा रहा है। थाईलैंड की सेना ने अब कंबोडिया के खिलाफ 'ऑपरेशन युथा बोडिन' लॉन्च करने का ऐलान किया है। थाई सेना ने कहा है कि वो 'पवित्र भूमि के लिए युद्ध' शुरू कर रही है। थाईलैंड की सेना ने ऑपरेशन लॉन्च करने की घोषणा करते हुए कहा है कि उसका मकसद 'थाई भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को कुचलने' की है। कंबोडिया की सेना पर जबरदस्त हमला करते हुए थाईलैंड की सेना ने 'युथा बोडिन' नाम से जबरदस्त जमीनी और हवाई हमला शुरू कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने दोनों पक्षों से 'अधिकतम संयम बरतने और किसी भी मुद्दे को बातचीत के माध्यम से हल करने' का आग्रह किया है।

*यूएन महासचिव की संयम बरतने की अपील*

*प्राचीन ता मुएन थॉम मंदिर के पास झड़प शुरू*



### 4 कंबोडियाई नागरिक घायल

*सीमा पर जारी हिंसक झड़पों के दूसरे दिन थाईलैंड की सरकार ने 4 सीमावर्ती प्रांतों से एक लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। अब तक 15 लोगों की मौत की रिपोर्ट दर्ज दी गई है, जिनमें 14 आम नागरिक हैं। ओड्डार मींचे प्रांत में कंबोडिया के मुख्य अधिकारी जनरल खोव ली ने शुक्रवार को कहा कि प्राचीन ता मुएन थॉम मंदिर के पास सुबह-सुबह फिर से झड़पें शुरू हो गईं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को हुई झड़प में कम से कम चार आम कंबोडियाई नागरिक घायल हुए हैं।*

### कंबोडिया ने रॉकेट दागे

*थाई सेना ने बयान में कहा है कि कंबोडियाई सेना ने बीएम-21 ग्रैड रॉकेट सिस्टम और फील्ड आर्टिलरी का इस्तेमाल किया है। सेना ने कहा है कि स्थिति के मुताबिक उचित कार्रवाई की जा रही है। जबकि कंबोडिया ने दावा किया कि थाई सैनिकों ने बिना उकसावे के उनके इलाके में घुसपैठ की, जिसके जवाब में उन्होंने 'आत्मरक्षा के अधिकार' के तहत कार्रवाई की है।*

### भारतीय दूतावास ने यात्रा परामर्श जारी किया

*थाईलैंड में भारतीय दूतावास ने यहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए शुक्रवार को एक परामर्श जारी करते हुए उनसे थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर जारी हिंसा के बीच सात प्रांतों की यात्रा करने से बचने की अपील की है। परामर्श में कहा गया है कि वे 'टीएटी न्यूजरूम' समेत थाईलैंड के आधिकारिक सूत्रों से नवीनतम जानकारी प्राप्त करें। साथ ही उबोन रत्चथानी, सुरीन, सिसाकेट, बुरीराम, सा काओ, चन्थाबुरी और ट्राट प्रांतों में कई स्थलों की यात्रा न करें।*

**हाईकोर्ट के एमपी ऑनलाइन को निर्देश – नर्सिंग से संबंधित कोई भी डेटा से ना हो छेड़छाड़**

## नर्सिंग घोटाला : सुनवाई में जजों ने खुद देखी एमपीएनआरसी के पोर्टल में फर्जी मार्कशीट

जबलपुर।



प्रदेश में नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता और एडमिशन में गड़बड़ियों के मामले में शुक्रवार को भी सुनवाई हुई। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता के आग्रह परएमपीएनआरसी का पोर्टल देखा। उसमें फर्जी मार्कशीट देखकर कोर्ट हैरान हो गई। हाईकोर्ट ने एमपी ऑनलाइन को निर्देश दिए कि नर्सिंग से संबंधित कोई भी डेटा से छेड़छाड़ न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

लॉ स्टूडेंट्स यूनियन के एडवोकेट विशाल बघेल की ओर से याचिका दायर की गई है। मामले में गत गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से सेंधवा नर्सिंग कॉलेज के दस्तावेज पेश किए गए थे। आरोप लगाए गए थे कि सीबीआई के द्वारा दो बार जाँच उपरांत सुटेबल पाये जाने के बाद उक्त कॉलेज को 2024-25 की मान्यता प्रदान की गई थी। जबकि कॉलेज के द्वारा मान्यता के आवेदन में दर्शाए गए फ़ैकल्टी की मार्कशीट फर्जी थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले में सीबीआई से उस कॉलेज की फ़ाइल तलब की थी। शुक्रवार को सुनवाई में सीबीआई की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता के द्वारा प्रस्तुत की गई मार्कशीट सीबीआई के रिकॉर्ड में किसी और नाम से पायी गई है। इसलिए याचिकाकर्ता से पूछा जाये कि यह मार्कशीट किस स्त्रोत से प्राप्त की है ? कोर्ट के पूछे जाने पर याचिकर्ता के द्वारा चलती सुनवाई में नर्सिंग काउंसिल के आधिकारिक पोर्टल पर फर्जी मार्कशीट खोलकर दिखाई गई। दोनों न्यायाधीशों ने भी स्वयं याचिकाकर्ता के बताये अनुसार एमपीएनआरसी के पोर्टल पर जाकर मार्कशीट डाउनलोड की। कोर्ट ने फर्जी मार्कशीट देखकर कड़ा आश्चर्य व्यक्त किया। सीबीआई को निर्देश दिये कि जो फ़ाइल उनके द्वारा कोर्ट में पेश की गई है , उसकी एक प्रति याचिकाकर्ता को भी सौंपी जाए। साथ ही हाईकोर्ट ने एमपी ऑनलाइन को निर्देश दिये हैं कि नर्सिंग काउंसिल के ऑनलाइन डेटा में कोई भी हेरफेर या बदलाव नहीं किए जाए। अगर आदेश का उल्लंघन हुआ तो भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अधीन मामला दर्ज कराया जाएगा । मामले के अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

## पूर्व आदेश की नाफरमानी पर जबलपुर कलेक्टर को अवमानना नोटिस

**परसवाड़ा-जमतरा मार्ग भारी वाहनों की अनियमित आवाजाही, अवैध रूप से संचालित डेयरियों और पोल्ट्री फॉर्मों पर कारवाई नहीं करने का आरोप**

**जबलपुर**। पूर्व आदेश की नाफरमानी पर हाईकोर्ट ने जबलपुर कलेक्टर को अवमानना नोटिस जारी किया है। जस्टिस डीडी बंसल की बेंच ने उनसे जवाब तलब किया है।मामला परसवाड़ा-जमतरा मार्ग भारी वाहनों की अनियमित आवाजाही, अवैध रूप से संचालित डेयरियों और पोल्ट्री फॉर्मों के चलते नागरिकों को हो रही परेशानी का है।

दरअसल, हाईकोर्ट ने मई 2025 में जबलपुर कलेक्टर को निर्देश दिए थे कि परसवाड़ा-जमतरा मार्ग भारी वाहनों की अनियमित आवाजाही, अवैध रूप से संचालित डेयरियों और पोल्ट्री फॉर्मों की शिकायत पर उचित कार्रवाई करें। इसके लिए 4 सप्ताह की मोहलत दी गई थी। कोर्ट ने यह भी कहा था कि यदि याचिकाकर्ता कलेक्टर की कार्रवाई से संतुष्ट न हो तो उचित फोरम में शिकायत कर सकता है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता मोहित वर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा था कि ग्राम परसवाड़ा और जमतरा की सड़कों पर अवैधानिक तरीके से बड़े-बड़े ट्रक, डंपर, पानी के टैंकर और भूसे से भरे वाहन दिन-रात दौड़ रहे हैं। गांव की मुख्य सड़क, जो पहले करीब आठ फीट चौड़ी थी, अब दोनों ओर गड्ढों और कटाव के कारण मात्र चार से छह फीट की रह गई है। इससे ग्रामीणों विशेषकर स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को बहुत परेशानी होती है। याचिका में बताया गया कि गांव में अनेक डेयरियां और पोल्ट्री फॉर्म बिना वैधानिक अनुमति और सुरक्षा मानकों के संचालित हैं। इनमें परसवाड़ा, गौर, बरेला जैसे क्षेत्रों में कई डेयरी संचालित हैं। इससे पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली रहती है। इन डेयरियों द्वारा गोबर, पेशाब और दूषित जल का निपटान खुले में किया जाता है। सड़क किनारे बहने वाली नालियां इन अवशिष्टों से पट जाती हैं, जिससे गांव की गलियों में बदबू और कीचड़ का अंबार लग जाता है। मच्छरों, मक्खियों और अन्य रोगकारक जीवों की भरमार गर्मी के दिनों में और बढ़ जाती है, जिससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा मंडरा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश का समयावधि बीतने के बावजूद पालन नहीं किया गया है।

## 2 सूने मकानों के ताले टूटे, लाखों के जेवर पार

**माढ़ोताल व गोहलपुर में चोरी की वारदातें**



**जबलपुर**। माढ़ोताल और गोहलपुर थाना क्षेत्र में चोरी दो वारदातें सामने आई हैं। माढ़ोताल में बाबा बर्फानी श्रीनिवास कालोनी ग्रीनसिटी और अमखेरा में सूने मकानों के ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए के सोने, चांदी के जेवर और नगदी रुपए चोरी कर ले गए। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा बर्फानी श्रीनिवास कालोनी ग्रीनसिटी 22 श्रीमति रितु पटवा गत दिवस 7.30 बजे अपने घर पर ताला लगाकर ससुराल गोसलपुर कटरा रमखिरिया जबलपुर अपने सास ससुर से मिलने गई थी। दूसरे दिन सुबह लगभग 9 बजे अपने घर गई तो देखा मेन दरवाजे का ताला टूटा था और अंदर रखी अलमारी में रखे एक जोड़ी सोने की बाली, 2 जोड़ी सोने के बाला, 1 अंगूठी, गुल्लक में रखे 5 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

इसी प्रकार अमखेरा निवासी 32 वर्षीय श्रीमति साजदा बी गत 17 जुलाई को घर पर ताला लगाकर मामी और मामा ससुर रजाक खान के साथ रजा चौक अपनी सास को छोड़ने के बाद अपने मायके चली गयी थी। गत 22 जुलाई को घर वापस आई तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला खुला था अंदर रखी आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर सोने का 1 हार, 2 कंगन, 2 जोड़ी कान के गहने, 2 अंगूठी, चांदी की 2 जोड़ी पायल, एक चैन, नगदी 15 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी सहित लगभग 80 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**डुप्लीकेट चाबी लगाकर पलभर में बाईक उठा ले जाता**

## शातिर चोर से पुलिस ने जब्त की 11 बाइक

जबलपुर।



क्राईम ब्रांच और ओमती पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर एक शातिर चोर गिरफ्तार कर चोरी के 11 दो पहिया वाहन जब्त किए हैं। पूछताछ पर पुलिस को पता चला है कि आरोपी डुप्लीकेट चाबी की मदद से सार्वजनिक स्थानों पर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाता था और मौके से फरार हो जाता था।ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक शातिर वाहन चोर पवन पटेल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि उसने ये वाहन नागपुर, सिवनी, नरसिंहपुर, कटनी और जबलपुर जिले से चोरी किए थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शारदा चौक गढ़ा निवासी 22 वर्षीय पवन पटेल को गिरफ्तार किया। पुलिस अब उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है और चोरी के अन्य मामलों की कड़ियाँ भी खंगाली जा रही हैं।

### 11 गाड़ियां बरामद

पुलिस द्वारा बरामद की गई 11 चोरी की गाड़ियों विभिन्न जिलों और थाना क्षेत्रों से चुराई गई थीं। सिवनी जिले के घंसौर और कोतवाली थाना क्षेत्र से होंडा साइन, कटनी कोतवाली से एक्टिवा और काली रंग की स्प्लेंडर, नरसिंहपुर के स्टेशनगंज से होंडा साइन, नागपुर तहसील थाना क्षेत्र से बुलेट, जबलपुर के सिविल लाइन से स्प्लेंडर प्लस, ओमती से हीरो होंडा स्प्लेंडर, कैंट से एक्टिवा, ग्वारीघाट से ड्रीम योगा और खितौला थाना क्षेत्र से ग्लैमर बाइक बरामद की गई है। ये सभी वाहन डुप्लीकेट चाबी से चुराए गए थे और अलग-अलग इलाकों में सस्ते दामों में बेचे जाने की योजना थी।

### टायर लॉक वाली गाड़ी नहीं चुराता था

पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी पवन सिर्फ हैंडल लॉक वाली गाड़ियां ही चुराता था। उसका कहना है कि वह एक मिनट के भीतर हैंडल लॉक तोड़ सकता है, लेकिन टायर लॉक तोड़ने में वक्त और मेहनत ज्यादा लगती है, जिससे पकड़े जाने का खतरा रहता है।चोरी की गई गाड़ियों को वह ग्रामीण क्षेत्रों से शहर में और शहरी इलाकों की गाड़ियां ग्रामीण क्षेत्रों में कम दाम पर बेच देता था, जिससे किसी को शक न हो।

**सावन की घटाएं तेजी से बरसने को आतुर**

## रूक-रूक कर होती रही बारिश

जबलपुर।



पिछले दो दिनों से बारिश रुक रुककर हो रही, लेकिन उमस भरी गर्मी अभी भी बनी हुई है। शुक्रवार को सुबह से रिमझिम बारिश होती रही, फिर कुछ देर के लिए दोपहर मौसम खुला और शाम को फिर तेज बारिश शुरु हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि आसमान पर सावन की छटा छा गई है अगले 24 घंटे के अंदर तेज बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान जिले के संभाग के कुछ स्थानों पर गरज- बरस के साथ वर्षा होने की संभावना है।

### रूक-रूककर बूंदाबांदी होती रही

आसमान पर छाए बादलों और नमी भरीं हवाओं के बीच मौसम में ठण्डक घुल गई है। शुक्रवार को रूक-रूककर बूंदाबांदी होती रही। मौसम सुहावना बना रहा। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में बने चक्रवात का असर मध्यप्रदेश में देखा जा रहा है। नम हवाओं और बूंदाबांदी की वजह से तापमान में गिरावट आ गई है। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर तेज वर्षा भी हो सकती है।

### पूर्वी मध्यप्रदेश में बना चक्रवात

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दवाब का क्षेत्र बना हुआ है। जिससे संभाग के जिलों में बारिश का दौर जारी है। जबलपुर में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 23.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 95 प्रतिशत और सायंकाल 93 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.29 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.55 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 19.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 656.07 मिमी (लगभग 25.8 इंच) दर्ज की जा चुकी है।

जबकि गत वर्ष आज के दिन 20.6 मिमी वर्षा हुई थी और कुल वर्षा 530.08 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 28.07 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.01 डिग्री दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलांr। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## 2 तलवार, 2 चाकू के साथ पकड़ाए गए 4 आरोपी

जबलपुर।

गोहलपुर, मदनमहल और खितौला थाना क्षेत्रों में अवैध हथियार के साथ घूम रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 तलवार और 2 चाकू जब्त किए है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुखबिर की सूचना पर लेमा गार्डन शासकीय स्कूल के पास चाकू लेकर खड़े पानी की टंकी के पास गोहलपुर निवासी 35 वर्षीय मोह.अनीष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चाईना चाकू जब्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इसी प्रकार थाना गढ़ा में गत दिवस मुखबिर की सूचना पर मदनमहल दरगाह रोड़ में दबिश देते हुए गुप्तेश्वर कृपाल चौक गोरखपुर निवासी 25 वर्षीय आरोपी अजय उर्फ भूरा गोटिया से तलवार तथा गुप्तेश्वर मंदिर के सामने निवासी 21 वर्षीय सूजल सोनकर से भी तलवार जब्त किया है। गढ़ा पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध पृथक पृथक धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। बताया गया है कि अजय उर्फ भूरा के विरूद्ध 5 अपराध अवैध वसूली, आबकारी एक्ट एवं मारपीट के तथा सूजल के विरूद्ध 2 अपराध मारपीट के पंजीबद्ध हैं। इसी प्रकार थाना खितौला में मुखबिर की सूचना पर वायपास तिराहा पान उमरिया रोड़ पर हीरापुर बरही थाना बरही जिला कटनी 26 वर्षीय विजेन्द्र उर्फ विजय पारधी को चाकू के साथ गिरफ्तार कर चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25 बी आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## निरीक्षण में बंद मिले खाद-बीज विक्रय प्रतिष्ठान को किया सील

**जबलपुर**। किसानों को गुणवत्ता पूर्ण खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार जिले में कृषि आदान विक्रय प्रतिष्ठानों के निरीक्षण की कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी सिलसिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को विकासखंड सिहोरा के ग्राम जुझारी स्थित हनुमंत फर्टिलाइजर को लगातार कई दिनों से बंद रखने तथा निरीक्षण में सहयोग नहीं करने पर सील कर दिया गया है।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि क्षेत्र के किसानों से भी इस प्रतिष्ठान के लगातार बंद रहने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को निरीक्षण के लिये पहुँचे उर्वरक निरीक्षक सिहोरा जयपाल सिंह राठौर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा श्रीमती मनीषा पटेल एवं सहायक संचालक रवि आम्रवंशी ने भी इस प्रतिष्ठान को बंद पाया। कृषि अधिकारियों ने मौके से ही प्रतिष्ठान को खुलवाने प्रोपराइटर आदर्श चतुर्वेदी से मोबाइल फोन पर संपर्क किया, लेकिन वे वहाँ नहीं पहुंचे। कृषि अधिकारियों द्वारा दोबारा संपर्क करने पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।उप संचालक कृषि ने बताया कि इस तरह की स्थिति पूर्व में भी निर्मित हुई है, जिससे कभी भी इस प्रतिष्ठान का निरीक्षण नहीं किया जा सका। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में सहयोग नहीं करने की स्थिति में पंचनामा बनाकर हनुमंत फर्टिलाइजर के प्रतिष्ठान को सील कर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर को मोबाइल फोन से संपर्क कर उर्वरक निरीक्षक एवं जिला स्तरीय कृषि अधिकारियों की उपस्थिति में ही सील खुलवाकर प्रतिष्ठान का निरीक्षण कराने तथा इसके बाद ही किसानों को कृषि सामग्री का वितरण करने के निर्देश दिये गये हैं।

## वृद्ध के गले से मंगलसूत्र लूटकर भागे लुटेरे

**संजीवनीनगर मेन रोड पर वारदात**

**जबलपुर**। जबलपुर शहर में लुटेरे फिर सिर उठाने लगे। अभी मोबाइल लूटने की वारदाते सामने आ रही थी अब महिलाओं के गले से मंगलसूत्र लूटने का सिलसिला शुरु हो गया। कल शाम 5 बजे संजीवनी नगर मेन रोड पर स्कूटी सवार दो अज्ञात लड़के एक वृद्ध महिला के गले से मंगलसूत्र लूटकर भाग गए। घटना के संबंध में संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधौलिया हॉस्पिटल के पीछे संजीवनीनगर निवासी 62 वर्षीय आशा राजपूत गत शाम लगभग 5 बजे कछपुरा ब्रिज के पास स्थित हनुमान मंदिर गौतम मढ़िया पैदल गई थी और वहां से पैदल लौटते समय रात लगभग 8 बजे ज्योति कलेक्शन के सामने मेन रोड संजीवनीनगर पहॅुची तभी शाहीनाका तरफ से स्कूटी में अज्ञात दो लड़के आये और पीछे बैठे लड़के ने उसके गले में पहना सोने का मंगलसूत्र बलपूर्वक छीन कर संजीवीनीनगर गेट से अंदर तरफ भाग गये। पीछे वाला लड़का मटमेली सफेद टीशर्ट पहने था स्कूटी चालक भी पेंट शर्ट पहने था उसके मंगलसूत्र में काले गुरिया एवं 12 सोने के गुरिया लगे थे एवं एक छोटा लाकेट पंचकोण जैसा था। पुलिस ने अज्ञात दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शहपुरा डबल लॉक केंद्र का किया निरीक्षण

जबलपुर।




उर्वरक वितरण की व्यवस्था में सुधार लाने कृषि अधिकारियों ने शुक्रवार को शहपुरा डबल लॉक केंद्र का निरीक्षण किया। किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिये डबल लॉक केंद्र के प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिये गये तथा यहाँ पीओएस मशीन की संख्या भी बढाकर तीन कर दी गई। इस केंद्र से किसानों को सोमवार से उर्वरक का वितरण पुनः शुरू कर दिया जायेगा। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने यह जानकारी देते हुये बताया कि शहपुरा डबल लॉक केंद्र से उर्वरक प्राप्त करने में किसानों को हो रही परेशानियों की सूचना प्राप्त होने पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व कृषि अधिकारियों को इस केंद्र का निरीक्षण करने भेजा गया था। निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारियों ने मौके पर मौजूद किसानों से चर्चा की तथा उन्हें बताया कि जिले में वर्तमान में लगभग 5 हजार टन यूरिया उपलब्ध है। जल्दी ही इंडियन पोटाश लिमिटेड की यूरिया की एक और रैक लगना है, जिससे डबल लॉक केंद्र शहपुरा को भी यूरिया प्राप्त होगी और सोमवार से किसानों को यूरिया का वितरण होगा। कृषि अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान टोल फ्री नंबर 0761-181 से एवं तहसील कार्यालय से दिये गये टोकन नंबर के किसानों को समानांतर रूप से उर्वरक दिये जाने के निर्देश डबल लॉक केंद्र के प्रभारी को दिये गये। साथ ही छोटे रकवे वाले किसानों को अलग काउंटर से उर्वरक उपलब्ध कराने कहा गया। इस अवसर पर मौजूद प्रगतिशील किसान दामोदर पटेल, वीरेन्द्र साहू एवं अन्य किसानों ने भी खाद वितरण के सुचारू रूप से संचालन में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील क्षेत्र के किसानों से की। प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एस के परतेती एवं कृषि विस्तार अधिकारी गौतम यादव भी निरीक्षण करने वाले अधिकारियों में शामिल थे।

## उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**जबलपुर**। संयुक्त संचालक कृषि द्वारा गठित संभागीय दल ने जिले के विकासखण्ड जबलपुर के कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अर्जुन बीज भंडार घुन्सौर को बगैर लायसेंस नवीनीकरण कराये यूरिया उर्वरक का व्यवसाय करते हुए पाया गया। संभागीय दल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए 260 बैग यूरिया जब्त कर प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस दिया जाकर सुपुर्दगी की कार्यवाही की। दल ने न्यू हितैशी घाना और रोहित फर्टिलाइजर पिसनहारी के प्रतिष्ठानों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान इन प्रतिष्ठानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही उर्वरक बीज एवं कीटनाशक दवाओं किसानो को विक्रय करने के सख्त निर्देश दिये गये । निरीक्षण दल में सहायक संचालक कृषि यू के कटहरे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती रश्मि परसाई, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती जागृति साहू एवं सुश्री प्रभा सूर्यवंशी शामिल थे।

## आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण

# आईडी व पासवर्ड के उपयोग में बरते गहन सावधानियाः कलेक्टर

हरिभूमि जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस आईडी एवं पासवर्ड के उपयोग में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुश्री विनायिका लकरा ने मध्यप्रदेश कोषालय संहिता में देयकों के प्रस्तुतीकरण एवं अन्य के संबंध में आहरण एवं संवितराण अधिकारियों के लिए वर्णित दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वित्तीय संहिता में प्रदत्त अधिकारों, ईजीपीएफ, ई-डीपीएफ प्रक्रिया, फेल्ड चालान के पुनर्भुगतान प्रक्रिया आदि महत्वपूर्ण विषयों पर उपस्थित समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी व कोषालयीन अमला उपस्थित था।



प्रशिक्षण के प्रारंभिक सत्र में कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि आज का प्रशिक्षण समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी के लिए अनिवार्य एवं उपयोगी है। प्रशिक्षण में परिचर्चा के विषयों का अनुसरण कर अपने पदीय कार्य दायित्वों का अच्छे से निवर्हन एवं वित्तीय अनियमितताओं से बचे जाने में उपयोगी होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अगले चरण में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, सुश्री विनायिका लकरा द्वारा आईएफएमआईएस आईडी एवं पासवर्ड का स्वयं उपयोग किया जाना एवं समय-समय पर पासवर्ड परिवर्तित किया जाना आहरण अधिकारी के दायित्व के बारे में बताया। साथ ही कहा कि मध्यप्रदेश कोषालय संहिता व वित्त संहिता में वर्णित आहरण अधिकारी के लिए जो दिशा-निर्देश हैं उनका पालन भी करना अनिवार्य है।

इस दौरान कहा गया कि प्रत्येक आहरण अधिकारी स्वयं के परिवार विवरण व नॉमिनेशन का अवलोकन स्वयं करते हुए अपने कार्यालय के अधीनस्थो को भी उक्त विवरण आईएफएमआईएस के ईएसएस माडयूल में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। ई-जीपीएफ प्रक्रिया अपने प्रारंभिक चरणों पर है अतः समस्त आहरण अधिकारी जीपीएफ अंतिम आहरण के प्रस्ताव ई-जीपीएफ प्रक्रिया से ही प्रस्तावित करे।

कोषालय में प्रस्तुत किये जाने वाले देयकों में संलग्न किये जाने वाले अनिवार्य दस्तावेजों व विवरण जैसे-स्वीकृति आदेश, भुगतान आदेश, आदेश में अंकों व शब्दों में भुगतान राशि व राशि प्राप्त करने वालों का विवरण, सही व पूर्ण लेखा शीर्ष, राशि की उपयोगिता आदि के वर्णित किये जाने की उपयोगिता पर चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के अगले चरण में राजेश कुमार गुप्ता सिस्टम मैनेजर द्वारा आईएफएमआईएस के उपयोग के लिए स्वान, व्हीपीएन कनेक्शन की कनेक्टिविटी, आईएफएमआईएस ई-मेल को एक्टिव कर उक्त का उपयोग किये जाने, आईएफएमआईएस हेल्प डेक्स में शिकायत दर्ज की जाने की प्रक्रिया, ई-मुद्रा, ई-साइन आदि की प्रक्रिया से अवगत कराया।

## सिख गुरुओं के शस्त्रों के दर्शन कर श्रद्धालु निहाल

मदनमहल और अधारताल गुरुद्वारे में करवाये दुर्लभ वस्तुओं के दीदार

**जबलपुर।** सिख गुरु साहिबानों की लगभग 400 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक शस्त्र एवं अन्य अनमोल विरासत से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं के दर्शन कर श्रद्धालुगण आत्म विभोर हो गए । इतिहासविद और खोजकर्ता डा. भगवान सिंह खोजी के नेतृत्व में बठिंडा पंजाब से एक यात्रा गुजरात, से खंडवा होते हुए आज शाम जब गुरुद्वारा प्रेमनगर पहुंची, तब प्रबंधक कमेटी के प्रधान साहब मंजीत सिंह ननडा सहित नगर के सिख समाज ने पुष्प वर्षा और गाजे बाजे के साथ जोरदार अगवानी की । मुख्यरूप से यात्रा के साथ आए डा. भगवान सिंह खोजीऔर उनके सहयोगियों ने विरासती वस्तुओं और शस्त्रों का विधिवत दर्शन करवाते हुए संक्षिप्त विवरण पेश किया । प्रदर्शनी में छठवें गुरु हरगोबिंद साहिब की ढाल श्रीसाहिब कटारी,कमण्डल, नानक शाही सिक्के, गुरु अंगद देव की 35 अक्षरी गुरुमुखी लिपि, बैठने का पीढ़ा, हुकुमनामा, 8 फुट लम्बी पोथी, तथा गुरु गोबिंद सिंह जी की दुर्लभ पुस्तक आदि जन आकर्षण का केंद्र रहे । दूसरे दिन यह यात्रा प्रातः काल गुरुद्वारा अधारताल पहुंची यहां दर्शन लाभ के साथ कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर वितरित किया गया। प्रधान हरमिंदर सिंह सैनी एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने साध संगत के प्रति आभार प्रकट किया।



### 2 करोड़ रूपये की लागत से हनुमानताल तालाब में कराये जा रहे हैं सौन्दर्यीकरण के कार्य

**जबलपुर।** नगर निगम ने बताया कि लगभग 2 करोड़ रूपये की लागत से हनुमान तालाब में ऐतिहासिक रूप से सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं जिसमें 15वाँ वित्त आयोग और अमृत योजना के अंतर्गत कुल 1 करोड़ 90 लाख रूपये की राशि स्वीकृत है जिसके अंतर्गत हनुमानताल तालाब में और उसके आस पास के क्षेत्र में सुन्दर ढंग से विकसित करने के लिए डी-सिल्टिंग, फेंसिंग, एयरेटर, फाउंटेन, प्लांटेशन, रिटेनिंग वॉल, रिटेनिंग वॉल मेंटेनेंस, घाट मैनिटेंस, स्टोन वर्क और पेंटिंग आदि के कार्य कराकर वहाँ एक लद्यु पर्यटन के रूप में क्षेत्र को विकसित किया जायेगा। निगमाधिकारियों ने कहा अभी देखा जा रहा है कि लोगों के द्वारा हनुमानताल तालाब की सफाई में भ्रष्टाचार और अन्य आरोप लगाये जा रहे हैं, जो कि मिथ्या ही नहीं भ्रामक और वेबुनियाद है। जानकारी के अनुसार हनुमानताल तालाब में पहली बार जमीन दिखाई दी है और उस जमीन पर घास उगना तकनीकि और प्राकृतिक रूप से भी माना जाता है एक अच्छा संकेत । लगभग 8-9 महिने के अंदर अर्थात जनवरी 2026 में हनुमानताल तालाब के कार्य पूर्ण कराकर नागरिकों को समर्पित कर दी जायेगी।

## लालचंद स्कूल खितौला में छात्रों को 37 साइकिलों का वितरण



**सिहोरा।** गत दिवस उपनगर खितौला के शासकीय लालचंद विद्यालय में छात्रों को मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 37 साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,पूर्व मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । नगर पालिका अध्यक्ष ने आयोजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब छात्रों को स्कुल आने में देरी नहीं होगी और वे समय से स्कुल जा सकेंगे केन्द्र एंव प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्ग के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाओं से सभी लोग लाभान्वित हो रहे हैं। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर संदीप राही,सुग्रीव श्रीवास,विनीता पटेल,सियोल जैन, माया विश्वकर्मा,शाला प्राचार्य निधि दुबे,संतोष प्यासी,ब्रजेश श्रीवास्तव सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शाला परिवार के सहयोग से मिले डेस्क बेंच पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



**सिहोरा।** शहर की प्राचीनतम संस्था शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हिन्दी स्कूल सिहोरा ने अपने नवाचारों में एक और कड़ी को जोड़ते हुए अनुकरणीय कार्य कर मिसाल कायम की है ।जिसमें बच्चों के बैठने हेतु फर्नीचर की उपलब्धता के लक्ष्य को शाला परिवार एंव अन्य के सहयोग से पूर्ण किए जाने का विगत वर्षों का सपना सभी के सहयोग से पूर्ण हो गया। कक्षा 8 में अध्ययन कर रहे बच्चों के माता-पिता द्वारा भी एक सेट की राशि प्रदान की गई तथा इसी तरह विद्यालय में पदस्थ, पूर्व, सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी 50 सेट 3 सीटर डेस्क बैंच प्रदान की जिससे शाला की 3 कक्षाओं में बच्चों को बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित हुई। इस कार्य में स्कुल में पदस्थ शिक्षक सुरेन्द्र तिवारी, किशोरी लाल साहू, ज्योति पटेल हरीश कुमार विश्वकर्मा, एम एस नायक, राम प्रताप उपाध्याय का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## नवांकुर सखी यात्रा का आयोजन



**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पाटन सेक्टर नुनसर की नबांकुर संस्था सृष्टि महिला समाज उत्थान समिति रोसरा के द्वारा नवांकुर सखी यात्रा का आयोजन ग्राम रोसरा में किया। जिसमें मुख्य अतिथि यतीश जैन जी ने संबोधित करते हुए कहा की नवांकुर सखी के माध्यम से हमारे समाज में पर्यावरण की अलख जगाना है। खमोद सरपंच देवेंद्र सिंह ठाकुर ने भारतीय संस्कृति में पौधों का कितना महत्व है बताया गया। विकासखंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे ने भविष्य में पर्यावरण को बनाए रखने के लिए नवांकुर सखी का महत्वपूर्ण योगदान रहे यह विचार रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधों की पूजा कर आरंभ किया गया साथ ही ग्राम की उपस्थित नवांकुर सखियों को एक पौधा और हरियाली अमावस्या के उपलक्ष पर हरी चूड़ी और बिंदी भेंट कर नवांकुर सखी बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था अध्यक्ष अंजना विश्वकर्मा कार्यक्रम में स्वागत और आभार व्यक्त रामनारायण सिंह, कामता प्रसाद, जितेंद्र राठौर, शिवसिंग, प्रमोद जैन, भवानी प्रसाद गोटिया उपस्थित रहे।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान निरंतर जारी



**पाटन।** वार्ड नंबर 10 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के सहयोग से पुलिस विभाग के द्वारा अभियान चलाया गया। नशे से दूरी है जरूरी अभियान पूरे मध्य प्रदेश में चल रहा है जिसके अंतर्गत 15 से 30 जुलाई तक अलग-अलग स्थान में आयोजन किया जा रहे हैं। पाटन थाना में टीआई गोपेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार दोपहर 1 बजे पाटन के वार्ड नंबर 10 की आंगनवाड़ी में भी एक अभियान चलाया गया जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को नशे से दूरी है जरूरी अभियान की शपथ दिलाई गई और उनसे अपील की गई कि वह लोगों से नशे से दूर रहने की अपील करेंगी। अभियान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने नशे से दूरी है जरूरी को लेकर शपथ ली और कहा कि वह इस अभियान में सहभागी बनेगी और लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेंगी।

## एमपी ट्रांसको के सर्किल मुख्यालयों में हुई नॉलेज शेयरिंग वर्कशॉप

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा अपने वृत स्तर (सर्किल स्तर) के मुख्यालयों में प्रत्येक माह सभी संकायों के इंजीनियरों एवं लेखा अधिकारियों के लिए नॉलेज शेयरिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इन वर्कशॉप का उद्देश्य तकनीकी ज्ञान, अनुभव और कार्यप्रणाली को साझा कर परस्पर सीख की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में नॉलेज शेयरिंग वर्कशॉप का पहला सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में अतिरिक्त मुख्य अभियंता भोपाल राजेश शांडिल्य द्वारा पावर कम्युनिकेशन, ओपीजीडब्ल्यू (ओपीजीडब्ल्यू), फोटे आदि तकनीकी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं भोपाल में कार्यपालन अभियंता अतुल नाबर ने पारेषण लाइनों, टावर, मोनोपोल इत्यादि से जुड़े अपने तकनीकी अनुभव साझा किए। इस वर्कशॉप में भोपाल मुख्यालय के अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी सहित जबलपुर मुख्यालय से मुख्य अभियंता राजेश द्विवेदी और ट्रांसको के विभिन्न संकायों के अधिकारी-कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। साथ ही निर्माण कार्य से जुड़ी विभिन्न कंपनियों के इंजीनियरों ने भी भागीदारी की।





## मंगलायतन विवि में अल्पसंख्यक जैन समाज का मिलन समारोह

**बरेला।** शिक्षा से जीवन को व्यवस्थित और सुन्दर बनाया जा सकता है शिक्षित महिला बच्चों में अच्छे संस्कार, उच्च आचरण पैदा कर सकती हैं। मंगलायतन विश्व विद्यालय हमारे बरेला परिक्षैत्र के लिए बरदान सावित हो सकता है। शासन की अल्पसंख्यक स्कारसिप योजना के तहत लगभग निशुल्क शिक्षा अध्यन कराने का संकल्प रखा गया। समय समय पर युवा विघार्थियों को कृषि, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम के क्षेत्र में पुरूस्कार, प्रोत्साहन के आयोजन भी किए जायेंगे। संगोष्ठी में कुल गुरु संभा राव, विनीता कौर सलूजा, आषुतोष सक्सेना, रूपल ज्योतकी, आशीष मिश्रा, सरपंच आशीष शुक्ला, समाजसेवी अरविन्द तिवारी, दिगम्बर जैन समाज के विमल जैन, राकेश जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## परामपरागत बीजरोपण नवाचार कार्यक्रम आयोजित

**पाटन।** शोभा सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय पाटन में इको क्लब द्वारा “परम्परागत बीज उगाना” कार्यक्रम न केवल एक शैक्षणिक गतिविधि थी, बल्कि यह सतत कृषि और पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में एक व्यवहारिक प्रयास ईकों क्लब के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा पारंपरिक वंदना से हुई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. बाज़गा अतहर परम्परिक तरीके से मिट्टी के कुल्हड़ और छोटे गमले बनाना का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे हर विद्यार्थियों ने एक पात्र बनाया स्वयं बीजरोपण किया फिर उनमें मिट्टी, गोबर खाद और जैविक पोषक तत्व भरे गए और आपना नाम अंकित किया। यह अनुभव भावी पीढ़ी को जैव विविधता और संस्कृति के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाएगा। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पारंपरिक कृषि पद्धतियों को पुनः जीवित करने की दिशा में एक प्रयास के रूप में, हमारे संस्थान में परम्परागत तरीके से बीजारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बीजारोपण की जैविक, पारंपरिक तथा पर्यावरणीय दृष्टिकोण से जागरूक करना था। विशेष बात यह रही कि सभी बर्तन पुनः उपयोग की गई मिट्टी से बने थे, जिससे पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी उजागर हुई। साथ ही, विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे इन बीजों को अंकुरित होते हुए देखेंगे और उनका संवर्धन करेंगे। कार्यक्रम में ईको क्लब प्रभारी मुकेश कुमार विश्वकर्मा सदस्य कृष्ण कुमार पाण्डेय, डॉ. आशीष जैन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कल से

**मझौली।** शिव महापुराण एवं रुद्राभिषेक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण का आयोजन गांधी भवन मझौली में 27 जुलाई से 3 अगस्त तक किया जा रहा है। यह आयोजन गोविंद सरकार सेवा समिति मझौली के द्वारा भरभरा आश्रम श्री श्री 1008 वनवारी दास जी महाराज के सानिध्य में एवं भगवान विष्णु वाराह के आशीर्वाद से यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रूद्र अभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जाएगा। दोपहर बाद 2 बजे से शाम 6 बजे तक शिव महापुराण कथा वाचक आकर्षण महाराज जबलपुर के द्वारा किया जाएगा।

## संविधान और सामाजिक न्याय पर प्रतियोगिता होगी

कांग्रेस करायेगी आयोजन, नगद पुरुस्कार भी मिलेंगे

**जबलपुर।** जबलपुर में शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा बच्चों को संविधान के प्रति जागरूक करने और समानता के अधिकार का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से ‘भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय’ विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस पहल के माध्यम से आयोजक बच्चों के मन में एकता, अखंडता और समरसता का भाव विकसित करना चाहते हैं, ताकि भारत के भविष्य निर्माता अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझते हुए सामाजिक न्याय की भावना को आत्मसात कर सकें।

नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया यह प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की जा रही है। पहली श्रेणी में कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्र शामिल होंगे और वे चित्रकला में भाग ले सकेंगे। दूसरी श्रेणी कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए होगी, जिनका विषय भी चित्रकला ही होगा। तीसरी श्रेणी में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र निबंध प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसमें हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रविष्टियां स्वीकार की जाएंगी। प्रतियोगिता लगातार 6 रविवार को आयोजित की जाएगी। यह आयोजन 3 अगस्त से प्रारंभ होकर 7 सितंबर तक प्रत्येक रविवार दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक चलेगा। आयोजन स्थल हितकारिणी लॉ कॉलेज, विक्टोरिया अस्पताल के सामने निर्धारित किया गया है।



**मल्लिका दुबे-** यादव कॉलोनी निवासी वरिष्ठ पत्रकार सिद्धार्थ तिवारी एवं सौरव तिवारी की बहन मल्लिका दुबे (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश दुबे-** भारत कॉलोनी एलआईसी मदनमहल निवासी श्री कैलाश दुबे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सतीश चंद्र रजक-** बागड़ी मोहल्ला सदर निवासी श्री सतीश चंद्र रजक (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बच्चूमल रामवानी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री बच्चूमल रामवानी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सत्य भूषण शर्मा-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री सत्य भूषण शर्मा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सीता डुमार-** लालमाटी द्वारकानगर सिंधी गुरूद्वारा के पास निवासी श्री भोजनाथ डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सीता डुमार (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री किशन प्रसाद अग्रवाल-** गोपाल विहार कॉलोनी गोपालबाग




निवासी श्री किशन प्रसाद अग्रवाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामा खटीक-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री रामा खटीक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय नामदेव-** नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री द्वारका प्रसाद नामदेव के पुत्र श्री अजय उर्फ पप्पू नामदेव (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री फग्गू लाल बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री फग्गू लाल बंशकार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिखर उईके-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री कमलेश उईके के पुत्र श्री शिखर उईके (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाल्मीक सोनकर-** गुरंदी बाजार के पास निवासी श्री बाल्मीक सोनकर (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिलीप भूमिया-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री दिलीप भूमिया (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- [illegible] से.मी. ब्लेक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

### श्रम मंत्रालय ने इस योजना की दी जानकारी

# 1 अगस्त से शुरू होगी रोजगार प्रोत्साहन योजना, दो साल में 3.5 करोड़ रोजगार का लक्ष्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 'प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना' एक अगस्त, 2025 से लागू होगी। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी थी। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस योजना का उद्देश्य देश में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है। कुल 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 'प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना' (पीएमवीबीआरवाई) का लक्ष्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल में शामिल होंगे।

## अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक सृजित नौकरियों पर होगा लागू

इस योजना का लाभ एक अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित होने वाली नौकरियों पर लागू होगा। बयान के अनुसार, रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना एक अगस्त, 2025 से 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' (पीएम-वीबीआरवाई) के रूप में लागू होगी। यह नाम विकासशील भारत पहल के प्रति योजना के समग्र उद्देश्यों के अनुरूप है और देश में समावेशी और पर्यावरण अनुकूल रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- कैबिनेट ने इस योजना को दी थी मंजूरी
- योजना का उद्देश्य देश में रोजगार सजृन को प्रोत्साहित करना
- कुल 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली योजना




## पहली किस्त छह माह की सेवा के बाद देय होगी

पहली किस्त छह माह की सेवा के बाद देय होगी जबकि दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। बचत की आदत को बढ़ावा देने के लिए इस प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए बचत साधन या जमा खाते में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद में इसे निकाला जा सकेगा।

## कम से कम छह माह तक लगातार रोजगार

सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छह महीने तक लगातार रोजगार देने वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए, दो वर्षों तक 3000 रुपये प्रति माह तक का प्रोत्साहन देगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए, प्रोत्साहन राशि को तीसरे और चौथे वर्ष के लिए भी बढ़ाया जाएगा।

## विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

इस भाग में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को शामिल किया जाएगा, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ता एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन राशि प्राप्त करेंगे।

## विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगार का होगा सजृन

नियोक्ताओं को नए रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित करने वाली इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगार सृजन के लिए लाभ प्रदान करना है। यह रोजगार-आधारित विकास के माध्यम से आर्थिक वृद्धि को गति देने की भारत की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## भाग-बी नियोक्ताओं पर केंद्रित होगा

इस योजना के दो हिस्से हैं। भाग 'ए' पहली बार निवेश करने वालों पर केंद्रित है जबकि भाग 'बी' नियोक्ताओं पर केंद्रित है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए भाग 'ए' के तहत 15,000 रुपये तक का एक महीने का ईपीएफ अंशदान दो किस्तों में मिलेगा। एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे।

# सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स की 49% हिस्सेदारी खरीदेगी फीनिक्स

**नई दिल्ली।** फीनिक्स मिल्स लिमिटेड अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी आइलैंड स्टार मॉल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आईएसएमडीपीएल) में सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स से 5,450 करोड़ रुपये में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। फिलहाल, फीनिक्स मिल्स और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स) के पास आईएसएमडीपीएल में क्रमशः 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस सौदे के पूरा होने के बाद, आईएसएमडीपीएल में कंपनी की हिस्सेदारी मौजूदा 51 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी खुदरा-आधारित मिश्रित-उपयोग वाले गंतव्यों का विकास करती है। सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स और आईएसएमडीपीएल ने इस संयुक्त उद्यम से सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स को बाहर निकलने का रास्ता प्रदान करने के लिए एक समझौता किया है।पनी के निदेशक मंडल ने इस समझौते को मंजूरी दे दी है।

**कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी**
मो. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.- 7, जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

**सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई-निविदा विज्ञप्ति**

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में रैनकोट क्रय किये जाने हेतु प्रदायकताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 06.08.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500 /- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 2,000/- (रुपए दो हजार रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनॉक 06.08.2025 को सायं 05:00 बजे |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 07.08.2025 को सायं 05:00 बजे |

(गौरव शर्मा) भा.व.से.
वन मंडल अधिकारी,
सामान्य वनमंडल कटनी
G-16201/25

## खबर संक्षेप

### सिप्ला का लाभ 10 फीसदी बढ़कर 1,298 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 1,298 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि उसका मुनाफा भारत, यूरोप और अफ्रीका में बिक्री में मजबूत वृद्धि से बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका मुनाफा 1,178 करोड़ रुपये रहा था। सिप्ला ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसकी कुल परिचालन आय बढ़कर 6,957 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,694 करोड़ रुपये थी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूट 86.52 पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 86.52 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण स्थानीय मुद्रा पर और दबाव पड़ा।

### सोने में 500 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक व्यापार तनाव कम होने और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और यह आज यह 500 रुपये टूटकर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी शुक्रवार को 500 रुपये गिरकर 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जबकि पिछला बंद स्तर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

### वीएमएस टीएमटी को सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** वीएमएस टीएमटी लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। इस आईपीओ में 1.5 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे। शुद्ध आय में से 115 करोड़ रुपये का उपयोग कर्ज चुकाने और शेष राशि को सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए आवंटित करने का है। गुजरात स्थित कंपनी के शेयर को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। कंपनी ने पिछले साल सितंबर में इसी आकार के आईपीओ के लिए मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे, लेकिन बाद में 23 अक्टूबर को उसने दस्तावेज वापस ले लिए थे।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए से कई क्षेत्रों में निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने से भारतीय निर्यात को उपभोक्ता वस्तुओं, सौंदर्य प्रसाधनों और परिधान जैसे क्षेत्रों में बढ़ावा मिलेगा।

विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि बृहस्पतिवार को लंदन में संपन्न हुए इस समझौते का सबसे बड़ा फायदा ब्रिटेन की स्कॉच विनिर्माता होंगी क्योंकि उनके उच्च आयात शुल्क में भारी कमी आएगी। डेलॉयट इंडिया के साझेदार आनंद रामनाथन ने कहा कि इस समझौते के कारण भारत का विकसित व्हिस्की बाजार स्थापित एवं नई दोनों तरह की कंपनियों को वैश्विक पोर्टफोलियो विस्तार के लिए प्रोत्साहित करेगा। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि सेवाओं के व्यापार में भारत को आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवाओं, व्यावसायिक सेवाओं और शैक्षिक सेवाओं जैसे क्षेत्रों में ब्रिटेन की प्रतिबद्धताओं से फायदा होगा।

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473 , 2702442 CIN: U40109MP2002SGC015120 email: cepurez@yahoo.in
No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/III/1059 **ONLINE TENDER** Jabalpur, dtd: 21.07.2025
Online Tenders are invited for following items:-

| S. No. | TS No. (For e-Tendering Discom/ EZ/Pur | NAME OF ITEMS | Approx. Value (Rs. in Lakhs) | Tender fee (in Rs) | Due date & time of Opening of Tender online from15:00 Hrs(*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS-1603 (E-Tender No. 2025_PKVVC_438364_1) | Outsourcing of CA/ICWA firm HT revenue audit and system & expenditure audit of all offices of the Corporate office of MPPKVVCL | 1.58 | 590 | 13.08.2025 |

For updated/ extended due dates for opening fo tender (EMD in Cover-1 & Techno-Commercial bin in cover -2) Phase refer to the online key dates. For other details visit company website: www.mpez.co.in or https:// mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW "विदयुत ऋनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रु 50,000 तक का इनाम।" **CGM (S&P)**

**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**
क्रमांक /1235/लो.नि.निर्माण./2025 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी दिनांक:- 21/07/2025
निम्नलिखित कार्य हेतु केंन्दीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_438934_1 | मदनमोहन चौबे वार्ड क्रमांक 27 में स्थित दुर्गा मंदिर से रवि के घर तक एवं आनंद पाण्डेय के घर तक दोनों ओर नाली निर्माण कार्य। | 90 दिवस 3105998/- | 5000/- 23295/- | 25.08.2025 |
| 2 | 2025_UAD_438934_2 | मदनमोहन चौबे वार्ड क्रमांक 27 में बंघवा टोला में सी.सी. नाली निर्माण | 60 दिवस 551186/- | 2000/- 5512/- | 25.08.2025 |
| 3 | 2025_UAD_438934_3 | मदनमोहन चौबे वार्ड क्रमांक 27 में दुर्गा मंदिर से रवि के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य। | 90 दिवस 2156687/- | 5000/- 16175/- | 25.08.2025 |

कार्यपालन यंत्री
वास्ते- आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी

**कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**
क्रमांक / 4127/ जि.भू.अ./2025 सिवनी दिनांक 22/07/2025
भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15 (1) के अंतर्गत प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन तारीख से प्रावधानित समय सीमा 60 दिवस की अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण अधिनियम की धारा 15 (2) के अंतर्गत कोई रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं है। इस आधार पर समुचित सरकार का यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित परियोजना हेतु अनुसूची पद (2) में उल्लेखित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों की सार्वजनिक लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूची के पद (2) में वर्णित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तिया लोक प्रयोजन हेतु आपेक्षित है

**अनुसूची**

1- परियोजना का नाम :- भैसनवाही जलाशय परियोजना
2 भूमि का विवरण :-
(क) जिला - सिवनी (ख) तहसील - लखनादौन
(ग) नगर/ ग्राम - पायली, प.ह.नं.- 109 (घ) लगभग क्षेत्रफल - 0.63 हेक्टेयर

| स.क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्र. (हे. मे) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाऐं: उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | वृक्ष: प्रगति किस्म | संख्या | संरचनाऐं: प्रकार | प्लिथ एरिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 77/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | रमेश कुमार पिता प्रेमलाल जाति सुनार नि.ग्रा. भूमिस्वामी | रमेशकुमार की शेष भूमि | विन्नाबा ई पि मोह-नसिंह की भूमि | ग्राम ब्राम्हनवाडा की सरहद | महेश पि प्रेमलाल की भूमि | - | - | - | - |
| 2 | 77/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.06 | महेश पिता प्रेमलाल जाति सुनार नि.ग्रा. भूमिस्वामी | विन्नाबा ई पि मोहनसिंह की भूमि | रमेश पि प्रेमलाल की भूमि | ग्राम ब्राम्हनवाडा की सरहद | सुभाष पि. सुरेश की भूमि | - | - | - | - |
| 3 | 79/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.22 | बिन्नाबाई बेवा मोहनसिंह जाति राजपूत नि.ग्रा. भूमिस्वामी | विन्नाबा ई पि मोह नसिंह की शेष भूमि | गयाप्रसाद पि. रति राम की भूमि | ग्राम ब्राम्हनवाडा की सरहद | रामप्रसाद पि प्रेमलाल की भूमि | - | - | - | - |
| 4 | 78/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.01 | सुभाष पिता सुरेश जाति सुनार नि.ग्रा. भूमिस्वामी | विन्नाबा ई पि मोह नसिंह की शेष भूमि | सुभाष पि. सुरेश की शेष भूमि | महेश पि प्रेमलाल की भूमि | गयाप्रसाद पि. रति राम की भूमि | - | - | - | - |
| 5 | 78/5 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.01 | गयाप्रसाद पिता रति रामजाति सुनार नि.ग्रा. भूमिस्वामी | बेलाबाई बगैरह रामलाल की भूमि | विन्नाबा ई पि मोह नसिंह की शेष भूमि | सुभाष पि. सुरेश की शेष भूमि | रामप्रसाद पि प्रेमलाल की भूमि | - | - | - | - |
| 6 | 81/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | रामप्रसाद पिता प्रेमलाल जाति सोनी नि.ग्रा. भूमिस्वामी | विन्नाबा ई पि मोह नसिंह की शेष भूमि | दिनेश पि. गंगाप्रसाद की भूमि | गयाप्रसाद पि. रति राम की भूमि | सदन कुमार पि. प्रेमचंद की भूमि | - | - | - | - |
| 7 | 81/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.07 | सदन कुमार पिता प्रेमचंद जाति बनिया नि.ग्रा. भूमिस्वामी | सदन कुमार की शेष भूमि | सदन कुमार की शेष भूमि | रामप्रसाद पि प्रेमलाल की भूमि | रामप्रसाद पि प्रेमलाल की भूमि | - | - | - | - |
| 8 | 81/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.06 | | सदन कुमार की शेष भूमि | सदन कुमार की शेष भूमि | विन्नाबा ई पि मोह नसिंह की शेष भूमि | झामसिंह पि. ति-लोक सिंहकी भूमि | - | - | - | - |
| 9 | 83/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | झामसिंह पिता तिलोक सिंह जाति राजपूत नि.ग्रा. भूमिस्वामी | झामसिंह पि. तिलोक सिंह की शेष भूमि | झामसिंह पि. तिलोक सिंह की शेष भूमि | सदन कुमार पि. प्रेमचंद की भूमि | शासकीय नाला | - | - | - | - |
| 10 | 83/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | दुर्गेश साहू पिता चरनलाल साहू जाति तेली नि. जोगीगुफा भूमिस्वामी | झामसिंह पि. तिलोक सिंह की शेष भूमि | झामसिंह पि. तिलोक सिंह की शेष भूमि | सदन कुमार पि. प्रेमचंद की भूमि | शासकीय नाला | - | - | - | - |
| योग | 10 | | | 0.63 | | | | | | | | | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है।
2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 सिवनी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण जिसके लिये भूमि की आवश्यकता है :- भैसनवाही जलाशय परियोजना की दायी तट नहर निर्माण कार्य हेतु निजी भूमि अर्जन के संबंध में ।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(संस्कृति जैन )
कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)
G-16191/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत निर्माण शाखा – खुली निविदा
**निविदा क्रमांक– जबल/ एलसी/ टी/2025/08**
उप मुख्य विधुत इंजी. (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से ई–टेंडर आमंत्रित किया जाता है जिनके पास वैध 'A' श्रेणी का विद्युत लाईसेंस जो कि किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया हो (अपने फर्म के नाम पर या अपने नाम पर यदि सोल प्रोपराइटर या किसी एक पार्टनर के नाम पर हो। निम्न लिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन प्रस्ताव ही स्वीकार किये जायेंगे इस ठेका के विरुद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। **निविदा सुचना क्रमांक :** जबल/एलसी/टी/2025/08 दिनांक : 23.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में मदन महल स्टेशन के विकास के संबंध में विद्युतीकरण, फसाड लाइटिंग व्यवस्था और संबंधित कार्य, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत)** 9,76,88,719 .09/–, **निविदा फार्म की कीमत रूपये** : 0.00/–, **कार्यालय का पता** : उप, मुख्य विधुत इंजी. (निर्माण) भूतल सीपीएम कार्यालय भवन,जबलपुर 482001 (म.प्र.), **बिड सिक्युरीटी (रूपये)** : 6,38,500/–, **समापन अवधि** : 09 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : 14.08.2025 (15:00 बजे तक), **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 14.08.2025 (15:30 बजे तक या उपरात), निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेब साईड https://ireps-gov-in पर उपलब्ध है तथा उप. मुख्य विद्युत इंजी. (निर्माण), जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।
(हस्ता)
उप मुख्य विद्युत इंजी (निर्माण)
पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**केनरा बैंक** भारत सरकार का उपक्रम **Canara Bank** A Government of India Undertaking सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
**दवाबग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा**
सी–34, तृतीय तल, डीडीए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स
मूलचंद अस्पताल के सामने, डिफेंस कॉलोनी,
नई दिल्ली–110024 फोनः 011–35705069
**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com/ (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),, (सम्पर्क नं. 8291220220, ईमेलः Support.BAANKNET@psballiance.com या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई–नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई–वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपोइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एस ए एम शाखा दिल्ली<br>1. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालयः बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057<br>2. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., यूनिटः गांव चावरपाटा, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर, एमपी– 487330<br>3. श्री योगेंद्र सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057<br>4. श्रीमती रितु सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057 | 3.61 एकड भूमि साथ में खसरा नं. 226 में शेड बिल्डिंग, जोकि गाँव ग्राम चावरपाठा, तहसील – तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश–487330 में स्थित, यह सम्पत्ति मैसर्स योगराज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा लि. के नाम पर है।<br>भौतिक कब्जे के तहत | रुपये– 19,35,87,61,046.91 दिनांक 21.07.2025 तक प्लस ब्याज एवं लागत इत्यादि | a. 1,26,00,000/-<br>b. 12,60,000/-<br>c. 1,00,000/-<br>d. 23.07.2025 | 13.08.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>12.08.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | 11.08.2025 पूर्वाह्न 11.30 बजे से सायं 3.30 बजे के बीच श्री अभिषेक सिंह यादव (मो. 8979872232), श्री रजनीश कुमार सहायक महाप्रबंधक (मो. 9557966005) |
| 2 | एस ए एम शाखा दिल्ली<br>1. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालयः बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057<br>2. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., यूनिटः गांव चावरपाटा, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर, एमपी– 487330<br>3. श्री योगेंद्र सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057<br>4. श्रीमती रितु सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057 | 1. संपूर्ण भूतल, 1 सर्वेंट क्वार्टर, भवन के अंदर संपत्ति संख्या 62 से लगे ड्राइववे में 2 कार पार्किंग स्थल, साथ ही उक्त भवन के नीचे 992 वर्ग गज की फ्रीहोल्ड भूमि पर 25% अविभाजित और अविभाज्य स्वामित्व अधिकार।<br>बिक्री विलेख संख्या 2762 दिनांक 02.05.2003 के तहत योगेंद्र सिंह और रितु सिंह के नाम पर।<br>2. बेसमेंट का आगे का भाग (संपूर्ण बेसमेंट का 1/2 हिस्सा) जिसमें 1 पेंट्री और बाथरूम के साथ 1 हॉल है और साथ ही उक्त भवन के नीचे 992 वर्ग गज की फ्रीहोल्ड भूमि पर 7.5% अविभाजित और अविभाज्य स्वामित्व अधिकार।<br>बिक्री विलेख संख्या 2763 दिनांक 02.05.2003 के तहत योगेंद्र सिंह के नाम पर।<br>प्लॉट संख्या बी–63, पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057<br>संपत्ति बैंक के सांकेतिक कब्जे में है। | रुपये– 19,35,87,61,046.91 दिनांक 21.07.2025 तक प्लस ब्याज एवं लागत इत्यादि | a. 21,91,00,000/-<br>b. 2,19,10,000/-<br>c. 1,00,000/-<br>d. 23.07.2025 | 28.08.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>27.08.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | 25.08.2025 पूर्वाह्न 11.30 बजे से सायं 3.30 बजे के बीच श्री अभिषेक सिंह यादव (मो. 8979872232), श्री रजनीश कुमार सहायक महाप्रबंधक (मो. 9557966005) |

दिनांकः 25.07.2025, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## चिंतन

# झालावाड़ स्कूल हादसे के जिम्मेदारों को सजा मिले

राजस्थान के झालावाड़ के सरकारी स्कूल में हुए भीषण हादसे ने केवल इस राज्य को ही नहीं, बल्कि समूचे देश को झकझोर दिया है। झालावाड़ के पिपलोदी गांव स्थित एक स्कूल की छत ढहने से 7 मासूम बच्चों ने अपनी जान गंवा दी है, वहीं 27 बच्चे घायल हैं। देश गमगीन है। सबसे हैरत की बात यह है कि प्रशासन तभी हरकत में आता है, जब पिपलोदी गांव की तरह कोई बड़ा हादसा होता है। बड़ा सवाल है कि क्या यह महज हादसा है या शिक्षा तंत्र की प्रशासनिक लापरवाही का भयानक अंजाम? राजस्थान के शिक्षा मंत्रालय ने सभी जिलों को लिखित निर्देश दिया था कि बरसात से पहले अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के भवनों की स्थिति का मौका-मुआयना करें। राजस्थान में अधिकांश प्राइमरी स्कूलों के भवनों की हालत जर्जर है। यह स्थिति देश के अधिकांश अन्य सरकारी स्कूलों के भवनों की भी है। राजस्थान में चिंता की बात है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, उनके बेटे सांसद दुष्यंत सिंह, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के गृह जिले व अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में स्थिति खराब है। इस राज्य में पांच साल कांग्रेस व पांच साल भाजपा सत्ता में रहती है, ऐसे में सूबे के सरकारी स्कूलों की दुर्दशा के लिए दोनों ही दलों की सरकारें जिम्मेदार हैं। चुनावी राजनीति में रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा के चलते दलों व सरकारों के फोकस में शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषय नहीं हैं। राजस्थान सरकार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिक विद्यालय के भवनों की मरम्मत के लिए बजट केवल 225 करोड़ रुपये है, जबकि अनुमान के मुताबिक राज्य के करीब 60 फीसदी से अधिक स्कूल भवनों में सुधार की आवश्यकता है। अभी कहा जा रहा है कि भारी बारिश के चलते पीपलोदी के स्कूल भवन की छत गिर गई, लेकिन राजस्थान में अनेक स्कूलों के भवन जर्जर हालते में हैं। विगत चार महीनों में करीब 700 से अधिक शिकायतें स्कूल भवन को ठीक कराने संबंधी गई हैं, लेकिन अधिकांश मामले में बजट का रोना है। शिक्षा विभाग ने बेशक पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए झालावाड़ जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशक, और एसपी को नोटिस जारी कर 7 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है, लेकिन क्या जिन बच्चों की जान सरकारी लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते गई है, वो लौट कर आएगी? पीपलोदी गांव के लोग गुस्से में हैं और उनका क्रोधित होना जायज भी है। सरकार स्कूलों, अस्पतालों, पुलों व अन्य सरकारी भवनों की एक नियमित अंतराल पर जांच-परख के लिए नियम क्यों नहीं बनाती है, हम अपने बच्चों, नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कैसे कर सकते हैं। कोई निर्माण हुआ है तो, उसकी आयु भी होगी? देश में सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति आमतौर पर खराब है। कुछ स्कूलों के भवन इतने जर्जर हैं कि छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो गया है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। सरकारी स्कूलों में अपर्याप्त वित्तपोषण व उत्तरदायित्व की कमी है। सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, प्रौद्योगिकी वर्धित शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यक्रम, प्रज्ञाता, पीएम श्री स्कूल जैसी सरकारी पहलों से भी स्कूलों के बुनियादी ढांचे नहीं सुधर पा रहे हैं। वित्त पोषण के साथ शिक्षा तंत्र को जवाबदेह बनाना जरूरी है। बच्चों की मौत के जिम्मेदारों को सजा मिलनी जरूरी है।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण जरूरी

> एक हालिया शोध के अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं हैं, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है, लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।

डेमोग्रॉफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम,विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिलकर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है। अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। राज्य की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं।

विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। शोधकर्ताओं को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे।

राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता





हैं। इस शोध के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपास बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो 77 लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बबड़ हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के अनुसार राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं।

राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है, लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। इस वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है। सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है।

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर 100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है। स्वच्छ लोकतंत्र के लिए जरूरी स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची है। चुनाव आयोग का यह वैधानिक दायित्व है कि फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करे। आज की राजनीति अपने वोटरों को साधने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अपने प्रतिबद्ध वोटरों की रक्षा करने की हो गई है। बिहार में माना जाता है कि एमवाई समीकरण यानी मुस्लिम और यादव वोटर राष्ट्रीय जनता दल का समर्थक है। विपक्षी दलों को आशंका है कि बीजेपी के इशारे पर उसके इन्हीं वोटरों को काटा जा सकता है। चुनाव आयोग के प्रमुख टीएन शेषन और केजे राव जैसे अधिकारियों के आने के पहले तक राज्य में बूथ लूट की घटनाएं खुलेआम होती थीं। अब तो खैर वैसा नहीं होता, लेकिन फर्जी वोटरों के नाम पर कुछ भी हो सकता है। दबंग उम्मीदवार अपने पक्ष में फर्जी या मृत वोटरों के नाम पर मतदान कराकर अपने पक्ष में नतीजे मोड़ सकते हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## कारगिल युद्ध विशेष

डॉ. संदीप मलिक व डॉ. विवेक बल्यान

# अदम्य साहस, बलिदान और भारत की गौरवपूर्ण विजय

भारत के सैन्य इतिहास में 26 जुलाई 1999 वो ऐतिहासिक दिन है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह वह दिन था, जब भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल और असाधारण पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के नापाक इरादों को ध्वस्त करते हुए विजय पताका लहराई थी। पाकिस्तान पर यह जीत केवल भारतीय सैन्य क्षमता सफलता ही नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, अखंडता और एकता की मिसाल बन गई। कारगिल युद्ध एक ऐसा संघर्ष था जिसे पाकिस्तान ने छद्म युद्ध के रूप में भारत पर थोपा था। मई 1999 में आरंभ हुआ यह युद्ध लगभग दो महीने तक चला और 26 जुलाई को भारत ने तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद निर्णायक विजय के साथ समाप्त किया।

पाकिस्तान के साथ भारत के इस संघर्ष की शुरुआत 3 मई 1999 को तब हुई, जब एक स्थानीय चरवाहे ने भारतीय सेना को कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठ की सूचना दी। चरवाहे की सूचना पर जांच के लिए भेजी गई पेट्रोलिंग टीम पर पाकिस्तानी सैनिकों ने हमला कर दिया और पांच भारतीय जवानों की निर्मम हत्या कर दी गई। पाकिस्तान की इस घुसपैठ की योजना बेहद सुनियोजित थी। इसका प्रमाण यह था कि पाकिस्तान ने अपने सैनिकों को कश्मीर के आतंकवादियों की आड़ में कारगिल, द्रास, ककसर और बटालिक जैसे क्षेत्रों में भेजा। उनका उद्देश्य था श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर नियंत्रण पाकर सियाचिन और लेह को भारत से काट देना। साथ ही, पाकिस्तान इस युद्ध के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करना चाहता था। हालांकि पाकिस्तान ने शुरू में इसे कश्मीर के 'मुजाहिदीन' की कार्रवाई कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि इस दुस्साहस के पीछे पाकिस्तान की सेना थी, जिसका नेतृत्व जनरल परवेज़ मुशर्रफ कर रहे थे।


भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन विजय' की शुरुआत की। इस ऑपरेशन में भारतीय थलसेना और वायुसेना दोनों ने निर्णायक भूमिका निभाई। भारतीय वायुसेना ने 26 मई 1999 से हवाई कार्रवाई शुरू की, जिसमें मिग-27 और मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों से दुश्मन के ठिकानों पर बमबारी की गई। वहीं, थलसेना ने अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों 18,000 फीट की ऊंचाई, बर्फीली पहाड़ियों और दुर्गम दर्रों में युद्ध करते हुए टोलोलिंग, प्वाइंट 5140, प्वाइंट 4875 और टाइगर हिल जैसी सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण चोटियों को पुनः अपने नियंत्रण में लेकर अपने पराक्रम का परिचय दिया। कारगिल के इस युद्ध में भारतीय सेना ने 2.5 लाख से अधिक गोलियां दागीं, 300 से अधिक मोर्टार, तोप और रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल करते हुए 5000 बम गिराए। प्रतिदिन औसतन हर मिनट एक राउंड फायरिंग होती रही। पाकिस्तान के साथ यह संघर्ष आधुनिक सैन्य इतिहास के सबसे कठिन युद्धों में से एक माना जाता है। 26 जुलाई 1999 को अंततः पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा और भारत ने विजय पताका फहराई लेकिन यह विजय सस्ती नहीं थी। 527 वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी और 1363 जवान घायल हुए।

कई वीरों को उनकी असाधारण वीरता के लिए भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा (मरणोपरांत), लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे (मरणोपरांत), ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव व राइफलमैन संजय कुमार का नाम शामिल था। कारगिल युद्ध ने यह साफ कर दिया कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की साजिश को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी नकारा और भारत की स्थिति को नैतिक और कूटनीतिक समर्थन प्राप्त हुआ। यह युद्ध भारत की सैन्य ताकत के साथ-साथ उसकी राजनीतिक परिपक्वता और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत भी थी।

भारत की जीत को प्रतिवर्ष 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमें हमारे शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि हमें यह भी सिखाता है कि एकजुटता, धैर्य, और अद्वितीय साहस के साथ कोई भी युद्ध जीता जा सकता है। कारगिल युद्ध भारत की सीमाओं की रक्षा में नतमस्तक हो जाने वाले वीर सपूतों की अमर गाथा है यह इतिहास का हिस्सा नहीं, भारत की आत्मा का हिस्सा है।

(लेखक द्वय जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के शैक्षणिक प्रमुख तथा सचिव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# बहुत सारे काम के बदले किसी एक काम को बेहतर करें



संकलित
## प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## सटाका




## आज की पाती

### विमानन क्षेत्र में सुधार समीक्षा की दरकार

हाल में बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की जांच कराए और तय करे कि तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए।

-संकेत अग्रवाल, जगदलपुर

## करंट अफेयर

# फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा फ्रांस

फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की कि उनका देश फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। इजराइल ने फ्रांस के इस फैसले की निंदा की है। इजराइल के हमले के कारण खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के संकट से जूझ रहे गाजा में मौजूदा हालात को लेकर दुनिया भर के देशों में व्याप्त आक्रोश के बीच फ्रांस के इस फैसले को साहसिक कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस फैसले को औपचारिक रूप देंगे। उन्होंने लिखा, ''आज सबसे जरूरी बात यह है कि गाजा में युद्ध रुके और आम नागरिकों की जान बचे।'' गाजा में युद्ध और मानवीय संकट बढ़ने के कारण अधिकतर देशों के कई सांकेतिक कदम इजराइल पर कूटनीतिक दबाव डालने वाले रहे हैं। फ्रांस अब फलस्तीन को मान्यता देने वाली सबसे बड़ी पश्चिमी शक्ति बन गया है और उसका यह कदम अन्य देशों के लिए भी ऐसा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वर्ष 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में इजराइल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पर कब्जा कर लिया था और फलस्तीनी कब्जा किए गए इन क्षेत्रों को मिलाकर एक स्वतंत्र राष्ट्र की मांग कर रहे हैं।



## ऑफ बीट

# क्या चैटजीपीटी हमें मूर्ख बना रहा है?

द अटलांटिक ने 2008 में एक विचारोत्तेजक मुख्य पृष्ठ लेख के साथ विवाद को जन्म दिया : क्या गूगल हमें मूर्ख बना रहा है? लेखक निकोलस कार्र ने सुझाव दिया कि इसका उत्तर हां है, तथा तर्क दिया कि सर्च इंजन जैसी प्रौद्योगिकी अमेरिकी लोगों की गहराई से सोचने और ज्ञान को बनाए रखने की क्षमता को क्षीण कर रही है। कार्र की चिंता का मूल यह विचार था कि लोगों को अब तथ्यों को याद रखने या सीखने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे उन्हें तुरंत ऑनलाइन खोज सकते हैं। हालांकि इसमें कुछ सच्चाई हो सकती है, लेकिन सर्च इंजन अब भी उपयोगकर्ताओं से परिणामों की व्याख्या और संदर्भ निर्धारण के लिए आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं। आज की बात करें तो, एक और भी परिवर्तनकारी तकनीकी बदलाव हो रहा है। चैटजीपीटी जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) जनित सामग्री के सामने आने के साथ, इंटरनेट उपयोगकर्ता केवल स्मृति का ही आउटसोर्सिंग नहीं कर रहे हैं – बल्कि वे सोच का भी आउटसोर्सिंग कर रहे हैं। एआई जनित सामग्री तैयार करने वाले सॉफ्टवेयर केवल जानकारी प्रेषित नहीं करते बल्कि उसे सृजित भी कर सकते हैं, उसका विश्लेषण भी कर सकते हैं और उसका सारांश भी तैयार कर सकते हैं। यह एक बुनियादी बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है।



## ट्रेंड

### पीपीपी मॉडल



स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज हमारा पीपीपी मॉडल पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन रहा है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिसमें अब तक 4 मेडिकल कॉलेज खुल चुके हैं।

-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### कानून मंत्री का बयान सही



देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान उचित एवं सराहनीय है, जिसमें उन्होंने कहा है कि संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) शब्द हटाने की सरकार की न कोई नीयत है और न ही इस पर विचार किया जा रहा है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### इलेक्शन चोरी



हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है! महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। बिहार में एसआईआर के नाम पर एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक भाइयों-बहनों के वोट चुराए जा रहे हैं।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### व्यापार समझौता



भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता वास्तव में वर्तमान ब्रिटिश लेबर सरकार को पतन से बचाता है। एक पूर्व उपनिवेश (भारत) उस उपनिवेशवादी (इंग्लैंड) की अर्थव्यवस्था को सहारा देता है, जिसने कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था!! बधाई।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हाईकोर्ट ने दिए 2 अहम फैसले और नसीहत

# सीपीएम गाजा और इजराइल के मुद्दे छोड़कर भारत के मसलों पर ध्यान दे

## नरसंहार के खिलाफ मांगी थी प्रदर्शन की अनुमति, कोर्ट ने कहा- देशभक्ति दिखाएं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गाजा में इजराइल की ओर से किए जा रहे कथित नरसंहार के खिलाफ प्रदर्शन की अनुमति के लिए वामपंथी दल सीपीएम ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अदालत ने प्रदर्शन की अनुमति तो नहीं दी, लेकिन यह नसीहत जरूर दी कि हजारों मील दूर के किसी मसले की बजाय भारत के किसी मुद्दे पर ध्यान दे। सीपीएम की मांग थी कि उसे आजाद मैदान पर प्रदर्शन की अनुमति दी जाए, जिससे मुंबई पुलिस ने इनकार कर दिया है। जस्टिस रविंद्र घुगे और गौतम अखंड की बेंच ने अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि आपको ऐसे मसलों पर ध्यान देना चाहिए, जिनका भारत पर असर होता हो।

### आप लोगों की दूरदृष्टि नहीं, अपने देश को देखिए

बेंच ने कहा कि हमारे ही देश में तमाम मुद्दे हैं। हम ऐसा कुछ नहीं कहना चाहते हैं। मैं माफी चाहूंगा, लेकिन यह सही है कि आप लोगों की दूरदृष्टि नहीं है। आप लोग गाजा के मुद्दों को देख पा रहे हैं। फिलिस्तीन की चर्चा कर रहे हैं। अपने ही देश में देखिए। देशभक्त बनें। यह देशभक्ति नहीं है। लोग कहते हैं कि वे देशभक्त हैं। बेंच ने कहा कि आपकी पार्टी गाजा की बजाय भारत में प्रदूषण, बाढ़, नाला, कूड़ा डंपिंग जैसे मुद्दों को उठा सकती है। हम सिर्फ उदाहरण दे रहे हैं। ये ऐसे मसले हैं, जिनसे आम लोग प्रभावित हैं। आप ऐसे राजनीतिक संगठन है, जिसका पंजीकरण भारत में हैं।

### आपकी मांग भारतीय विदेश नीति के खिलाफ



अदालत ने कहा कि आप देश के ऐसे किसी मसले पर आंदोलन नहीं कर रहे हैं, लेकिन ऐसे विषय पर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं, जो देश से बाहर का है और हजारों मील दूर का मसला है। बेंच ने यह भी कहा कि आपकी ओर से प्रदर्शन की मांग करना सरकार की विदेश नीति के विपरीत है। ऐसे में आंदोलन करने के संभावित कूटनीतिक परिणाम भी हो सकते हैं। आप फिलिस्तीन का पक्ष लेंगे या फिर इजरायल की तरफ जाएंगे। आप ऐसा करना ही क्यों चाहते हैं?

**विदेश नीति का हवाला देकर पुलिस ने खारिज की हमारी मांग**

दरअसल 17 जून को मुंबई पुलिस ने सीपीएम की उस मांग को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने आजाद मैदान में आंदोलन करने की परमिशन मांगी थी। पार्टी का कहना था कि गाजा में हो रहे नरसंहार के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी है, जिसके लिए परमिशन दी जाए। हालांकि मुंबई पुलिस ने इससे इनकार कर दिया।

उधर, दिल्ली हाई कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज

## लड़की के साथ दोस्ती का अर्थ ये नहीं कि यौन संबंध का अधिकार मिल गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने युवक की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि सिर्फ दोस्ती होने कारण किसी पुरुष को लड़की की सहमति के बिना यौन संबंध बनाने का अधिकार नहीं मिल जाता है। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया की पीठ ने लड़की के साथ सहमति से संबंध बनाने के पुरुष के दावे को खारिज कर दिया कि नाबालिग के मामले में सहमति भी वैध नहीं है। पीड़िता ने एफआईआर में आरोप लगाया है। विरोध के बावजूद संबंध बनाए।




### पुरुष के दावे को किया अमान्य

न्यायमूर्ति कठपालिया ने लड़की के साथ सहमति से संबंध बनाने के पुरुष के दावे को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि नाबालिग के मामले में सहमति भी वैध नहीं है। इसके अलावा, मौजूदा मामले में सहमति भी वैध नहीं होगी क्योंकि अभियोक्ता नाबालिग थी।

**आरोपी ने लड़की को दी थी धमकी :** अप्रैल 2023 में, विकासपुरी स्थित एनडीएमसी अपार्टमेंट में निर्माण मजदूर के रूप में काम करने वाले व्यक्ति ने नाबालिग से दोस्ती की और उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपित ने लड़की को धमकी भी दी थी।

## खबर संक्षेप

### आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में परिसीमन नहीं होगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा सीटों के परिसीमन की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद के तहत 2026 के बाद की जनगणना तक परिसीमन की अनुमति नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी की है।

### त्रिपुरा में जल्द खुलेंगे 6 एकलव्य मॉडल स्कूल




**नई दिल्ली।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय ने त्रिपुरा के लिए 21 एकलव्य विद्यालयों को मंजूरी दी है, जिनमें से 6 बहुत जल्द खुलने वाले हैं और शेष विद्यालय अगले वर्ष तक तैयार हो जाएंगे। इन 6 स्कूलों के जुड़ने से राज्य में एकलव्य मॉडल विद्यालयों की संख्या बढ़कर 12 हो जाएगी। पूर्वोत्तर भारत को आगे बढ़ाने के लिए यह एक अहम उपलब्धि है।

### लोजपा के 38 नेताओं का एक साथ इस्तीफा



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को उनके घर खगड़िया में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 38 नेताओं ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है जिनमें प्रदेश महासचिव रतन पासवान भी शामिल हैं। इसकी वजह सांसद राजेश वर्मा की कार्यशैली बताई जा रही है। चिराग के पिता रामविलास पासवान ने यहीं पार्टी की नींव डाली थी।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन 6 माह फिर बढ़ा



**इंफाल।** मणिपुर एक बार फिर राष्ट्रीय चर्चाओं की सुर्खियों में है। पूर्वोत्तर भारत का यह संवेदनशील राज्य बीते दो सालों से जातीय हिंसा, सामाजिक तनाव और प्रशासनिक अस्थिरता से जूझ रहा है। केंद्र सरकार ने मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन को फिर छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह13 अगस्त 2025 से शुरू होकर अगले छह महीने तक लागू रहेगा।

### मनरेगा के तहत मजदूरी दरों में 5 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत अकुशल श्रमिकों की मजदूरी दरों में औसतन 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि यह संशोधित दरें बताई।

## तालकटोरा स्टेडियम में 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' में राहुल ने कई मुद्दों पर की बात

# कांग्रेस व मेरे काम में कुछ कमी रह गई, मैंने गलती की, हम ओबीसी की रक्षा नहीं कर पाए

### मुझे ओबीसी वर्ग की जिस तरह से रक्षा करनी थी, मैंने नहीं की







एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक बार फिर ओबीसी के मुद्दे पर खुलकर बात की। राहुल ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' में एससी-एसटी, ओबीसी वर्ग के मुद्दों पर दमदार ढंग से उठाया। 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संगठन के तमाम आला पदाधिकारी मौजूद रहे। राहुल ने कहा कि मुझे राजनीति में आए 21 साल हो गए हैं और इस दौरान मैंने जमीन अधिग्रहण बिल, मनरेगा, भोजन का अधिकार और ट्राइबल बिल की लड़ाई लड़ी लेकिन मुझसे कहीं कुछ कमी रह गई। राहुल ने कहा कि कांग्रेस और मेरे काम में एक कमी रह गई। मुझे ओबीसी वर्ग की जिस तरह से रक्षा करनी थी, मैंने नहीं की। इसका कारण था कि मुझे ओबीसी के मुद्दे उस वक्त गहराई से नहीं समझ आए थे। 10-15 साल पहले दलितों-आदिवासियों के सामने जो कठिनाइयां थीं, वो मुझे अच्छी तरह समझ आ गई थीं।

**मुझे राजनीति में आए 21 साल हो गए**

### युवा अपनी ताकत को पहचानें

जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल ओबीसी युवाओं से अपनी ताकत पहचानने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ओबीसी युवाओं से मेरी सबसे बड़ी शिकायत यह है कि वे अपनी ताकत नहीं समझते। एक बार जब वे अपनी ताकत समझ जाएंगे, तो पूरा परिदृश्य बदल जाएगा।

### तब जातिगत गणना करवा देते तो आज जैसी नहीं होती

राहुल ने कहा कि ओबीसी की मुश्किलें छुपी रहती हैं। मुझे अगर आपके मुद्दों और परेशानियों के बारे में उस वक्त पता होता तो मैं उसी वक्त जातिगत जनगणना करवा देता। वो मेरी गलती है, जिसे मैं ठीक करने जा रहा हूं। ये एक तरह से अच्छा ही हुआ, क्योंकि अगर उस समय मैंने जातिगत गणना करवा दी होती तो वो आज जैसी नहीं होती।

### पीएम मोदी में कोई दम नहीं मीडिया ने गुब्बारा बनाया

राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि वह प्रधानमंत्री मोदी से कई बार मिल चुके हैं और उनमें कोई दम नहीं है। पीएम मोदी कोई बड़ी समस्या नहीं हैं। मीडिया वालों ने सिर्फ गुब्बारा बना रखा है।

महासम्मेलन में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

### संघ और भाजपा जहर जैसे... मोदी झूठों के सरदार



उपरोक्त कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी पिछड़ों और दलितों के लिए लड़ते हैं। अगर लोकसभा चुनाव में 30 सीटें और आतीं तो हम सत्ता में होते। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि वे झूठों के सरदार हैं। झूठ बोलने का ही उनका काम है। दो करोड़ नौकरी देंगे, झूठ बोले। काला धन देश में लाकर पैसे दूंगा, वो भी झूठ बोले। एमएसपी को लेकर झूठ बोले। ओबीसी वर्ग की आय बढ़ाने को लेकर भी झूठ बोले। हर चीज पर झूठ बोलते हैं। वे झूठों के सरदार हैं।


**देश को कांग्रेस ने जो दिया, कोई इनकार नहीं कर सकता :** हमें एकजुट होकर लड़ना पड़ेगा। ये लोग आपको बांटने की कोशिश कर रहे हैं। इस देश को कांग्रेस ने जो दिया है, उससे कोई इनकार नहीं कर सकता।खरगे ने कहा कि ओबीसी की जाति जनगणना होनी चाहिए।

'सर' पर तकरार, संसद ठप बरकरार

### इंडिया ब्लॉक ने संसद के बाहर किया हंगामा, लिस्ट फाड़कर किया विरोध

बिहार में चल रही मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने संसद परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, डिंपल यादव समेत कई सांसदों ने प्रतीकात्मक रूप से वोटर सूची की कॉपी फाड़कर उसे कूड़ेदान में फेंका और सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। नेताओं का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया चुनाव से ठीक पहले चलाकर जनता के मतदान अधिकार को छीनने की कोशिश है। उनके साथसपा सांसद डिंपल यादव भी थीं। प्रियंका ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को वोटर लिस्ट की जानकारी होनी चाहिए।

### स्पीकर ने जताई आपत्ति, नियमानुसार चलेगा सदन



लोकसभा स्थगित करने से पहले लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से निचले सदन को सामान्य रूप से चलने देने का आग्रह किया और बैनरों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह गतिरोध ठीक नहीं है। गतिरोध समाप्त करने के लिए चर्चा होगी। सरकार के प्रतिनिधि भी होंगे। अगर कोई असहमति है, तो उसे सदन के नियमों के अनुसार व्यक्त किया जाना चाहिए ।

संसद में हंगामे पर रिजिजू की दो टूक

### विपक्ष तय नहीं कर सकता प्रधानमंत्री कब बोलें ?



ऑपरेशन सिंदूर और संसद के मानसून सत्रके दौरान चल रहे हंगामे को लेकर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि चर्चा के दौरान विपक्ष से कौन बोलेगा यह सरकार तय नहीं कर सकती है और सरकार से कौन बोलेगा, यह विपक्ष तय नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सारे मुद्दे हमने सुने और उस पर विचार करेंगे लेकिन एक साथ सब पर चर्चा नहीं हो सकती है।

ओडिशा के वन अधिकारी के घर छापा

## आवास ने उगले 1.44 करोड़ नकद, डेढ़ किलो सोना और बिस्कुट



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भ्रष्टाचार निरोधक सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने ओडिशा के वन विभाग के अधिकारी रामचंद्र नेपक के आवास से 1.44 करोड़ नकद और 1.5 किलोग्राम सोना बरामद किया। यह अफसर कोरापुट जिले में उप रेंजर के रूप में कार्यरत है। सतर्कता विभाग ने जेपोर वन रेंज के उप रेंजर-सह-प्रभारी रेंजर राम चंद्र नेपक के 6 ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह तलाशी अभियान उनके आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोप के आधार पर चलाया गया। विभाग ने कहा कि अधिकारी का सकल मासिक वेतन शुद्ध 69,680 है। नेपक ने नौ मार्च, 1989 को कोरापुट में सामाजिक वानिकी प्रभाग के अंतर्गत एक ग्राम वन कर्मी के रूप में अपना करियर शुरू किया था।

### गुप्त तिजोरी में छिपाई थी रकम और सोना और चांदी

नेपक के खिलाफ छापेमारी के तहत उनके जेपोर टाउन के गोल्डन हाइट रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में स्थित फ्लैट में एक गुप्त तिजोरी में छिपाए गए लगभग 1.4 करोड़ बरामद हुए हैं। गिनती के लिए मशीनें लगा दी गई हैं और गिनती का काम जारी है। इसमें यह भी कहा गया है कि 1.5 किलोग्राम सोना, 4.63 किलोग्राम चांदी, सोने के चार बिस्कुट, सोने के 16 सिक्के और जेपोर टाउन में दो उच्च कीमत के भूखंडों का भी पता चला है। नेपक ने दावा किया कि उनके यहां पाई गई संपत्तियां उनके बेटे और पत्नी की हैं, जो कारोबार कर रहे हैं। सोने और चांदी की बरामदगी के बारे में उन्होंने कहा कि सोना और चांदी उन्हें और उनके बेटे की शादी के दौरान उपहार के रूप में मिले थे। इसमें कुछ भी अवैध नहीं है। विभाग ने कहा कि छापेमारी जारी है।

उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां तेज

## चुनाव आयोग से नियुक्त किए गए रिटर्निंग-सहायक रिटर्निंग अधिकारी

*राज्यसभा सचिवालय की संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निदेशक विजय कुमार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं।




शआयोग ने चुनाव से जुड़ी अहम प्रक्रिया शुरू करते हुए रिटर्निंग अधिकारी और दो सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। यह चुनाव राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम और राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति निर्वाचन नियम, के मुताबिक होगा। इस नियम के तहत, केंद्र सरकार से परामर्श कर आयोग एक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त करता है।

### धनखड़ को विपक्ष देगा फेयरवेल डिनर

विपक्षी दलों ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को फेयरवेल डिनर के लिए आमंत्रित किया है। विपक्षी दलों की ओर से राज्यसभा के वर्किंग एडवाइजरी कमेटी की बैठक इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया गया. विपक्ष ने कहा कि 74 वर्षीय धनखड़ को राज्यसभा में अपना विदाई भाषण तक देने का मौका नहीं मिला। इसी मुद्दे को और जोर देने के लिए विपक्षी दलों ने एक विशेष फेयरवेल डिनर का आयोजन किया है, जिसमें पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को औपचारिक रूप से विदाई दी जा सके।

## वन मेडिसिन वन प्राइस होना चाहिए चंद्रशेखर आजाद




**नई दिल्ली।** देश में महंगी दवाइयों की समस्या काफी पुरानी हो चुकी है, सरकार की तरफ से तमाम दावे किए जाते हैं, कई बार योजनाएं भी आती हैं, लेकिन गरीब आदमी के पास सस्ती दवाइयां उपलब्ध होना एक चुनौती है। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने जोर देकर बोला है कि देश को अब 'वन मेडिसिन वन प्राइस' की जरूरत है।

बेंगलुरु के द रामेश्वरम कैफे के खाने में खुद मिलाया कीड़ा

पुलिस में शिकायत दर्ज

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगने लगा 25 लाख की 'रंगदारी'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के मशहूर रेस्त्रां द रामेश्वरम कैफे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। रेस्त्रां का कहना है कि कुछ लोगों ने उनके बेंगलुरु एयरपोर्ट आउटलेट पर खाने में मिलावट का झूठा नाटक किया। उन्होंने ब्रांड को बदनाम करने और पैसे वसूलने की कोशिश की। एक ग्राहक ने आरोप लगाया था कि उसे गुरुवार को कैफे के एयरपोर्ट आउटलेट पर परोसे गए एक व्यंजन में एक कीड़ा मिला था। उसने अपने भोजन में कीड़े का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया। रेस्त्रां का कहना है कि यह सब उन्हें बदनाम करने की साज़िश थी। उन्होंने पुलिस को सबूत भी दिए हैं और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### समूह ने सार्वजनिक रूप से हंगामा किया

कैफे के मैनेजमेंट ने कहा कि 5-7 लोगों के एक समूह ने सार्वजनिक रूप से हंगामा किया। उन्होंने झूठा आरोप लगाया



कि परोसे गए भोजन में एक कीड़ा था। रेस्त्रां का कहना है कि उन लोगों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और बदले में 25 लाख रुपएकी मांग की। उन लोगों ने धमकी दी कि अगर उन्हें पैसे नहीं दिए गए तो वे वीडियो को सोशल मीडिया पर फैला देंगे, जिससे ब्रांड की प्रतिष्ठा को नुकसान होगा। इसके तुरंत बाद टीम को एक फोन आया जिसमें ब्रांड की प्रतिष्ठा को नुकसान से बचाने के लिए नकद देने की मांग की गई।

हाईकोर्ट ने शहीदों से संबंधित विवाद पर दिया अहम फैसला

# सैनिक को साथी ने गोली मार दी हो तो भी वह लाभ का पात्र

### पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा-उसे वंचित नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शहीद सैनिकों को लेकर एक अहम फैसला दिया। अदालत ने कहा कि साथी की गोली से मरे सैनिक को शहीद जवान को मिलने वाले लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है.तो उसे युद्ध में शहीद होने वाले सैनिकों को मिलने वाले लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता।



### पेंशन देने का दिया निर्देश

जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की पीठ ने 16 जुलाई को दावा के लिए आवेदन करने में देरी सहित कई आधारों पर देवी को पेंशन देने से इनकार करने की केंद्र की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है तो उसे किसी भी तरह से उन लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता जो उन सैनिकों को मिलते हैं।

**रक्षा मंत्रालय उसे उदारीकृत पेंशन दे**

अदालत इस दलील से भी संतुष्ट नहीं हुई कि आवेदन दाखिल करने में देरी हुई क्योंकि पेंशन, जिसका हकदार राष्ट्र की सेवा करने वाला कर्मचारी हर महीने होता है, एक सतत कारण है। एएफटी ने रक्षा मंत्रालय को देवी के उदारीकृत पारिवारिक पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। उसे पेंशन दें।

### प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार हो

अदालत ने यह फैसला याचिकाकर्ताओं भारत संघ और अन्य द्वारा सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) के 22 फरवरी, 2022 के आदेश को दी गई चुनौती पर सुनवाई करते हुए सुनाया। एएफटी ने प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। देवी का बेटा भारतीय सेना का जवान था और जम्मू-कश्मीर में 'ऑपरेशन रक्षक' में ड्यूटी पर तैनात था और 21 अक्टूबर 1991 को एक साथी सैनिक द्वारा चलाई गई गोली के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।

मोइत्रा ने एसआईआर पर किए सवाल

## शाह बताएं कि बिहार में 56 लाख घुसपैठिए कैसे आए? इस्तीफा दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने यह सवाल करते हुए कि बिहार में 56 लाख अवैध वोटर



कैसे आ गए, गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग कर दी है। उन्होंने चुनाव आयोग की ओर से बिहार में जारी वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) पर तीखा हमला बोला है। मोइत्रा ने कहा है कि सीमा-संबंधी मसला केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आता है, इसलिए गृहमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। एसआईआर के मुद्दे पर संसद का मानसून सत्र नहीं चल पा रहा है।

### गृह मंत्रालय क्या कर रहा था?

टीएमसी सांसद मोइत्रा ने कहा कि अगर केंद्र सरकार सोचती है कि बिहार में 56 लाख लोग घुसपैठ करके आ गए तो गृह मंत्रालय क्या कर रहा था? यह गृह मंत्री की जिम्मेदारी है और उन्हें रिजाइन कर देना चाहिए। मोइत्रा ने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है।

# जबलपुर में चलाया जा रहा नशा मुक्ति जनजागरण अभियान

# नशे से दूरी, है जरूरी" रैली से लेकर रंगोली तक जागरूकता की अनूठी पहल

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार "नशे से दूरी, है जरूरी" शीर्षक से 15 दिवसीय नशा मुक्ति जनजागरण अभियान पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में भी पुलिस प्रशासन द्वारा जनजागरण के विभिन्न माध्यमों से अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत गुरुवार को आटो चालकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। एएसपी यातायात पल्लवी शुक्ला ने मालगोदाम चौक पर आटो चालकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया। इसके उपरांत हाथ में तिरंगे झंडे और 'नशामुक्त समाज' की भावना लिए ऑटो चालकों की रैली मालगोदाम चौक से रवाना हुई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई तीन पत्ती चौक पर समाप्त हुई।





## थाना स्तर पर भी विभिन्न माध्यमों से संदेश

अभियान के दौरान थाना सिविल लाइन, चरगवां, पाटन, तिलवारा, कुण्डम, कैंट, संजीवनी नगर, मदनमहल, कटंगी व लार्डगंज थाना क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीयजन, विद्यार्थी एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार क्राइस्ट चर्च स्कूल व सरस्वती विद्यालय, जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के बीच निबंध व रंगोली प्रतियोगिता कराकर नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाई गई। वहीं कोतवाली क्षेत्र में जागरूकता रथ के माध्यम से पोस्टर, फ्लैक्स और उद्घोषणा द्वारा नशा विरोधी संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया।

## यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर डीएसपी यातायात संतोष शुक्ला, बैजनाथ प्रजापति, संगीता डामोर, यातायात टीआई इंद्रा सिंह सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेठ गोविंददास अस्पताल में विभागीय समिति अध्यक्ष बने बृजेश मिश्रा



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव देवेन्द्र पचौरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में फील्ड कर्मचारियों की आईएफएमएस सॉफ्टवेयर में गलत जानकारी को सही करने, जन्मतिथि में सुधार करने, समग्र और आधार को लिंक करने समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाने, समयमान वेतनमान का लाभ शीघ्र दिलाने, रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने सहित अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु विभागीय समिति का गठन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की विभागीय समिति में अध्यक्ष बृजेश मिश्रा, सचिव एसपी बाथरे, कोषाध्यक्ष निशांक तिवारी, उपाध्यक्ष अंकित चौरसिया तथा सहसचिव शैलेन्द्र दुबे को जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, सचिव देवेन्द्र पचौरी एवं कोषाध्यक्ष आलोक अग्निहोत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। समस्त कर्मचारियों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेन्द्र दुबे, एसके श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, वीरेन्द्र चंदेल, परशुराम तिवारी, नीरज कौरव, जवाहर लोधी, चूरामन गूजर, कमलेश कोरी, अमिल पटेल, रोहित डागर, सौरभ चौहटेल, अनिल उसरेठे, सतीश देशमुख, योगेश कपूर सहित अन्य ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की।

# चलो वृंदावन धाम राधे-राधे गाएंगे, संकीर्तन की रही चहुंओर गूँज

## श्रावण मास में बड़ी खेरमाई मंदिर में हुआ हरिनाम संकीर्तन



**जबलपुर।** श्रावण मास चलो वृंदावन धाम राधे-राधे गाएंगे, की चहुंओर गुंजायमान गूँज के साथ बड़ी खेरमाई मंदिर में हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन पं. मनमोहन दुबे के आचार्यत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा कि मनुष्य की सभी व्याधियों का अंत प्रभु स्मरण मात्र से संभव है, हर पल, हर क्षण प्रभु नाम सुमिरन करते रहना चाहिए। इस अवसर पर संयोजक देवेन्द्र नेमा, सरिता-निर्मल, नम्रता-जितेंद्र शर्मा, कृष्णा-सत्यप्रकाश नामदेव, सुनीता-रंजीत राय, पुष्पा-डॉ. सुरेन्द्र नामदेव, सपना-सुनील नामदेव, वनिता-सुभाष नामदेव, ज्योति शर्मा, सरोज पं. प्रदीप दुबे, अवधेश खरे, विशाल पंड्या आदि उपस्थित रहे। मण्डल ने सर्व धर्मानुरागीजनों से उपस्थिति हेतु अनुरोध किया है।

## खस्ताहाल सड़क के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

जबलपुर। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस पार्षद दल द्वारा क्रमबद्ध तरीके से ऐसे निर्माण कार्य जो कुछ ही माह में हुए हैं और आज उनकी हालत खस्ताहाल है उन पर मौके पर जाकर प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में विगत डेढ़ वर्ष पूर्व निर्मित एमआर-4 रोड की सड़क जो वर्षा ऋतु के शुरुआती दिनों में ही उखड़ गई और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई, जिसके विरोध में कांग्रेस पार्षद दल एवं कमला नेहरू नगर के कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में अमरीश मिश्रा, शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नवी, संतोष दुबे पंडा, सत्येन्द्र चौबे गुड्डा, मेवालाल पटेल, नन्हे पटेल, आशीष शुक्ला, अभिषेक पटेल, रिंकू तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, जगदीश विश्वकर्मा, रवि यादव, सत्तू ठाकुर, आकाश जैन, छोटू पटैल, लकी पटेल, बंटी तिवारी, वीरू सेन, धर्मेन्द्र पटेल, सत्यम श्रीवास, राहुल पांडे, आदर्श नेमा, अमन पटेल आदि उपस्थित रहे।

# "मिट्टी में हाथ दिल वतन के साथ"

## चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन ने निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली




**जबलपुर।** चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन (Cio) द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत 24 जुलाई को पेड़ लगाओ, पृथ्वी की बचाओ, नारे के साथ एक जागरूकता रैली निकाली गई। पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली मोमिनपुरा तलैया से होते हुए गोहलपुर चौराहा मार्ग से होते हुए रद्दी चौकी पहुंचकर संपन्न हुई। ऑर्गनाइजेशन के बच्चों ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारा लक्ष्य है 29 जून से 25 जुलाई 2025 के बीच देश भर के बच्चों को दस लाख पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर अस्मा अंजुम ने बताया कि इस पहल के हिस्से के रूप में बच्चे स्कूलों, मदरसों, मस्जिदों, पड़ोस के पार्कों और यहाँ तक कि अपने घरों के सामने भी पेड़ लगाएँगे। प्रत्येक बच्चे को अपने पेड़ का नाम रखने, एक दोस्त की तरह उसकी देखभाल करने और चित्रों, शिल्प, कविताओं और अन्य माध्यमों से अपने अनुभव को दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। छात्रा समीरा ने पेड़ों के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के कारण हमारे पर्यावरण में भारी बदलाव आ रहे हैं और हम ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं। इस संकट को देखते हुए, हम बच्चों ने जिम्मेदारी ली है, न केवल अन्य बच्चों को जागरूक करने की, बल्कि वयस्कों को भी भविष्य की पीढ़ियों के लिए पेड़ लगाने और हमारे सामूहिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शिक्षित करने की। हर कोई अपने भविष्य के बारे में चिंता करता है, हम भी करते हैं और इसलिए हम दस लाख पेड़ लगाने के इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने में सीआईओ के सदस्यों का विशेष योगदान रहा जिसमें सीआईओ इंचार्ज सुल्ताना बानो, आमरा बेगम, हुज़्मा फरत, सकीला बानो, नाजिया बानो, आयशा बानो, महमूदा बानो एवं अन्य महिलाओं का विशेष सहयोग रहा।



## ...तो नगर निगम में होगी अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल

**जबलपुर।** अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ, चालक संघ, शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक वेलफेयर एसोसियेशन मप्र, मप्र शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ, जल प्रदाय कल्याण संघ, फील्ड वर्कर्स कर्मचारी संघ एवं निगम के समस्त संघों ने 25 जुलाई को महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिंकुज विज, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, निगमायुक्त के प्रतिनिधि के रूप में अपर आयुक्त प्रशांत गोंटिया को निगम में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों से संबंधित 23 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेताया गया कि उक्त 23 सूत्रीय मांगों पर 15 दिवस के भीतर कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया तो निगम के समस्त संघों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। ज्ञापन देते समय अजाक्स के अध्यक्ष अमित मेहरा, मन्नूलाल पटेल, जगदीश नन्हेट, संतोष गौतम, राजेन्द्र पटेल, अचैया कोरी, गुलशन जबलपुरी, नरसिंहमलू, मोहम्मद समीम, रामाराव मगरदे, कृष्णकांत रावत, अनिल बारी, धर्मेन्द्र राज, पोला राव, सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



## हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण का संकल्प लिया

**जबलपुर।** हरियाली अमावस्या पर 24 जुलाई को शिमला हिल्स की महिलाओं ने एकत्र होकर हरियाली उत्सव मनाया, जिसमें सभी महिलाओं ने पौधारोपण का प्रण लिया, ताकि हमारा पर्यावरण शुद्ध रहे। आयोजन में मुख्य रूप से ऊषा तिवारी, जया नायडू, शिवकुमारी श्रीवास्तव, अनीता, पूनम, बेबी, वर्षा, सरिता, सीमा, अनुपमा, नीलम, पूनम, पायल, ईशा, खुश्बू, सोनम, रुचि, वीनस शामिल हुईं।

# मेडिकल छात्र शिवांश आत्महत्या केस की जांच सीबीआई करेगी

## गृह मंत्रालय ने भेजा सीबीआई को पत्र

### मानव अधिकार संगठन की पहल रंग लायी

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के छात्र शिवांश गुप्ता ने आत्महत्या क्यों की थी? अब इसकी जांच सीबीआई करेगी। मानव अधिकार व अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी ने बताया कि पुलिस शिवांश की मौत के रहस्य को पहेली बना रही थी, लिहाजा संगठन ने गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र भेजकर सीबीआई जांच कराने की मांग की थी ताकि आत्महत्या प्रकरण में यह सच्चाई सामने आ सके कि शिवांश को उकसाने के लिए कौन दोषी है? संगठन के डॉ. अजय कुमार वाधवानी, एड. आशीष त्रिपाठी, एड. भावना निगम, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, डॉ. अभिषेक जैन आदि ने कहा है कि सीबीआई जांच के बाद शिवांश की मौत के जिम्मेदार लोगों पर शिकंजा कस सकेगा, अगर यही जांच पुलिस करती तो अब तक मामला रफा-दफा हो जाता।

# चालीसा महोत्सव में पंजड़ा भक्ति गीतों से बिखरी सिंध प्रांत की छटा

## बहराणा साहब का पूजन अर्चन, दीपदान एवं पल्लव प्रार्थना आयोजित



**जबलपुर।** चालीसा व्रत महोत्सव पर विशेष पूजन अर्चन, सिर पर भगवान झूलेलाल की बहराणा दीप, अक्षत, सिन्दूर, से सजी थालियां रखकर आज सैकड़ों सिन्धी धर्मावलंबियों ने अक्खा पूजा में हिस्सा लिया। पारम्परिक पंजड़ा भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते महिला-पुरूष, बालक-बालिकायें अपने ईष्ट के चालीसवें को मना रहे हैं। अवसर था शुक्रवार को अक्खा पूजा, थाली पूजा, बहराणा साहब की पूजा, जल ज्योति की पूजा के विशेष पर्व आयोजन का। श्री झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में आज सुबह से भक्तिमयी छटा बिखरने लगी। मंदिर परिसर में आज पारम्परिक पूजन के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। पूजन को भव्यता प्रदान करने के लिये पंजड़ा भक्तिगीतों की धुन पर सैकड़ों श्रद्धालु झूमते-नाचते भगवान झूलेलाल की परिक्रमा करते चल रहे थे।इस बीच पुरूषों का चाचर नृत्य और दीपदान का आयोजन भी हुआ, सुबह इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन स्वामी प्रदीप महाराज, पंडित वेदांत शर्मा के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर स्वामी अशोकानंद महाराज ने कहा कि चालीसा महाव्रत करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। सिन्धी समाज के साधकों के लिए यह अत्यंत ही मनोरम पर्व है जिसमें महिलाएं एवं पुरूष 40 दिनों तक साधना एवं उपासना के साथ चालीसा व्रत धारण करते हैं। इसके बाद मंदिर में ज्योति प्रज्जवलित की गई, साथ ही भगवान का सामूहिक पूजन एवं आरती शुरू हुई। भक्तिमयी पंजड़ा गीतों पर आज सिंधी समाज के वरिष्ठ महिला-पुरूष भाव-व्हिल हो उठे। युवाओं के साथ भगवान का जयकारा करते वृद्धजन भी नृत्य करते और तालियां बजाकर अपने आनंद को बिखरे रहे थे।आयोजन समिति के रमेश आहूजा, राजकुमार कांधारी, माधवदास कुंदवानी श्रीचंद मध्यांनी, कैलाश वासवानी, धर्मेंद्र मंगलानी, त्रिलोक वासवानी, गोविन्द हीरानी, प्रकाश आहूजा, प्रकाश आसवानी, राजा सावलानी, विजय पंजवानी, बिल्लू हीरानी, गोपीचन्द्र खत्री सभी अनुष्ठान में शामिल हुए।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 14652833M RANK HAV NAME SAHENDRA SINGH S/O LATE KAMTA SINGH OF UNIT 506, ARMY BASE WKSP, RANJHI, JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 2293 2281 7450 I, have changed name of my SON from REESHU KUMAR (name as per my Army service records) to HRISHU KUMAR (name as per my SON, AADHAR CARD, PAN CARD AND EDUCATIONAL DOCUMENTS vide affidavit dated 24/07/2025 formerly before Public Notary Jabalpur (MP)

CORRECT NAME
HRISHU KUMAR
INCORRECT NAME
REESHU KUMAR

**CHANGE OF NAME**

I, PURUSHOTTAM LAL RAI S/O LATE KUNDAL LAL RAI R/O H NO. 6/B, ANJANI PARISAR, PRAGTI NAGAR, NEAR ICE FECTORY, TILHARI, JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 5707 0485 2753 I, have changed of my name from PURUSHOTTAM LAL (name as per my Passport No. M7451924 Record) to PURUSHOTTAM LAL RAI (name as per my AADHAR CARD, PAN CARD AND MY OTHER DOCUMENTS vide affidavit dated 25/07/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT. (Name and place of Court).

CORRECT NAME
PURUSHOTTAM LAL RAI
INCORRECT NAME
PURUSHOTTAM LAL

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 24/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राकेश कुमार बमनेले पिता श्री ललता प्रसाद बमनेले ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई के भवन क्रमांक 313-9 तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003038834 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1200 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 750 वर्गफुट RCC, प्रथमतल 750 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति विजय बाला जुनेजा पति श्री लक्ष्मण दास जुनेजा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक/संक्र 03/25-26/22
दिनांक24/7/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्मिता सिंह भदौरिया पति श्री कृष्ण पाल सिंह भदौरिया ने भवन क्रमांक 486/2 वार्ड शंकरशाह नगर प्लाट 600 वर्गफुट भूतल 600 वर्गफुट प्रथम तल 600 वर्गफुट विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्र. 486/2 वार्ड शंकरशाह नगर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री पी के श्रीवास्तव पिता श्री सी बी श्रीवास्तव के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्र 3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक 3 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025/26/एम/85
दिनांक:- 25/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष कुमार अग्रवाल पिता श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल ने मकान नं. 1042/1सी वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 2400 व.फु., प्रथम तल 2400 व. फु. रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025/26/एम/86
दिनांक:- 25/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुहासिनी मंगरूलकर पति स्व. श्री उमेश मंगरूलकर ने मकान नं. 791/एस वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान द्वितीयतल 700 व. फु. मृत्यू प्रमाण पत्र/लीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025/26/एम/87
दिनांक:- 25/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति साधना जैन पति श्री सुनील कुमार जैन ने मकान नं. 1012 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 1450 व.फु. खुली भूमि, भूतल 889 व.फु., प्रथम तल 889 व.फु., द्वितीय तल 561 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/524/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति लाली सेमुअल पति श्री सी सेमुअल एवं सोनल सेमुअल एवं स्वप्निल सेमुअल पुत्री श्री सी सेमुअल निवासी-604, वुड स्टॉक ने नजूल ब्लाक नं.-22 प्लाट नं.-6/1 निर्मित रकवा/ रकवा 506.67 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-15/05/1998 मृत्यु दिनांक-22/07/2016 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-22 प्लाट नं. -6/1 निर्मित रकवा/ रकवा-506.67 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम - सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-506.67 व.फु./ हे. सी. सेमुअल S/o वाए चेरीयान फ्लैट नं. 604 के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 01/08/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 16/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-16/07/2025
पेशी दिनांक-01/08/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

# एमजी मोटर ने ईवी स्पोर्ट्स कार 'साइबरस्टर' भारत में की लांच, कीमत 72.49 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी मोस्ट-अवेटेड इलेक्ट्रिक कार 'साइबरस्टर' को भारत में लांच कर दिया है। ये एक स्टाइलिश दो दरवाजों वाली ओपन छत (ड्रॉप-टॉप) कार है जो अब एमजी के प्रीमियम शोरूम एमजी सलेक्ट के जरिए देश के 13 शहरों में बेची जाएगी।

- फेरारी की लुक वाली यह कार देश के 13 शहरों में बेची जाएगी

जिन लोगों ने पहले से बुकिंग कर रखी थी उनके लिए कार की एक्स-शोरूम कीमत 72.49 लाख जबकि नई बुकिंग करने वालों के लिए 74.99 लाख रुपए रखी गई है। इस कार को कंपनी ने इस साल के भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के दौरान भी शोकेस किया था, जहां इस कार ने खूब सूर्खियां बटोरी थी।

## ये एक स्टाइलिश दो दरवाजों वाली ओपन छत कार है

### 580 किमी का मिलेगा रेंज

ये कार सिर्फ 3.2 सेकंड में 0 से 100 की रफ्तार पकड़ लेती है। इसमें दो इलेक्ट्रिक मोटर लगी हैं और ये ऑल व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) के साथ आती है। इसमें 77 किलोवॉटघंटे की बैटरी है जो एक बार चार्ज करने पर करीब 580 किलोमीटर तक चल सकती है। इसके दरवाजे कैंची जैसे ऊपर की तरफ खुलते हैं और इसके अंदर तीन स्क्रीन वाला कॉकपिट, बोस का म्यूजिक सिस्टम, और शानदार सीट मैटेरियल जैसे प्रीमियम फीचर्स मिलते हैं।



### सेंसर से लैस हैं ये सीजर डोर्स

एमजी मोटर का कहना है कि इन दरवाजों को खुलने में 5 सेकंड से भी कम समय लगता है। इन दरवाजों में सेफ्टी सेंसर भी लगाए गए हैं। जिससे यदि इन दरवाजों के आसपास खड़े होने या इनके खुलते या बंद होते वक्त यदि कोई ऑब्जेक्ट बीच में आता है तो ये दरवाजे ऑटोमेटिकली रूक जाते हैं। इससे इनमें हाथ या शरीर के किसी भी अंग के दबने का कोई खतरा नहीं होता है। ऐसा सेफ्टी के लिहाज से किया गया है।

### क्या कहती है कंपनी

लांच पर बात करते हुए जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि, "एमजी साइबरस्टर एक खास सोच को जमीन पर उतारने वाली कार है। इसे परफॉर्मेंस के हिसाब से तैयार किया गया है और इसका डिजाइन ऐसा है कि लोग इसे लंबे समय तक याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि पहले लोग रोडस्टर कार को एक सपना मानते थे लेकिन अब साइबरस्टर के जरिए वो सपना हकीकत बन गया है। यह कार खुली सड़क की आजादी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई है।"

# बिकवाली दबाव में बाजार एक माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच वित्तीय, आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 721 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 721.08 अंक टूटकर एक महीने के निचले स्तर 81,463.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 786.48 अंक गिरकर 81,397.69 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी बिकवाली के दबाव में 225.10 अंक की गिरावट के साथ एक महीने के निचले स्तर 24,837 अंक पर आ गया।विश्लेषकों ने कहा कि एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते 294.64 अंक और निफ्टी में 131.4 अंक की गिरावट दर्ज की गई है।



- सेंसेक्स 721 अंक और निफ्टी 225 अंक फिसला
- विदेशी संस्थाओं ने लगातार पूंजी निकासी जारी रखी
- वित्तीय, आईटी और तेल-गैस शेयरों में रही बिकवाली

शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस के शेयरों में जून तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद सर्वाधिक 4.73 प्रतिशत की गिरावट आई। पावर ग्रिड, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ सन फार्मा और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

## शाह ने पेश की नई राष्ट्रीय नीति, 50 करोड़ लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

# पांच साल में हर गांव में सहकारी संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक नई राष्ट्रीय नीति की घोषणा की। इस नीति का उद्देश्य हर गांव में अधिक पेशेवर रूप से प्रबंधित और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सहकारी संगठन बनाना है।

सहकारी समितियों के लिए इसी तरह की नीति वर्ष 2002 में लाई गई थी। उस समय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सत्ता में था। 23 साल बाद नई नीति लाई गई है। 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति - 2025' का अनावरण करते हुए, शाह ने ज़ोर देकर कहा कि सहकारिताएं, कराधान सहित सभी पहलुओं में कॉरपोरेट क्षेत्र के बराबर हैं। उन्होंने राज्यों से नई नीति को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि सहकारी क्षेत्र में भारत के लिए विकास लाने की क्षमता है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य सहकारी संगठनों को पेशेवर, पारदर्शी, तकनीक से लैस और वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के साथ-साथ सफल भी बनाना है। शाह ने कहा, देश के हर गांव में कम से कम एक सहकारी संस्था स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, कम से कम 50 करोड़ लोगों को सहकारिता के दायरे में लाने का लक्ष्य है। मंत्री ने कहा, यह नीति दूरदर्शी, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने वर्ष 2027 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। शाह ने कहा कि पिछले चार साल में सहकारिता मंत्रालय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि आज देश की सबसे छोटी सहकारी इकाई का सदस्य भी गर्व से खड़ा है। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह नवीनतम नीति वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होगी।

### राज्यों को सहकारी नीति लाने का निर्देश

अमित शाह ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे 31 जनवरी 2026 तक अपनी-अपनी राज्य स्तरीय सहकारी नीतियां तैयार करें। उन्होंने यह भी बताया कि अब सहकारी बैंकों को बैंकिंग अधिनियम के तहत लाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी लचीला रुख अपनाते हुए कई समस्याओं का समाधान किया है।



### 23 साल पहले पेश की थी पहली राष्ट्रीय नीति

शाह ने याद दिलाया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने ही वर्ष 2002 में सहकारी क्षेत्रों के लिए पहली राष्ट्रीय नीति पेश की थी। अगली नीति भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा ही पेश की गई है। यह नीति पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता वाली 48 सदस्यीय राष्ट्रीय स्तर की समिति द्वारा तैयार की गई है। इस समिति को अंशधारकों से लगभग 750 सुझाव प्राप्त हुए और इसने भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड के साथ व्यापक विचार-विमर्श भी किया।

**राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 से क्या उम्मीदें? :** नई नीति से देश के 140 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा और रोजगार के बड़े अवसर तैयार होंगे। अमित शाह ने बताया कि अगले पांच वर्षों में देश के हर गांव में सहकारी संस्थाएं स्थापित की जाएंगी. फरवरी 2026 तक 2 लाख प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटीज स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह घोषणा उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर राज्य सहकारिता मंत्रियों की बैठक में की।

# भारत ने एथेनॉल मिश्रम लक्ष्य पांच वर्ष पहले पाया : इस्मा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


भारत ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पांच साल पहले ही हासिल कर लिया है। भारतीय चीनी एवं जैव ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रशासन के तहत 2014 में कार्यक्रम की शुरुआत के समय की मामूली 1.5 प्रतिशत मिश्रण दर के बाद उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है।

चीनी उद्योग निकाय इस्मा के आंकड़ों के अनुसार, एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम ने पर्याप्त आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ प्रदान किए हैं। एथनॉल उत्पादन 2014 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर जून 2025 तक 661 करोड़ लीटर हो गया, जबकि कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 698 लाख टन की कमी आई। इस कार्यक्रम ने भारत के कृषि क्षेत्र को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ प्रदान किया है, जिससे किसानों को 1.18 लाख करोड़ रुपये और 'डिस्टिलरी' को 1.96 लाख करोड़ रुपये की आय हुई है। इस पहल से भारत को विदेशी मुद्रा लागत में 1.36 लाख करोड़ रुपये की बचत करने में भी मदद मिली है।इस्मा के महानिदेशक दीपक बल्लानी ने कहा, '' यह उपलब्धि भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता और ग्रामीण समृद्धि के लिए एक बड़ी छलांग है। उन्होंने कहा, '' सरकार की अटल नीति दिशा एवं दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल इस राष्ट्रीय सफलता को निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही संभव बना दिया है, बल्कि हरित ऊर्जा में हमारे सामूहिक भविष्य के लिए एक शक्तिशाली मिसाल भी स्थापित की है।''

isma Indian Sugar & Bio-Energy Manufacturers Association

- भारत ने पेट्रोल में 20 फीसदी मिश्रण का लक्ष्य तय किया था

## आईटीसी नई विनिर्माण इकाइयों में करेगी निवेश...




*कोलकाता। आईटीसी लिमिटेड विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विनिर्माण उपस्थिति बढ़ाने के लिए मध्यम अवधि में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन संजीव पुरी ने शुक्रवार को वार्षिक आम बैठक में कहा कि कंपनी ने अपनी विकास रणनीति के तहत हाल के वर्षों में आठ नई विनिर्माण सुविधाएं स्थापित की हैं। पुरी ने कहा कि कंपनी अपनी "भारत पहले" रणनीति को प्राथमिकता देगी। विदेशों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने से पहले घरेलू उपस्थिति को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि नए ब्रांड पेश करने का उद्देश्य मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना है। पुरी ने कहा कि कंपनी का 65 प्रतिशत राजस्व सिगरेट से इतर अन्य कारोबारों से आता है।*

## लोगों को अपने बैंक मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करना होगा

# अब बैंक एसएमएस ओटीपी को अलविदा कहने वाले हैं?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


दुबई में बैंक एसएमएस या ईमेल के जरिए भेजे जाने वाले ओटीपी सिस्टम को खत्म कर देंगे। इसके बजाय, लोगों को डिजिटल ट्रांजैक्शन को अप्रूव या रिजेक्ट करने के लिए अपने बैंक के मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करना होगा।

धीरे-धीरे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सभी बैंकों में इस बदलाव को अपनाया जा रहा है और इसकी डेडलाइन 31 मार्च, 2026 है यानी कि इस समय तक सभी बैंकों को ट्रांजैक्शन ऑथेन्टिकेशन के लिए एसएमएस और ईमेल के इस्तेमाल को बंद करना होगा। यह निर्देश यूएई के सेंट्रल बैंक ने दिया है।

### हर रोज 50 हजार से अधिक साइबर अटैक की घटनाएं

यूएई साइबर सिक्योरिटी काउंसिल के मुताबिक, यहां सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं से हर रोज 50,000 से ज्यादा साइबर अटैक की घटनाएं सामने आती हैं। यूएई के साइबर सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, 2024 में रैंसमवेयर हमलों में 32 परसेंट का उछाल आया है। रैनसमवेयर की घटनाएं भी 2023 में 27 से बढ़कर 2024 के जनवरी-नवंबर में 34 हो गईं।

### यह बदलाव सिक्योरिटी और मजबूत बनाने में किया जाता है




*क्यों लाया जा रहा यह बदलाव? : यह बदलाव सिक्योरिटी को और मजबूत बनाने और फ्रॉड के जोखिम को कम करने के लिए लाया जा रहा है क्योंकि बैंकिंग सिस्टम में साइबर अटैक के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। साइबर ठग फिशिंग और सिम-स्वैपिंग से लेकर रैंसमवेयर तक के लिए इसी ओटीपी का इस्तेमाल करते हैं।*

*कस्टमर्स के लिए ये दो काम जरूरी : कुल मिलाकर अब जब आप डिजिटली ट्रांजैक्शन करेंगे, तो आपके बैंक ऐप पर नोटिफिकेशन आएगा। इसमें आपको ट्रांजैक्शन को अप्रूव या रिजेक्ट करने के लिए कहा जाएगा इसलिए बैंक ऐप का फोन पर इंस्टॉल होना और नोटिफिकेशन का टर्न ऑन होना जरूरी है।*

### साइबर अपराधी ओटीपी को हाइजैक कर रहे

साइबर अपराधी ओटीपी हाइजैक करने के लिए फिशिंग, सिम-स्वैपिंग या मैलवेयर जैसे तमाम हथकंडे अपनाते हैं। कई बार यूजर्स जाने-अनजाने में स्कैमर्स को कोड बता देते हैं, जिससे देखते ही देखते अकाउंट खाली हो जाता है या पैसा विदेश में ट्रांसफर कर दिया जाता है।

### पासवर्ड्स भेजने का काम धीरे-धीरे बंद होगा

लोकल न्यूज आउटलेट इमारात अल यूम के मुताबिक, सेंट्रल बैंक की तरफ से बैंकों को कहा गया है, यूएई के सेंट्रल बैंक के निर्देशों के आधार पर टेक्स्ट मैसेज या ईमेल के जरिए पासवर्ड भेजने का काम धीरे-धीरे बंद हो जाएगा। कस्टमर्स अब 'ऑथेंटिकेशन वाया मोबाइल एप्लीकेशन फीचर' को चुनकर स्मार्ट एप्लिकेशन के जरिए आसानी से इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजैक्शन कर सकेंगे।

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खचें बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।




## रियलमी के 2 नए फोन मार्केट में आए

**जबलपुर।** रियलमी, भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड ने आज रियलमी 15 प्रो 5जी और रियलमी 15 5जी लॉन्च किए। ये स्मार्टफोन एआई पार्टी फोन हैं, जो बेहतरीन कैमरा, एडवांस्ड एआई और -रु39 शानदार परफॉरमेंस के साथ उद्योग में नया मानक स्थापित करते हैं। युवाओं की विविध जीवन-रु39 के अनुरूप डिज़ाइन की गई, रियलमी 15 सीरीज़ में 50एमपी के अल्ट्रा-उच्च क्लियर ट्रिपल कैमरे के साथ 4के 60एफपीएस वीडियो रिकॉर्डिंग दी गई है। इसके साथ ही इसमें 50एमपी का फ्लैग-39 सोनी आईएमएक्स 896 ओआईएस मुख्य कैमरा दिया गया है।

# मुद्रास्फीति, वृद्धि की संभावनाओं से तय होगी ब्याज दर में कटौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि मुद्रास्फीति और वृद्धि की संभावनाएं भविष्य में ब्याज दर कटौती तय करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान आंकड़े इस फैसले को प्रभावित नहीं करेंगे। गौरतलब है कि जून में मुद्रास्फीति में भारी गिरावट आई है। मल्होत्रा ने यहां 'एफई मॉडर्न बीएफएसआई शिखर सम्मेलन' में कहा कि आरबीआई की दरों में कटौती से परिसंपत्तियों में उछाल नहीं आएगा और केंद्रीय बैंक के पास अर्थव्यवस्था की मदद के लिए दरों में कटौती के अलावा और भी कई उपाय मौजूद हैं। गौरतलब है कि आरबीआई ने इस साल अपनी प्रमुख उधारी दरों में एक प्रतिशत की कटौती की, और आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि प्रमुख मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई है। ऐसे में आगे और नरमी की उम्मीदें बढ़ गई हैं। मल्होत्रा ने कहा, ''दरों में कटौती मौजूदा आंकड़ों के बजाय भविष्य में वृद्धि और मुद्रास्फीति दोनों की संभावनाओं पर निर्भर करेगी।'' उन्होंने कहा, ''हमें यह याद रखना होगा कि मौद्रिक नीति का असर कुछ देरी के साथ होता है।

### इस साल ऋण दरों में आधा प्रतिशत की कमी

जून तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस साल बैंकों ने ऋण दरों में लगभग आधा प्रतिशत की कमी की है। जबकि रिजर्व बैंक ने फरवरी से लेकर अबतक नीतिगत दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती की है। मल्होत्रा ने कहा कि दरों में कटौती का मकसद ऋण वृद्धि को बढ़ाना है, और उन्होंने भरोसा जताया कि इससे परिसंपत्ति 'बुलबुले' नहीं बनेंगे।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5939



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5938 का हल



## सूडोकु नवताल - 5949

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल - 5948 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |



## वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज, ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच दिखी टक्कर

**मुंबई।** दर्शकों का इंतजार खत्म हुआ और ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। ट्रेलर ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त क्लैश देखने को मिली, जो ये सबूत देती है कि फिल्म में दोनों के बीच हाई लेवल एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही अब सोशल मीडिया पर भी छा गया है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत होती है ऋतिक रोशन के वॉइस ओवर और उनके इंटेंस लुक के साथ। चेहरे पर हल्का सा खून लगे ऋतिक एक भेड़िये के साथ नजर आते हैं। साथ में उनका वॉइस ओवर है जिसमें वो अपनी शपथ को दोहराते हैं। इसमें ऋतिक कहते हैं 'मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपना नाम, अपनी पहचान, अपना घर-परिवार सब त्यागकर एक गुमनाम, बेनाम अनजान साया बन जाऊंगा।' इसके बाद दिखते हैं जूनियर एनटीआर और इसी तरह की एक शपथ जूनियर एनटीआर भी दोहराते हैं।

लाइफ Style

# कियारा

## बिकिनी अवतार में फिर मचाई धूम

एजेंसी ⏭ मुंबई

कियारा आडवाणी की झलक पहले ही 'वॉर 2' के टीजर में दिखाई जा चुकी है। कुछ सैकेंड्स की कियारा की झलक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। वहीं शुक्रवार को वॉर 2 के ट्रेलर में उनका बिकिनी लुक एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस साल की शुरुआत में जब वॉर 2 का टीजर रिलीज हुआ, तो कियारा आडवाणी के शानदार लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया।

शुक्रवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने पर प्रशंसकों ने कियारा के दमदार अवतार की जमकर तारीफ की। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ-साथ कियारा के एक्शन सीन और आकर्षक लुक ने सबका ध्यान खींचा। हाल ही में मां बनीं कियारा वॉर 2 के ट्रेलर में बिकिनी में अपनी टोन्ड बॉडी और आत्मविश्वास के साथ नजर आईं। उनका यह लुक प्रशंसकों को बहुत पसंद आया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके स्क्रीनशॉट वायरल हो गए।

कुछ लोग उन्हें 'सबसे हॉट' बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि उनका एक्शन से भरा किरदार सभी को हैरान कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने कियारा का लुक डिजाइन किया है। उन्होंने बताया कि कियारा का बिकिनी लुक एक खास रंग में है - न हरा, न पीला, बल्कि इनके बीच का एक अनोखा रंग जो सभी को आकर्षित करता है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी वार यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है, जो 2019 की सुपरहिट फिल्म वॉर की अगली कड़ी है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म की रिलीज को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। । ट्रेलर में कियारा आडवाणी भी जबरदस्त एक्शन करती नजर आई हैं। बंदूक चलाने से लेकर फाइट करने तक कियारा का दमदार अंदाज देखने को मिला है।



हॉलीवुड मसाला



## भारत में ये फिल्म 17 हफ्ते रही हाउसफुल

**नई दिल्ली।** 31 साल पहले जब स्टीवन स्पीलबर्ग की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जुरासिक पार्क' भारत में रिलीज हुई, तो इसने दर्शकों के बीच ऐसा जादू बिखेरा कि सिनेमाघरों में हाउसफुल का रिकॉर्ड टूट गया। साल 1994 में मुंबई के स्टर्लिंग थिएटर में इस फिल्म की रिलीज के दौरान लंबी-लंबी कतारें देखी गईं, जो वीटी स्टेशन तक फैली हुई थीं। यह फिल्म लगातार 17 हफ्तों तक हाउसफुल रही और कुल 25 हफ्तों तक सिनेमाघरों में चलती रही। जुरासिक पार्क की इस शानदार सफलता ने न केवल भारत में हॉलीवुड फिल्मों की लोकप्रियता को बढ़ावा दिया, बल्कि यह यूनिवर्सल पिक्चर्स की भारत के साथ पहली बड़ी साझेदारी भी थी।



## हैली बीबर को हुआ था मौत के करीब होने का एहसास

**लॉस एंजिल्स।** देश-दुनिया में अपने गानों और पर्सनल लाइफ के लिए फेमस जस्टिन बीबर की वाइफ हैली बीबर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों के घर पिछले साल बेटे का जन्म हुआ था। उसका नाम जैक ब्लूज रखा था। अब हैली ने बताया कि कैसे बेटे की डिलीवरी उनके लिए मौत के करीब का अनुभव था। उनका एम्नियोटिक फ्लूड ड्यू डेट से पहले ही लीक हो गया था और बेटे को जन्म देने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। हैली बीबर ने बताया कि समय से पहले एम्नियोटिक फ्लूड लीक होने के बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करके प्रसव पीड़ा करने का फैसला किया। उन्होंने ये भी बताया कि डॉक्टर्स ने एक 'फोली बैलून' एक कैथेटर जैसी डिवाइस उनके यूट्रस में डाल दी और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को फैलाने के लिए उसमें सलाइन का घोल भर दिया। सर्विक्स गर्भाशय का निचला हिस्सा होता है, जो योनि से जुड़ता है और डिलीवरी के दौरान बच्चे के बाहर निकलने का रास्ता होता है। हैली ने उस दर्दनाक पलों को याद करते हुए कहा, 'ये मेरी लाइफ की सबसे दर्दनाक घटना थी।



## इब्राहिम और काजोल की अदाकारी ने जीता दिल

**मुंबई।** बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री काजोल, साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान की अदाकारी वाली फिल्म सरजमीं 25 जुलाई को रिलीज हो गई है। फिल्म कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में देशभक्ति भी दिखाई गई है। फिल्म को देखने के बाद कई दर्शक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा 'सरजमीं ने मुझे रुला दिया। फिल्म ने जो संदेश दिया है, इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। काजोल का अंत का खास दृश्य सिनेमा हॉल की सीटियों और जयकारों का हकदार है। इस किरदार को निभाने के लिए शुक्रिया। आपने एक बार फिर साबित कर दिया कि भावनाओं और गुस्से से भरी भूमिका में आप कमाल कर देती हैं। एक और दर्शक ने फिल्म में काजोल की तारीफ की है।



## भारतीय जोड़ों की जिंदगी से जुड़ी है कहानी

**मुंबई।** विजय सेतुपति और नित्या मेनन की फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' शुक्रवार 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को देख कर दर्शक एक्स पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'थलाइवन थलाइवी फिल्म कुछ ही सिनेमाघरों में क्यों लगाई गई है? भारतीय जोड़ों को यह फिल्म बहुत पसंद आएगी। यह उनकी जिंदगी से जुड़ी है।' एक एक्स यूजर ने फिल्म में विजय सेतुपति की तारीफ करते हुए लिखा है 'विजय सेतुपति ने हमें मर्दाना रूढ़ियों के बजाय भरोसेमंद नायक दिया है। थलाइवन थलाइवी में उन्होंने ऐसा ही किरदार निभाया है।' एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है 'थलाइवन थलाइवी पारिवारिक दर्शकों के लिए बहुत अच्छी फिल्म है।

टीवी मसाला



## टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से टॉप पोजिशन पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा बना हुआ था, लेकिन इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी है। वहीं, रुपाली गांगुली का पॉपुलर सीरियल तमाम ट्विस्ट के बावजूद पिछड़ रहा है। वह फिर से टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। 28वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने टॉप पोजिशन हासिल की है। इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। वहीं, रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा 2.1 की ही टीआरपी के साथ दूसरे नंबर है। सीरियल अनुपमा में कई ट्विस्ट आ रहे हैं, मगर सीरियल पहले की तरह टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ था। मगर इस हफ्ते यह टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। कुछ दिन पहले इस कॉमिक शो में हॉरर एंगल शामिल किया गया, जिसे दर्शकों को काफी पसंद किया था। यह सीरियल लगभग 17 साल से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। इस हफ्ते इसकी टीआरपी 2.1 रही है।

## टीवी का वो शो जिसके डायरेक्टर ने हर आर्टिस्ट को दी थी गिफ्ट में कार

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे टीवी सीरियल्स आए, जिसने लोगों को अपना दीवाना बना दिया। यही नहीं, जब भी लोग इन सीरियल्स के एपिसोड को देखते थे, उनका हंस- हंस कर पेट में दर्द हो जाता था। ऐसे ही एक सीरियल की हम बात कर रहे हैं, जिसके हर किरदार को लोगों ने पसंद किया। लोगों ने इस सीरियल को इस कदर पसंद किया कि डायरेक्टर को एपिसोड की संख्या बढ़ानी पड़ी। बता दें, इस शो के सफल होने पर डायरेक्टर ने अपने हर एक कलाकार को मारुति कार तोहफे में दी थी।



जिस शो की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम 'देख भाई देख' था, जो 31 साल पहले 6 मई को आया था। इसमें तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार और उनकी परेशानियां को काफी मजेदार अंदाज में दिखाया गया था। उस समय दर्शकों को यह शो काफी पसंद आया था। उस जमाने में जब टीवी शोज पर 13 एपिसोड की सख्त पाबंदी थी. ऐसे में 'देख भाई देख' को 26 एपिसोड के साथ पेश किया गया था, जिसका एक एपिसोड हर हफ्ते दूरदर्शन पर प्रसारित होता था।

## तन्वी द ग्रेट के फ्लॉप होने से टूट गए अनुपम

**मुंबई।** अनुपम खेर तकरीबन 23 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर दोबारा बैठे और तन्वी द ग्रेट नाम की फिल्म लाए। फिल्म को रिलीज हुए अब एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। यही नहीं लगभग 50 करोड़ रुपए के बजट से बनी यह फिल्म एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ रुपए की भी कमाई नहीं कर पाई है। अनुपम खेर इस फिल्म में निर्देशक और अभिनेता होने के साथ-साथ प्रोड्यूस भी हैं। ऐसे में फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने से अनुपम खेर निराश है। उनका कहना है कि वो अभी तक एक्टर्स की फीस भी नहीं दे पाए हैं। एक बातचीत में अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन न कर पाने पर निराशा जताई। निर्देशक-निर्माता ने कहा कि तन्वी ने कोई जबरदस्त कलेक्शन या कुछ भी नहीं दिया है। पिछले 10 साल से सिनेमा बिजनेस की तरह हो गया है। हमें लगता है कि अगर फिल्म की कमाई अच्छी नहीं हुई तो मतलब फिल्म अच्छी नहीं है। मैं भी इस बिजनेस वर्ल्ड का हिस्सा हूं। लेकिन, जब हमने बजट बनाया वो 50 करोड़ के आस-पास हुआ। एक जेंटलमेन थे, जिन्होंने कहा कि वह 50 प्रतिशत देंगे बजट का जो कि एक बड़ा अमाउंट है। सब तैयारी हो गई और फिर शूट से 1 महीने पहले मुझे बताया गया कि वह फिल्म को फाइनेंस नहीं कर पाएंगे। अचानक फाइनेंसर के पीछे हटने से अनुपम को दूसरे स्वतंत्र फाइनेंसर पर निर्भर होना पड़ा। इसको लेकर अनुपम का कहना है कि मैंने भारत के अलावा यूएस में भी अपने कुछ दोस्तों को कॉल किया। हमारी फिल्म के 10 को-प्रोड्यूसर्स थे। यह एक तरह क्राउड फंडिंग है। मैंने उन्हें फिल्म का सिनोप्सिस भेजा और उनका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं था। वो सभी बिजनेसमैन हैं और सिर्फ बैंक में काम करते हैं या डॉक्टर्स हैं। मैंने उन्हें कहा कि जब फिल्म रिलीज होगी तब मैं पैसे वापस कर दूंगा।



## रिलीज हुई लोककथाओं में लिपटी मर्डर मिस्ट्री

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर आई नई माइथोलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर सीरीज मंडला मर्डर आपको सीधे चरणदासपुर गांव की रहस्यमयी गलियों में ले जाती है। ये कहानी है ऐसी जगह की, जहां सदियों पुरानी लोककथाएं, खून से सनी बलि-प्रथाएं और पुलिस की तफ्तीश, सब एक ही धागे में गुथे हुए हैं। आठ एपिसोड की इस सीरीज में आपको 1950 के दशक से लेकर 2025 के मॉडर्न दौर तक टाइम-ट्रैवल पर टाइम-ट्रैवल मिलता है-और हर एपिसोड में एक नया राज सामने आता है।

**कहानी** : *गांव में एक के बाद एक खौफनाक मर्डर हो रहे हैं, हर बार लाश से कोई न कोई अंग गायब मिलता है। लोकल पुलिस परेशान है। इसी बीच दिल्ली से तेज-तर्रार सीबीआई अफसर रिया (वाणी कपूर) बुलाया जाता है, जो केस को अपने ढंग से सुलझाने की कोशिश करती है। एक सस्पेंडेड पुलिस अफसर विक्रम (वैभव गुप्ता) इसमें रिया की मदद करता है। दोनों जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, केस और भी खौफनाक मोड़ लेने लगता है।*



**अभिनय** : सुरवीन चावला ने अपने किरदार में जान डाल दी है। वैभव गुप्ता की आंखों में जो गुस्सा और टूटा हुआपन दिखता है, वो दिल को छूता है। वाणी कपूर ने भी सीबीआई अफसर के रोल में अच्छा काम किया है, बस उनका ट्रैक थोड़ा अधूरा सा लगता है, लेकिन बोर नहीं करता। कहानी थोड़ी अलग है। कैमरा वर्क और लोकेशन्स जैसे कि गांव की गलियां, पुरानी हवेलियां और डरावने जंगल वाकई लाजवाब हैं। सीरीज का लुक एंड फील एकदम ग्रिपिंग है।

**कमजोरी** : कहानी में इतने पेंच हैं कि कई बार दिमाग चकरा जाता है। असली विलेन कौन है, ये समझते-समझते काफी वक्त लग जाता है। कुछ एपिसोड थोड़े स्लो लग सकते हैं, खासकर अगर आप बिंज-वॉच के मूड में हो तो धैर्य रखना जरूरी है। क्लाइमैक्स की बात करें तो वो थोड़ा हल्का-सा लगता है, मतलब शुरुआत जितनी डरावनी थी, एंडिंग उतनी दमदार नहीं है।

### कहानी ने छू लिया था लोगों के दिलों को, झटक लिए थे 49 अवॉर्ड

## 12 साल पहले सैयारा जैसा ही था इस मूवी का क्रेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक फिल्म सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दनादन नोट छाप रही है। ऐसा ही क्रेज 12 साल पहले एक फिल्म का भी था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अंधाधुंध कमाई की थी। अवॉर्ड जीतने के मामले में तो इतिहास ही रच दिया था। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आशिकी 2'। 'आशिकी 2' एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका डायरेक्शन मोहित सूरी ने किया है। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर लीड किरदारों में नजर आए थे। यह एक ऐसी लव स्टोरी फिल्म है, जिसकी कहानी ने लोगों के दिलों को छू लिया था।. खास यंगस्टर्स के बीच इसका खूब क्रेज देखने को मिल था।

### बजट से सात गुना की थी कमाई

बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की 'आशिकी 2' 15 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। भारत में फिल्म ने 78.64 करोड़ और दुनियाभर में 109 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 7 गुना से ज्यादा कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। आईएडीबी के मुताबिक, मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी 'आशिकी 2' ने टोटल 49 अवॉर्ड जीते थे। आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म की रेटिंग 10 में से 7.1 है। इसकी कहानी आज भी लोगों के दिलों बसी हुई है।



### सुपरहीट हुए थे गाने

जैसा क्रेज इन दिनों अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' का है, वैसे ही क्रेज साल 2013 में 'आशिकी 2' को लेकर भी देखने को मिला था। 'तुम ही हो, सुन रहा है, चाहू मैं या ना, मेरी आशिकी, बुला देना जैसे गाने सुपरहिट हुए थे। 'आशिकी 2' का क्लाइमैक्स बहुत इमोशनल कर देना वाला है।

### फिल्म की कहानी

*कहानी शुरू होती है राहुल जयकर आदित्य (रॉय कपूर) से, जो एक मशहूर सिंगर है, लेकिन अब शराब की लत के कारण उसका करियर बर्बादी की ओर है। एक दिन वह गोवा में एक छोटे से बार में आरोही (श्रद्धा कपूर) को गाना गाते सुनता है, जो होटल में गाना गाकर अपने परिवार का गुजारा करती है। राहुल उसकी आवाज से इतना प्रभावित होता है कि उसे एक सफल सिंगर बनाने का फैसला कर लेता है। राहुल, आरोही को मुंबई लाता है और उसके कॅरियर को संवारने में पूरी मदद करता है। आरोही की गायकी लोगों को बहुत पसंद आती है और वह धीरे-धीरे स्टार बन जाती है। इस बीच दोनों के बीच प्यार भी गहराने लगता है। हालांकि, राहुल का अपना कॅरियर खत्म हो चुका होता है और उसे यह लगने लगता है कि उसकी मौजूदगी आरोही के लिए बोझ बनती जा रही है। इसके बाद 'आशिकी 2' कहानी बड़ा मोड़ लेती है।*

# शतरंज की दुनिया में भारत के लिए ऐतिहासिक पल, महिला विश्व कप की ट्रॉफी पहली बार देश में आएगी

बातुमी (जॉर्जिया)। स्टार महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख शनिवार को होने वाले फिडे महिला विश्व कप फाइनल में एक-दूसरे के सामने होंगी, जिससे पहली बार इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी विजेता बनेगा। इस प्रतियोगिता के इतिहास में यह पहली बार है जब दो भारतीय फाइनल में आमने-सामने होंगी।

## फिडे महिला विश्व कप : अपने से आधी उम्र की हमवतन दिव्या से भिड़ेंगी हम्पी


### 'शतरंज प्रेमियों के लिए खुशी का पल अब खिताब भारत के पास आएगा

हम्पी ने कहा, 'शतरंज प्रेमियों के लिए यह सबसे खुशी के पलों में से एक है क्योंकि अब खिताब निश्चित रूप से भारत के पास जाएगा। लेकिन निश्चित रूप से एक खिलाड़ी के रूप में कल का मैच भी काफी कठिन होगा। दिव्या ने इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।' हम्पी से आधी उम्र की अंतरराष्ट्रीय मास्टर देशमुख इस प्रतियोगिता में शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर उलटफेर कर चुकी हैं। उनका पहला शिकार चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जिनर झू थीं, जिन्होंने डी. हरिका को बाहर कर दिया था। नागपुर की 19 वर्षीय देशमुख ने सेमीफाइनल में चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टैन को हराया।



### विजेता को मिलेंगे 50 हजार अमेरिकी डॉलर

टूर्नामेंट के विजेता को 50 हजार अमेरिकी डॉलर और दूसरे स्थान पर रहने वाले को 35 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। दोनों भारतीयों ने अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। आठ खिलाड़ियों के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अगले विश्व महिला चैंपियनशिप मैच में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन की वेनजुन जू के प्रतिद्वंद्वी का फैसला होगा।



### मैं और बेहतर खेल सकती थी : दिव्या

दिव्या फाइनल में पहुंचने के बाद कहा, 'मुझे बस थोड़ी नींद और थोड़ा खाना चाहिए। इन दिनों मैं काफी चिंतित हूं।' देशमुख ने अपनी सेमीफाइनल बाजी के बारे में कहा, 'मुझे लगता है कि मैं और बेहतर खेल सकती थी। एक समय मैं जीत रही थी और फिर चीजें मुश्किल हो गई। मुझे लगता है कि मैंने बीच में गलती कर दी, वर्ना मुझे और भी आसान जीत मिल सकती थी।' उन्होंने कहा, 'मुझे लग रहा था कि यह ड्रॉ रहेगा। पर अंत में मैं भाग्यशाली रही।' हम्पी को प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन स्विट्जरलैंड की एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक ने टाईब्रेकर तक खींचा और इसके बाद उन्होंने युक्सिन सोंग के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

### महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए किया क्वालीफाई

हम्पी और देशमुख दोनों ने यहां फाइनल में पहुंचकर अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है।बड़े मुकाबलों में खेलने के अपने अनुभव के आधार पर हम्पी फाइनल में हमवतन देशमुख के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगी। हम्पी ने बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को टाईब्रेकर में हराकर जीत हासिल की जबकि देशमुख ने अंतिम-चार चरण के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की ही झोंगयी टैन को हराया। अड़तीस वर्षीय ग्रैंडमास्टर हम्पी विश्व महिला रैपिड टूर्नामेंट की विजेता थीं और हाल में महिला ग्रां प्री में भी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं।

### हम्पी का दृढ़ संकल्प और प्रतिभा सराहनीयः नायडू

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अपने राज्य की खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को फिडे महिला शतरंज विश्व कप फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका दृढ़ संकल्प और प्रतिभा सराहनीय है। नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को फिडे महिला शतरंज विश्व कप फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई।' मुख्यमंत्री ने उन्हें फाइनल के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। फाइनल में उनका सामना हमवतन दिव्या देशमुख से होगा।

## खबर संक्षेप



### यूपी वॉरियर्स के मुख्य कोच बने नायर

**मुंबई।** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की फ्रेंचाइजी यूपी वारियर्स ने अपना मुख्य कोच नियुक्त किया। नायर को हाल ही में भारतीय पुरुष टीम के सहायक कोच के पद से हटा दिया गया था। वह एक साल से भी कम समय तक भारतीय टीम से जुड़े रहे। वॉरियर्स में वह जॉन लुईस की जगह लेंगे, जिनसे फ्रेंचाइजी ने हाल में नाता तोड़ दिया था। यह पहला अवसर नहीं है जबकि नायर वॉरियर्स की टीम के साथ काम करेंगे। वह टूर्नामेंट के पहले सत्र के दौरान भी टीम की मदद कर चुके हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने वाले नायर ने 2019 में संन्यास लेने से पहले भारत के लिए तीन एकदिवसीय मैच भी खेले। इसके बाद वह कोचिंग से जुड़ गए। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में जब आईपीएल का खिताब जीता था तब नायर उसके सहायक कोच थे। उन्होंने 2018 में केकेआर अकादमी के कोच के रूप में भी काम किया है और 2022 में कैरेबियन प्रीमियर लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) के मुख्य कोच थे।

### बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** महिला बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की लेकिन संकेत दिया कि वह किसी अन्य भूमिका में खेल से जुड़ी रहेंगी। वेदा ने 48 वनडे और 76 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने क्रमशः 829 और 875 रन बनाए हैं। वेदा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'एक छोटे शहर की बड़े सपने रखने वाली लड़की से लेकर गर्व से भारतीय टीम की जर्सी पहनने तक। क्रिकेट ने मुझे जो भी सबक, लोग और यादें दीं हैं, उनके लिए आभारी हूं। अब खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है, लेकिन खेल को नहीं। हमेशा भारत के लिए। हमेशा टीम के लिए उपलब्ध रहूंगी। कर्नाटक के पूर्व क्रिकेटर अर्जुन होयसला से विवाह करने वाली 32 वर्षीय वेदा आखिरी बार 2020 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान देश के लिए खेली थीं। उनका आखिरी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच 2018 में था।



### कारगिल दिवस पर द्रास में पदयात्रा में भाग लेंगे खेल मंत्री

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को द्रास में पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे, जिसमें 1 हजार से अधिक युवा स्वयंसेवक, पूर्व सैनिक, सशस्त्र बलों के कर्मी, शहीद सैनिकों के परिवार और आमजन भाग लेंगे। मांडविया के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी कारगिल विजय दिवस पदयात्रा में शामिल होंगे, जिसका आयोजन मेरा युवा भारत की ओर से किया जा रहा है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने कहा कि 'केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के नेतृत्व में पदयात्रा में 1 हजार से अधिक युवा, पूर्व सैनिक, सशस्त्र बल कर्मी, शहीदों के परिवार और नागरिक समाज के सदस्य भी भाग लेंगे।' '

## चौथा टेस्ट : विकेट के लिए तरसी टीम इंडिया

# इंग्लैंड ने भारत पर बनाई लीड, रूट का शतक, सेंध लगाने में गेंदबाज नाकाम

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारत-इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर जारी है। तीसरे दिन इंग्लैंड टीम अपनी पहली पारी में बैटिंग कर रही है। इंग्लैंड का स्कोर चाय के समय 433 रन है और उसके 4 विकेट गिरे हैं। रूट ने अपना शतक पूरा कर लिया है। मुकाबले में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 358 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाज इंग्लैंड की बल्लेबाजी में सेंध लगाने में नाकाम रहे।

इंग्लिश टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे है। अगर भारतीय टीम यह मुकाबला हार जाती है तो इंग्लैंड सीरीज अपने नाम कर लेगा। इंग्लैंड ने पहले पारी में भारत पर लीड बनाई है।

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 38वां शतक जमाया है। रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में मैच के तीसरे दिन जो रूट ने 178 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और इसके साथ ही श्रीलंकाई बल्लेबाज कुमार संगाकारा की बराबरी भी कर ली। इतना ही नहीं, इस सीरीज में रूट का ये लगातार दूसरा शतक है।



### टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी

रूट ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। रूट ने जैसे ही 120 रन पूरे किए, वो रिकी पॉन्टिंग, राहुल द्रविड़ और जैक कैलिस को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने 13379 रन पर पहुंचते ही ये मुकाम हासिल किया।

### रूट ने तोड़ा डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड

मैनचेस्टर टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार इंग्लैंड ने अपनी पारी 225 रन के स्कोर से आगे शुरू की। दूसरे दिन के खेल के बाद रूट नाबाद लौटे थे और उन्होंने यहीं से आगे खेलना शुरू किया। पहले सेशन में ही रूट ने अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर दूसरे सेशन में इस फिफ्टी को यादगार शतक में तब्दील कर दिया। इस तरह रूट ने टेस्ट सीरीज में अपना दूसरा शतक जमा दिया। अपनी इस शतकीय पारी के दौरान रूट ने डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड तोड़ा और साथ ही टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन के मामले में दूसरा स्थान भी हासिल कर लिया।

### स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा


रूट का भारत के खिलाफ इंग्लैंड में ही ये 9वां शतक है। इस तरह किसी एक देश के खिलाफ घर में सबसे ज्यादा शतक जमाने का रिकॉर्ड अब रूट के नाम हो गया है। रूट ने लॉर्ड्स के बाद ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में भी शतक जमा दिया। इसके साथ ही उन्होंने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक का रिकॉर्ड बना दिया। रूट के अब 12 शतक हैं और उन्होंने स्टीव स्मिथ (11) को पीछे छोड़ दिया।

### संगाकार की बराबरी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 38वां शतक जमाया है। इस तरह उन्होंने पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा की बराबरी कर ली। संगाकारा ने 134 टेस्ट में इतने शतक जमाए थे। वहीं रूट का ये 157वां टेस्ट है।

## डेविस कप

# स्विट्जरलैंड दौरे के लिए टीम घोषित, नागल-युकी की वापसी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की दो साल के अंतराल तो वहीं युगल खिलाड़ी युकी भांबरी की पिछले दो मुकाबलों से बाहर रहने के बाद डेविस कप टीम में वापसी हुई। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति ने स्विट्जरलैंड की मेजबानी में होने वाले मैच के लिए आठ सदस्यीय टीम का चयन किया है। भारत 12 सितंबर से इंडोर कोर्ट पर खेले जाने वाले विश्व ग्रुप एक के पहले दौर के मुकाबले के लिए बील शहर की यात्रा करेगा।

### इन खिलाड़ी को मौका

नागल (विश्व रैंक 306) के अलावा करण सिंह (403) और युवा आर्यन शाह (442) को एकल खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। शशिकुमार मुकुंद (463) और प्रतिभावान दक्षिणेश्वर सुरेश (790) इस मुकाबले के लिए रिजर्व (वैकल्पिक) एकल खिलाड़ी होंगे। शीर्ष रैंक वाले भारतीय युकी (विश्व रैंक 35) और एन श्रीराम बालाजी (75) युगल खिलाड़ी के रूप में टीम में चुने गए हैं, जिसमें ऋत्विक बोलिपल्ली (77) रिजर्व खिलाड़ी होंगे। नागल का खेल धीमी कोर्ट के लिए सबसे उपयुक्त है।

### रामकुमार रामनाथन टीम से बाहर

डेविस कप के पूर्व कोच नंदन बल के नेतृत्व वाली चयन समिति ने रामकुमार रामनाथन को टीम से बाहर कर दिया। उनका बाहर किया जाना अपेक्षित था क्योंकि 30 वर्षीय खिलाड़ी इस सत्र में अच्छी लय में नहीं है। भारत ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप के तीन मुकाबलों में दो बार जीत हासिल की है। पिछली बार दोनों टीमें 1993 में कलकत्ता साउथ क्लब के ग्रास कोर्ट पर भिड़ी थीं, जहां मेजबान भारत ने स्विट्जरलैंड को 3-2 से हराया था। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम 2026 डेविस कप क्वालिफायर में प्रतिस्पर्धा करेगी, जबकि हारने वाले देश को अगले साल विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ में वापस जाना होगा।

### डेविस कप टीम

**एकल :** सुमित नागल, करण सिंह और आर्यन शाह।
**युगल :** युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी।
**रिजर्व :** दक्षिणेश्वर सुरेश, शशिकुमार मुकुंद और रित्विक बोलीपल्ली।

## एशिया जूनियर चैंपियनशिप

# तन्वी-वेन्नाला ने बनाई सेमीफाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶| मसोलो (इंडोनेशिया)

भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोतला ने बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी ने महिला एकल में अपना दबदबा कायम रखते हुए इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त थालिता रमधानी विरयावान को 35 मिनट के मुकाबले में 21-19, 21-14 से हराया। तन्वी पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में रही हैं और अब तक अपने सभी मैच सीधे गेम में जीते हैं। दूसरी ओर वेन्नाला ने 58 मिनट के रोमांचक मुकाबले में थाईलैंड की जान्यापोर्न मीपैन्थोंग पर 21-18, 17-21, 21-17 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। सेमीफाइनल में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के सामने चीन के खिलाड़ियों की चुनौती होगी। तन्वी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त यिन यी किंग से होगा जबकि वेन्नाला लियू सी या से भिड़ेंगी।

## 17 वर्षीय उन्नति नहीं रख पाई लय बरकरार, टूर्नामेंट से हुई बाहर



**चांग्झू (चीन)।** भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। हुड्डा के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया।

# ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी हॉकी टीम तय हुई चार मैचों की सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी एशिया कप की तैयारियों के तहत 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में होने वाली चार मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 15, 16, 19 और 21 अगस्त को छठे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की टीम का सामना करेगी। सभी मैच पर्थ में खेले जाएंगे। एशिया कप का आयोजन 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले वर्ष के एफआईएच विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।



### एफआईएच प्रो लीग में दोनों टीमों का हुआ था आमना सामना

हॉकी इंडिया के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'यह दौरा बिहार में होने वाले हीरो एशिया कप से ठीक पहले महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है। भले ही यह मैत्रीपूर्ण श्रृंखला है लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से हमें खुद को परखने का अच्छा मौका मिलेगा।' हाल ही में यूरोप में एफआईएच प्रो लीग में दोनों टीमों का आमना सामना हुआ था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने दोनों चरणों में भारत को 3-2 से हराया था।

## अंतर शालेय कराते चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मार्गदर्शन में शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला हिन्दी गोहलपुर में जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाज़रा की उपस्थिति में दो दिवसीय 69 वी अंतर जिला शालेय कराटे चयन प्रतियोगिता 14, 17, 19 वर्ष मिनी, जूनियर और सीनियर बालकों के विभिन्न वजन ग्रूप के लगभग 25 शालाओं के 300 खिलाड़ियों में से जिनका ऑनलाइन पंजीयन में चयन हुआ था उन्होंने हिस्सा लिया L जिसमें 30 राज्य एवं राष्ट्रस्तरीय निर्णायकों ने बिना किसी पक्षपात के चयन प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। कराटे चयन प्रतियोगिता की आयोजक माध्यमिक शाला हिन्दी गोहलपुर की प्रधान अध्यापिका सुश्री सीमा पटेल, मीनुकान्त शर्मा, रॉबर्ट मार्टिन, चन्द्रशेखर स्वामी, राजेंद्र धवलपूरी, मीनल चैतन्य, माधुरी शर्मा, हेमलता तिवारी, प्रकाश यादव, शीला चौहान, दिनेश गोंड, सुधीर अवधिया आदि ने चयन प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।



## तीरंदाजी : द. कोरिया के येरिन और सेउंगह्यून को फाइनल में हराया

# विश्व विश्वविद्यालय खेल : परनीत-दलाल ने मिश्रित कंपाउंड में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| राइन-रूहर (जर्मनी)

भारत की परनीत कौर और कुशल दलाल ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) की मिश्रित कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के येरिन पार्क और सेउंगह्यून पार्क को हराकर स्वर्ण पदक जीता। परनीत और दलाल की जीत से भारत ने इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।

दिन में तीरंदाजी टीम स्पर्धाओं में भारत ने दो अन्य पदक भी जीते। इन दोनों तीरंदाजों को निराशा का सामना करना पड़ा क्योंकि दलाल को पुरुष टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि एशियाई खेलों की टीम स्वर्ण पदक विजेता परनीत ने महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी ने मिश्रित जोड़ी स्पर्धा में 157-154 से जीत हासिल की।



### भारत और पदक जीतने की दौड़ में

भारत और पदक जीतने की दौड़ में बना हुआ है, जिसमें दलाल और जाधव शनिवार को पुरुषों के व्यक्तिगत सेमीफाइनल के लिए तैयार हैं। परनीत भी व्यक्तिगत पोडियम स्थान पर नजर गड़ाए हुए हैं और सेमीफाइनल में उनका सामना दक्षिण कोरिया की एस किम से होगा।

### पुरुष टीम महज एक अंक से हारी

इससे पहले परनीत, अवनीत कौर और मधुरा धामनगांवकर की महिला कंपाउंड टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में ब्रिटेन की क्लो एबियर, हैली बोल्टन और ग्रेस चैपल को 232-224 से हराकर भारत का खाता खोला। दलाल, साहिल जाधव और ऋतिक शर्मा की पुरुष कंपाउंड टीम स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंच गई और 174-174 की बराबरी पर थी लेकिन तुर्की के बाउहान अक्काओग्लू, यूनुस एमरे अर्सलान और याकुम यिल्डिज से महज एक अंक से हार गई।

### देव मीणा ने फाइनल में बनाई जगह

**बोचुम (जर्मनी)।** देव कुमार मीणा ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में 5.40 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इस 20 साल के खिलाड़ी ने ग्रुप एक क्वालिफिकेशन चरण में पांचवां और कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया। उन्होंने अप्रैल में कोच्चि में फेडरेशन कप के दौरान बनाए गए अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 5.35 मीटर में 0.05 मीटर का सुधार किया। उन्होंने 5.05 मीटर से शुरुआत करते हुए इसे अपने पहले प्रयास में पार कर लिया।



## हाई कोर्ट ने जनहित याचिका पर दिए निर्देश

**राज्य शासन व मुख्य सचिव सहित अन्य को नोटिस**

# प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर कुपोषण की स्टेटस रिपोर्ट पेश करें

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों को कुपोषण की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के सख्त निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया है। कोर्ट ने राज्य शासन व मुख्य सचिव सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है।

जबलपुर निवासी दिपांकर सिंह की ओर से जनहित याचिका दायर की गई। अधिवक्ता अमित सिंह सेंगर ने कोर्ट को बताया कि प्रदेश में कुपोषण की स्थिति भयावह है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से कागजी आंकड़ेबाजी कर वास्तविक तस्वीर को छिपाने की अनुचित कवायद जारी है। लिहाजा, वास्तविक सूरतेहाल की रिपोर्ट तलब की जानी चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि वस्तुस्थिति के अनुरूप दिशा-निर्देश जारी कर नौनिहालों को कुपोषण से उबारने की दिशा में ठोस प्रयास सुनिश्चित हो सकें।



### पोषण ट्रेकर व स्वास्थ्य सर्वे में मप्र दूसरे स्थान पर

याचिकाकर्ता की ओर से अवगत कराया गया कि पोषण ट्रेकर 2.0 व स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार मप्र की स्थिति कुपोषण के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है। यह स्थिति वाकई बेहद चिंताजनक है। इसकी बड़ी वजह शासकीय योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरखा व पर्यवेक्षण में गंभीर लापरवाही है। पोषण आहार में प्रोटीन-विटामिन की कमी के कारण बच्चे ठिगने और दुर्बल हो रहे हैं। अंडरवेट के सिलसिले में मप्र दूसरे स्थान पर आ गया है। 2025 में तीन प्रतिशत का इजाफा परिलक्षित हुआ है।

### कैग की रिपोर्ट में रेखांकित हुआ भ्रष्टाचार

याचिकाकर्ता के अनुसार अबोध बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण आहार के वितरण व परिवहन में गंभीर अनियमितता की शिकायतें सामने आई हैं। कैग की रिपोर्ट में पोषण आहार के परिवहन व गुणवत्ता में भ्रष्टाचार रेखांकित हुआ है। 858 करोड़ का घोटाला 2025 में ही उजागर हुआ है। इसके बावजूद सरकार की ओर से जिम्मेदारों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं की गई ।

### 10 लाख से अधिक बच्चे कुपोषण के शिकार

याचिकाकर्ता की ओर से अवगत कराया गया कि प्रदेश में लगभग 66 लाख बच्चे शून्य से छह वर्ष के हैं, जिनमें से 10 लाख से अधिक कुपोषण से ग्रस्त हैं। जिनमें से एक लाख 36 हजार से अधिक गंभीर कुपोषण से ग्रस्त हैं। वहीं महिलाओं में एनीमिया की दर 57 प्रतिशत है।

### जबलपुर में ही एक करोड़ 80 लाख का किराया भुगतान

बहस के दौरान दलील दी गई कि अकेले जबलपुर में एक करोड़ 80 लाख का किराया आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भुगतान किया गया। जिनमें बच्चे नाममात्र के हैं। मप्र में 40 से 50 बच्चे प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत हैं, लेकिन उनकी उपस्थिति संख्या अत्यंत न्यून है। इसके बावजूद 40-50 बच्चों के हिसाब से मध्यान्ह भोजन व अन्य सुविधाओं का भुगतान जारी है। यही भ्रष्टाचार कुपोषण का मूलाधार है। हाल ही में रीवा के एक प्लांट में पोषण आहार पैरों से रौंदकर बनाए जाने का वीडियो वायरल हुआ था।

### विदिशा में ठिगने बच्चों की लंबाई अधिक बताई

हाईकोर्ट को बताया गया कि विदिशा में बाल विकास विभाग द्वारा ठिगने बच्चों की लंबाई अधिक बताकर झूठी रिपोर्ट राज्य शासन को भेजी गई। कमोवेश यही हाल राज्य के सभी जिलों का है। लिहाजा, जमीनी हकीकत को दर्शाती स्टेटस रिपोर्ट अनिवार्य है।

**हाईकोर्ट ने कहा, मध्यप्रदेश को मप्र या एमपी लिखने के खिलाफ दायर जनहित याचिका निरस्त**

# विदेश में भी लिखे जाते हैं संक्षिप्त नाम

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि मध्य प्रदेश को मप्र या एमपी लिखे जाने से उसका नाम नहीं बदलता बल्कि राज्य की पहचान और आसान हो जाती है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में शब्दों के संक्षिप्तीकरण प्रयुक्त किए जाते हैं। यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका को यूएसए और यूनाइटेड किंगडम को यूके लिखा जाता है। इस मत के साथ कोर्ट ने मध्य प्रदेश को संक्षिप्त रूप से मप्र या एमपी लिखे जाने के खिलाफ दायर याचिका निरस्त कर दी।

भोपाल निवासी वीके नस्वा ने याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने स्वयं अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि हमारे प्रदेश का संवैधानिक नाम मध्य प्रदेश है। इसके बावजूद 90% लोग बोलचाल में और 80% लोग लिखापढ़ी में इसे एमपी या मप्र कहते हैं। कोर्ट से आग्रह किया गया कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को समुचित कदम उठाने के लिए निर्देशित किया जाए, ताकि राज्य का नाम मप्र या एमपी ना लिखा पढ़ा जाए।

### यह कहा कोर्ट ने

सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि लेखन में जगह और समय बचाने के लिए शब्दों के संक्षिप्तीकरण प्रयोग किए जाते हैं। यह लेखन को तेज और अधिक आसान बनाते हैं। कुछ जगहों में राज्यों के कोड के लिए यह संक्षिप्तीकरण जरूरी होता है। वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबरों में देश भर में राज्यों के संक्षिप्त नाम प्रयुक्त किए जाते हैं। टैक्स संबंधी कार्यों में भी राज्यों के कोड प्रयुक्त होते हैं। न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में इस तरह की संक्षिप्त नाम प्रयुक्त किए जाते हैं। इससे राज्य का नाम नहीं बदलता, बल्कि उसकी पहचान और आसान हो जाती है। याचिकाकर्ता इस मामले में क्या जनहित निहित है, यह नहीं बता पाए। यह कहते हुए कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

**पूर्व आदेश की नाफरमानी का मामला**

# प्रमुख सचिव नगरीय विकास व आवास को अवमानना नोटिस

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की नाफरमानी पर प्रमुख सचिव नगरीय विकास व आवास विभाग को अवमानना नोटिस जारी किए। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने सभी से जवाब-तलब किया है। अवमानना याचिकाकर्ता कटनी निवासी गायत्री सोनी, मनहरनलाल दुबे व अंजना अग्रवाल की ओर से याचिका दायर की गई।अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ताओं ने कटनी नगर सुधार न्यास(वर्तमान में कटनी नगरपालिका निगम) में लीज रेंट जमा किया था। द्वुगरी नाला स्थित भूमि पर नगर सुधार न्यास की योजना क्रमांक-दो में आवासीय कालोनी विकसित किया गया जाना था। वहां प्लाटों का आवंटन 30 वर्षों के लिए किया था। जिसके लिए लीज रेंट जमा किया गया। लेकिन सीमांकन करा कर कब्जा, आधिपत्य नहीं सौंपा गया। इसके खिलाफ पूर्व में हाईकोर्ट की एकलपीठ में याचिका दायर की गई थी। जिसके निरस्त होने पर खंडपीठ में अपील दायर की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 30 वर्ष से आवंटन न मिलने के रवैये को गंभीरता से लिया गया। प्रमुख सचिव नगरीय विकास व आवास विभाग को छह सप्ताह में जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस प्रक्रिया में अपीलकर्ताओं को सुनवाई का अवसर देने के निर्देश दिए गए। लेकिन आदेश का नियत समयावधि में पालन सुनिश्चित नहीं किया गया। इसीलिए अवमानना याचिका दायर की गई है।

**हाईकोर्ट का निर्देश**

# पदोन्नत प्रोफेसर्स को तीन किश्तों में एकेडमिक ग्रेड-पे का करो भुगतान



**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि पदोन्नत प्रोफेसर्स को तीन किश्तों में एकेडमिक ग्रेड पे (एजीपी) का भुगतान किया जाए। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि पहली किश्त 4 माह के भीतर और पूरी तीनों किश्तें 31 दिसंबर 2026 तक भुगतान कर दें। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट ने 12 साल पहले इस मामले की वैधानिक पहलू का निराकरण कर दिया था। इसके बावजूद सरकार इसे 12 वर्षों से लटकाए है। कोर्ट ने साफ कहा कि यदि उक्त समयावधि में भुगतान नहीं होता तो प्रमोटी प्रोफेसर्स 6 फीसदी ब्याज पाने के हकदार हैं।

प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ भोपाल व अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था कि सीधी भर्ती के जरिए नियुक्त प्रोफेसर्स और पदोन्नत होकर प्रोफेसर्स बनने वालों के बीच सरकार भेदभाव कर रही है। डायरेक्ट प्रोफेसर्स को एजीपी का भुगतान किया जाता है, लेकिन पदोन्नत प्रोफेसर्स इससे वंचित हैं। पूर्व में हाईकोर्ट ने इस मुद्दे का निराकरण किया था। इसके बाद सरकार ने एक आदेश जारी कर इसे प्रभावशील किया, लेकिन भुगतान नहीं किया गया था। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से दलील दी गई कि इस भुगतान से सरकार पर बहुत अधिक आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसलिए पहली किश्त दिसंबर 2025, दूसरी जुलाई 2026 और तीसरी किश्त जुलाई 2027 में भुगतान करेंगे। कोर्ट ने सरकार के उक्त प्लान को अस्वीकार करते हुए उक्त निर्देश दिए।

**सहारा समूह संपत्ति बिक्री में वित्तीय अनियमितताओं का हुआ पर्दाफाश**

# जबलपुर, कटनी से जुड़े मामलों में ईओडब्ल्यू ने की एफआईआर

हरिभूमि जबलपुर।

सहारा समूह द्वारा निवेशकों की राशि में की गई बड़ी वित्तीय अनियमितताओं का पर्दाफाश हुआ है। राज्य आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) द्वारा की गई विस्तृत जांच में जबलपुर ज़िले से जुड़ी गम्भीर गड़बड़ियां सामने आई हैं। समूह द्वारा जबलपुर में लगभग 99.44 एकड़ भूमि का विक्रय 20.60 करोड़ में किया गया था, जिसमें से 17.07 करोड़ की राशि तो सेबी सहारा रिफंड खाते में जमा कर दी गई, लेकिन शेष 3.53 करोड़ की राशि अवैध रूप से अन्य मदों में खर्च कर दी गई।

ईओडब्लयू के डीजी उपेंद्र जैन ने बताया कि ईओडब्लयू की जांच में सामने आया है कि जबलपुर और कटनी दोनों ही जिलों में भूमि विकास व्यय, कस्टमर लायबिलिटी, और विविध शासकीय कर जैसे संदिग्ध मदों के नाम पर कुल 9.06 करोड़ की कटौतियाँ की गईं, जिनमें जबलपुर का हिस्सा 3.53 करोड़ बताया गया है। जांच में सामने आया है कि इन व्ययों में से कई फर्जी या अनौचित्यपूर्ण हैं, जैसे कि 'अखिलेश रियलिटी' और अन्य अस्पष्ट खर्चे। अब तक की जांच में सहारा समूह के वरिष्ठ अधिकारी सीधे तौर पर शामिल पाए गए हैं। सहारा प्रमुख सुब्रत रॉय के पुत्र सीमांतो रॉय को जबलपुर और कटनी की भूमि बिक्री के फैसलों में मुख्य भूमिका निभाते हुए पाया गया। उनके साथ-साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों जे.बी. रॉय और ओ.पी. श्रीवास्तव पर भी आरोप लगे हैं।

ईओडब्लयू ने प्रारंभिक जांच में पाया कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सहारा समूह द्वारा संपत्ति विक्रय से प्राप्त राशि को सीधे सेबी खाते में जमा नहीं किया गया, बल्कि उसे अपनी सहायक कंपनियों और कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ के खातों में ट्रांसफर कर लिया गया।

जांच में यह भी उजागर हुआ कि विक्रय प्रक्रिया में उपयोग किए गए प्रतिनिधि भी सिर्फ दिखावे के लिए नियुक्त किए गए थे, और वे वास्तव में सहारा समूह के कर्मचारी ही थे। इनकी नियुक्ति बोर्ड मीटिंग या वैधानिक प्रक्रिया के तहत नहीं की गई थी। जबलपुर के अलावा भोपाल, सागर, कटनी और ग्वालियर से जुड़ी संपत्तियों की बिक्री में भी भारी अनियमितताएं पाई गई हैं, जिससे कुल मिलाकर 72.82 करोड़ की राशि का दुरुपयोग किया गया।

## मना करने के बाद भी घर आने पर की मारपीट

**जबलपुर**। कटंगी थाना अतंर्गत शीशनगर मोहल्ला कटंगी में मना करने के बाद भी युवक के घर जाने पर आरोपी इस कदर नाराज हो गया कि उसने युवक के साथ मारपीट कर दी। हमले में घायल युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शीशनगर मोहल्ला कटंगी निवासी सवदर खान मजदूरी करने कटंगी कस्बा गया था। रात लगभग 8.30 बजे बगल में रहने वाला बाकिर खान, सवदर खान से लड़ाई झगड़ा कर गालियां दे रहा था, सवदर ने कहा मेरे घर में क्यों आता है तुझे घर आने से मना किया था इसी बात पर बाकिर खान ने सबदर को उठाकर पटक दिया और लाठी से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

**उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को गंभीरता से लेते हुए 11 अगस्त तक मांगा जवाब**

# मौके पर तालाब था या नहीं अगर था तो सुरक्षित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे है : हाईकोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

ग्राम पंचायत डिघौरा में तालाब को नष्ट कर पानी टंकी निर्माण का मामला उच्च न्यायालय जबलपुर पहुंचा था जिसकी तीसरी बार सुनवाई 21 जुलाई को हुई जिसमें प्रतिवादियों द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया है।

याचिकाकर्ता के वकील का कहना है कि बारिश के मौसम में जो पूर्व में तालाब नष्ट किया गया था उसको समय रहते ठीक कराना चाहिए क्यों कि बारिश का मौसम निकलजाने से तालाब में पानी नहीं भर सकेगा जिससे ग्रामीणों को गर्मियों में समय होगी, क्योंकि उस जगह पर एक तालाब था जिसको कुछ लोगों ने जानबूझ कर मशीनों से नष्ट कर दिया गया है जिससे जल भराव नहीं हो सके जिसकी शिकायत जन सुनवाई सहित संबंधित विभिन्न के अधिकारियों को भी लिखित में दिया जा चुका है, इसके पूर्व जिसे अब नष्ट किया गया है उस पर कंक्रीट का ढांचा खड़ा करने की कोशिश की जा रही थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्त का कहना है कि बरसात में तालाब पानी से भर जाता अगर उसको ठीक कर दिया जाए नहीं तो बारिश के बाद तालाब में पानी नहीं भर सकता।

याचिकाकर्ता के वकील ने आगे कहा कि अनुलग्नक पी-1 एक दस्तावेज है जो दर्शाता है कि विषयगत तालाब पर 3,32,962 रुपये की राशि खर्च की गई थी। जिस उपरोक्त के मद्देनजर, माननीय मुख्य न्यायाधीश ने 11.08.2025 तक प्रतिवादीगण को एक हलफनामा दाखिल करने को आदेशित किया है जिसमें यह दर्शाया जाएगा कि क्या मौके पर कोई तालाब था या नहीं और यदि था तो तालाब के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें की ग्राम पंचायत मुख्यालय में जल निगम के द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से पानी की टंकी का निर्माण गलत तरीके से तालाब के बीचों बीच कराया जा रहा था जिसका विरोध गांव के समस्त लोगों ने यह कह कर किया कि डिघौरा में पर्याप्त मात्रा में शासकीय भूमि खाली पड़ी है जिस पर टंकी का निर्माण किया जा सकता है परंतु ग्राम पंचायत द्वारा जल निगम विभाग को कूटरचित तरीके से तालाब के अंदर खसरा नं 747 पर टंकी बनाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया था। जिस संबंध में ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित आवेदन अवगत कराया गया था परंतु ग्रामीणों की सुनवाई न होने के कारण लगातार मनमानिक तरीके से तालाब को नष्ट करके टंकी का निर्माण करने लगा था। जिस पर मैं पंचायत का निर्वाचित पंच होने के नाते सार्वजनिक जनता का मुद्दा लेकर माननीय उच्च न्यायालय में अपने विद्वान अधिवक्ता श्याम यादव के माध्यम से जनहित याचिका 9/01/2025 को WP NO. 1118/2025 पंजीबद्ध हुई जिसकी सुनवाई माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश, न्याय मूर्ति विवेक जैन द्वारा इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए 27 जनवरी 2025 को सुनवाई कर मध्य प्रदेश राज्य, प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वल्लभ भवन भोपाल (म.प्र.), मुख्य प्रबंध निदेशक (बुंदेलखंड जोन) म.प्र. जल निगम, 8 जेल रोड, अरेरा हिल्स भोपाल जिला भोपाल (म.प्र.), कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत पन्ना (म.प्र.), प्रबंध निदेशक, जल निगम (परियोजना क्रियावन इक्वाई) पन्ना जिला (म.प्र.), अनुविभागीय अधिकारी गुन्नौर तहसील गुन्नौर जिला पन्ना (म.प्र.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गुन्नौर, जिला पन्ना (म.प्र.) एवं सरपंच ग्राम पंचायत डिघौरा तहसील गुन्नौर जिला पन्ना (म.प्र.) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है जिस पर सरकारी वकील एस. एस. चौहान द्वारा प्रतिवादी संख्या 1,3,4,6 एवं 7 की ओर से नोटिस स्वीकार कर जवाब हेतु समय मांगा जो की दो सप्ताह में देना है। वही प्रतिवादी संख्या 2, 5 और 8 को भी नोटिस जारी किए गए है जिसकी अगली सुनवाई 24 फरवरी 2025 को नियत की गई थी। अगली सुनवाई 20/02/2025 में राज्य के विद्वान अधिवक्ता ने वर्तमान याचिका पर उत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा था, तथा उन्हें यह समय प्रदान किया गया। यदि कोई प्रत्युत्तर हो, तो उसे दो सप्ताह के भीतर दाखिल किये जाने का आदेश दिया। जिसकी अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई थी। माननीय उच्च न्यायालय की गंभीरता को देखते हुए निश्चित तौर पर ग्रामीणों को न्याय मिलेगा तालाब भी सुरक्षित रहेगा जिसमें मवेशी पशु पक्षी एवं ग्रामीणों को भविष्य में इसका उपयोग कर पाएंगे एवं तालाब नष्ट करने बालों पर कड़ी कार्यवाही होगी और पानी टंकी का निर्माण भी तालाब के बाहर अन्य जगह खाली जमीन पर ग्रामीणों के सहमति से हो सकेगा।

## महिला से बात करने के दौरान टोकने पर पत्नी की कर दी पिटाई

**जबलपुर**। पनागर थाना अतंर्गत बजरंग वार्ड में किसी से फोन पर बात कर रहे पति से पत्नी ने इतना पूछा कि किससे बात कर रहे हो इस पर नशेड़ी पति नाराज हो गया और अपनी पत्नी के साथ मारपीट शुरु कर दी, जिससे पत्नी जख्मी हो गई। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग वार्ड स्टेशन रोड देवरी निवासी 25 वर्षीय श्रीमति नंदनी केवट का पति अनिल केवट गत रात 11 बजे शराब के नशे में आया और फोन पर किसी महिला से बात करने लगा, पत्नी ने पूछा किससे बात कर रहे हो, इसी बात पर गालीगलौज कर मारपीट कर होंठ, पीठ, गले तथा हाथ में चोट पहुंचा दी एवं जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




**कुल 7 गेटों से छोड़ा जा रहा पानी, नर्मदा का जलस्तर 3 फीट बढ़ा**

# बरगी बांध के 2 गेट और खुले

हरिभूमि जबलपुर।

लगातार हो रही बारिश और बरगी डेम में तेजी से बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बरगी बांध प्रबंधन ने शुक्रवार सुबह 11 बजे दो और गेट खोल दिए। इससे पहले डेम के पांच गेट पहले से ही खुले थे। अब कुल 7 गेटों से पानी छोड़ा जा रहा है, गेटों की ऊंचाई बढ़ाकर 1.21 मीटर कर दी गई है।

बरगी डेम का जलस्तर 419 मीटर से अधिक पहुंचने के बाद प्रबंधन ने जलनिकासी की मात्रा बढ़ाते हुए 40 हजार 259 क्यूसेक पानी छोड़ा है। इससे पहले पांच गेट आधा-आधा मीटर खोले गए थे, जिनसे करीब 10 हजार 595 क्यूसेक पानी बाहर छोड़ा जा रहा था।



रानी अवंतीबाई सागर परियोजना (बरगी बांध) के कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह गोंड ने बताया कि ऊपरी क्षेत्रों में लगातार बारिश और आगामी तीन दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए गेटों की संख्या और जलनिकासी की मात्रा दोनों में वृद्धि की गई है।

डेम से पानी छोड़ने के चलते नर्मदा नदी का जलस्तर करीब 3 फीट बढ़ गया है। इसके चलते प्रशासन ने पहले ही तटीय क्षेत्रों के नागरिकों को सतर्क कर दिया था। बीती रात से ही पुलिस और प्रशासन ने मुनादी कराकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्रवाई शुरू कर दी थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240